ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

रांची का तापमान
अधिकतम 30°
न्यूनतम 23°

# प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

रांची, सोमवार | 06.11.2023 | वर्ष 10, अंक 302

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

सुविचार

उस ज्ञान का कोई लाभ नहीं, जो समाज के हित में ना हो !



# विधायक ने जयनगरा और बहेरा में पुल निर्माण का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रविवार को चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के जयनगरा व बहेरा गांव के बीच हद हदवा नाला 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुलिया का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है। पुलिया बन जाने से स्थानीय लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने की बात कही। जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि पुल निर्माण की मांग चिर प्रतीक्षित थी जो अब पूरी होने वाली है उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पर बल दिया। मुखिया अरविंद तिवारी ने कहां की पुलिया का निर्माण हो जाने से बहेरा एवं जयनगरा गांव सीधे मुख्य सड़क से जुड़ जाएगा। मुखिया ने इस कार्य के लिए विधायक आलोक चौरसिया व जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह का आभार व्यक्त किया। पुलिया का निर्माण जिला योजना अनबद्ध निधि से 25 लख रुपए की लागत से करायी जानी है। मौके पर मुखिया अरविंद तिवारी, रामकरेश चौरसिया, वार्ड सदस्य मालती देवी, गीता देवी, अमलेश चौरसिया, बद्री प्रसाद, छत्रधारी प्रसाद, देवनाथ यादव, जगतपाल उरांव, अशोक उरांव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मुकुंदपुर वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बने नंदकिशोर प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रविवार को ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में वन सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया। गौरतलब हो कि वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष स्व0 रामप्रवेश वर्मा के आकस्मिक निधन के उपरांत उक्त समिति के अध्यक्ष पद रिक्त था। जिसे लेकर इन दिनों जंगलों की हरी भरी पेड़ों की कटाई जोरों पर हो रही थी। जिसमें इमरती पौधे का भी हर दिन कटाई कर दोहन किया जा रहा था। उसी के आलोक में जंगल विभाग के गार्ड ओमप्रकाश उरांव एवं दयाशंकर सिंह के उपस्थिति में मुकुंदपुर निवासी फरहरी साह के अध्यक्षता में वन सुरक्षा समिति का पुनर्गठन के लिए सार्वजनिक स्थान मुकुंदपुर में एक बैठक किया गया। जिसमें सर्व समिति से नंदकिशोर प्रसाद को अध्यक्ष, सीमा देवी को उपाध्यक्ष, नगीना वियार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर सूर्यनाथ वियार, कैलाश वियार, रामचरित्र चंद्रवंशी, नंदू वियार, उपेंद्र वियार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## लक्ष्मी पूजा समिति के अध्यक्ष बने मुखिया जितेंद्र कुमार भारती व उपाध्यक्ष शत्रुधन साव

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के बारा गांव देवी मंदिर के परिसर मे लक्ष्मी पूजा को लेकर मुखिया जितेंद्र कुमार भारती के अध्यक्षता मे बैठक की गई। इस बैठक मे सर्व सहमति से लक्ष्मी पूजा समिति का गठन किया। जिसमे पंचायत के मुखिया सह अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारती, उपाध्यक्ष शत्रुधन साव, सचिव मनोज कुमार सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष छोटेलाल रजक, संयोजक अशोक राम शिक्षक, मीडिया प्रभारी विश्वप्रेम कुमार को बनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक शिवभजन राम सेवा निवृत शिक्षक, घुठानी राम शिक्षक,नागेश्वर राम, महेश चौधरी, कइल भुइयाँ, राम नरेश राम, राम प्रवेश राम, संतोष ठाकुर, जगलाल चौधरी, लक्ष्मण राम, राजेंद्र कुमार रमन को बनाया गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया और साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। इस बैठक मे अशोक राम, संतन रजक, राजू चौधरी, अजय चौधरी, चन्दन रजक, सुनील कुमार रजक, मुन्ना चंद्रवंशी समेत् कई लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद के पंच सरोवर पार्क परिसर में छठ पूजा समिति की बैठक सम्पन्न

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के पंच मंदिर सरोवर पार्क परिसर में छठ पूजा समिति व मुहल्लावासियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने की। संचालन मुकेश कुमार विश्वकर्मा ने किया. बैठक में पूर्व की तरह इस वर्ष भी पंच मंदिर सरोवर तट पर छठव्रतियों की हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने की सहमति बनी. शांति पूर्ण संचालन के लिये छठ पूजा कमेटी का गठन किया गया. जिसमे सर्वसम्मति से विनय कुमार सिंह यादव, निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, सुरेश ठाकुर, रामजन्म सिंह, अरविंद सिंह, रविंद्र चौधरी, सुधीर राम, अखिलेश मेहता, अजय सिंह को संरक्षक, श्यामा प्रसाद विश्वकर्मा उर्फ भोला विश्वकर्मा को अध्यक्ष, निरंजन प्रसाद, अखिलेश पासवान, पवन चौधरी को उपाध्यक्ष, अखिलेश यादव को सचिव, विजय कुमार यादव, संजय गुप्ता, अशोक विश्वकर्मा को उप सचिव, वीरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, मुकेश विश्वकर्मा को उप कोषाध्यक्ष,शंकर साव, रविकांत सिंह, शशिकांत ड्रेसेज, दीपक शर्मा, संजय विश्वकर्मा, अभिषेक सिंह को अंकेक्षक, राजेश कुमार, शैलेश कुमार, रमेश प्रसाद, सुरेंद्र को मीडिया प्रभारी, शिव प्रसाद चंद्रवंशी, चंद्रदेव राजवंशी, लोहा सिंह को अखंड प्रभारी, राजेश्वर सिंह को स्वागताध्यक्ष के अलावा राजू पासवान, लालदीप साव, राजू चौधरी, अजित कुमार, रिंकु यादव, अर्जुन यादव, लालमोहन, संतोष यादव, शैलेंद्र कुमार सिंह,सुरेंद्र कुमार आदि को धन संग्रह विभाग सह सक्रिय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कमेटी के लोगों को बधाई देते हुए लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को शांति पूर्ण ढंग से संचालित करने की बात कही.कमेटी अध्यक्ष भोला विश्वकर्मा ने बताया कि छठ घाट की विशेष रंगरोगन, लाइट समेत छठव्रतियों के लिये जरूरी सुविधाओं के लिये कमेटी सक्रिय रहेगा।

# छात्र गिरकर हुआ घायल, सर से बहता रहा खून, शिक्षक ने नहीं ली सुधी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** प्रखंड के पतागड़ा नहरी टोला स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में खेलने के दौरान एक बच्चा गिरकर घायल हो गया। प्राथमिक उत्क्रमित विद्यालय वन क्लास में अध्यनरत छात्र पतागड़ा निवासी उल्फत अंसारी का पुत्र अयान राजा है। आपको बताते चले की छात्र अयान राजा खेलने के दौरान फर्श पर गिर जाने से सर में गंभीर चोट लगा, चोटिल बच्चे का सर से खून गिरता रहा लेकिन कोई शुद्ध लेने वाला नहीं था। लापरवाही का आलम यह रहा कि विद्यालय के शिक्षक शेख अनवर हुसैन ना ही चोटिल बच्चे की सूचना परिजनों को दी और ना ही उसके घर तक पहुंचाया। विद्यालय में मेडिकल किट की कोई व्यवस्था नहीं थी। जो विद्यालय की घोर लापरवाही को दर्शाता है। चोटिल बच्चे का पिता



उल्फत अंसारी बताते हैं कि मेरा बच्चा 2 घंटे से दर्द से चिखता -चिल्लाता रहा लेकिन शिक्षक इस पर ध्यान नहीं दिये। जब घटना की जानकारी किसी छात्र के माध्यम से हुआ तो हम विद्यालय पहुंचे और बच्चे को प्राथमिक उपचार कराया। उन्होंने बताया कि इस तरह की घटना में परिजनों को सूचना नहीं देना शिक्षक की घोर लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय से 10 -15 मीटर की दूरी पर नहर भी है जिसमें बच्चे अक्सर खेलते हुए दिखे जाते हैं यदि शिक्षक का इसी तरह की लापरवाही रहा तो कभी भी बड़ी घटना घटित हो सकती है। उन्हें कहा कि सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात है कि शिक्षक सेख अनवर हुसैन इसी गांव के रहने वाले हैं जिसे तत्काल यहां से हटकर किसी दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित कर देना चाहिए। अभिभावक उल्फत अंसारी ने इसकी लिखित सूचना थाने को दी। वहीं शिक्षा विभाग को भी इसकी सूचना देने की बात कही।वही प्रभारी प्रधानाध्यापक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि विद्यालय में मेडिकल किट खत्म हो गया है। घायल बच्चा को उसकी बहन के साथ घर भेज दिया गया था।घटना की सूचना पाकर पहुंची प्रमुख दीपा कुमारी ने घायल छात्र आयन राजा से मुलाकात कर पूछ-ताछ किया। शिक्षक की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने इसकी सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी से करने की बात कही।

# कर्नल कप टूर्नामेंट को लेकर कप्तानों के साथ कोर कमेटी की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वावधान में आगामी 23 नवंबर से शुरु हो रही कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर नामांकित टीमों के कैप्टन के साथ कोर कमेटी की बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद सिंह ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। कमेटी के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि टूर्नामेंट को शांति पूर्वक व सुचारु रूप से संपन्न किया जाएगा। साथ ही कोर कमेटी के सदस्यों के साथ क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कर्पूरी ठाकुर मैदान का जायजा लिया। उसके बाद कर्नल संजय सिंह कहा कि इस बर्ष का




टूर्नामेंट भव्य और शानदार होगा। कर्नल कप टूर्नामेंट का नतीजा है कि आज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में हर गांव के बच्चे फुटबॉल खेलते नजर आ रहे हैं। इस बैठक में स्पोर्ट्स क्लब से जय कुश सिंह भर्दुल सिंह लालकेश्वर पासवान महेंद्र चौधरी विनय कुमार सिंह लालधन ठाकुर निर्णायक सुदय सिंह नेहाल मिर्जा सगीर अहमद एस एम अकरम तथा मिडिया प्रभारी सुभाष कुमार मनोहर सिंह अनुशासन कमेटी से भानु प्रताप सिंह राहुल कुमार अमरेन्द्र कुमार प्रह्लाद ठाकुर व सभी टीमों के कैप्टन मुख्य रूप से उपस्थित थे।कर्नल ब्रिगेड फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 के रूपरेखा व टीम सूची का जनकारी कमिटी की आगामी बैठक में 16 नवंबर को दिया जाएगा।

## एमओ ने कई होटल में किया गैस ईंधन की जांच



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर प्रभारी एमओ ब्रजेश कुमार ने रविवार को शहर के एक दर्जन होटलों में जांच कर होटल संचालकों को कमर्शियल गैस सिलेंडर उपयोग करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि शहर के मेन रोड के किनारे संचालित होटल एवं बाजार क्षेत्र के होटल में जांच किया गया। तथा होटल संचालकों को कमर्शियल सिलेंडर उपयोग करने का निर्देश दिया गया। एमओ ने बताया कि कई होटल में घरेलू सिलेंडर उपयोग होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद एक दर्जन से अधिक होटल में जाकर जांच किया गया एवं होटल संचालकों को घरेलू सिलेंडर उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया है। एमओ ने बताया कि जांच आगे भी जारी रहेगा। जो होटल में घरेलू सिलेंडर का उपयोग होगा उस होटल के संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि एक माह पहले तत्कालीन एसडीएम नरेंद्र गुप्ता ने अनुमंडल क्षेत्र में संचालित होटलों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं हो इसके लिए बीडीओ, एमओ एवं कार्यपालक पदाधिकारी को कार्रवाई के लिए आदेश जारी किया था।

## लायंस विशाल के द्वारा गोद लिए हुए टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** टीबी मुक्त भारत बनाने में अपना सराहनीय योगदान दे रहा है लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल आज रविवार को लायंस विशाल टीका केन्द्र कार्यालय पुराना बस स्टैंड गढ़वा में लायंस विशाल के अध्यक्ष ला0 डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में लायंस विशाल के द्वारा गोद लिए हुए टीबी मरीजों के बिच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। साथ ही डाक्टर कमलेश ने मरीजों को जल्द स्वस्थ होने के लिए नियमित दवा और खान पान और एक दूसरे में बिमारी ना फैले सहित मरीजों को उचित मार्गदर्शन दिया।उन्होंने कहा कि हम सभी की छोटी छोटी कोशिश से बहुत जल्द भारत टीबी मुक्त हो जाएगा। बताते चलें कि लायंस विशाल के द्वारा लगातार दो वर्षों से टीबी मरीजों को गोद लिया गया है।उन्हें पौष्टिक आहार के साथ अन्य जरुरत कि चीजें भी उपलब्ध कराया जाता है। जिससे से एक दो नहीं बल्कि बहुत सारे मरीज अब बिल्कुल स्वस्थ हो चुके हैं। पोषाहार वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नन्दलाल प्रसाद गुप्ता, ब्रजमोहन प्रसाद, डॉ मुन्नजीर अंसारी, गिरिश कमलापुरी, सदर अस्पताल से विश्वास शर्मा एवंम पीआरओ शौकत ख़ान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीओ ने किया कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** सीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी यमुना रविदास ने रविवार को प्रखंड क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने हरिहरगंज, बिजनीवार, ढाब कला, सेमरवार कौवाखोह सहित कई मतदान केंद्र में उपस्थित बीएलओ को मतदाता सूची को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटे नहीं ,मतदाता सूची को त्रुटि रहित एवं विवाद रहित बनाने के लिए अभी से ही पूरी सतर्कता से कार्य करें। साथ ही कहा कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान मतदाता सूची में पात्र एवं छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ा जाएगा। अभियान के तहत जिनका वोटर कार्ड नहीं बना है, वो भी अपना वोटर कार्ड बनवा सकते हैं। इसके साथ जिन मतदाताओं को अपने नाम, पता या अन्य संशोधन करवाना है, वो भी इस अभियान के तहत संबंधित प्रपत्र भरकर जमा कर सकते हैं। मतदाता सूची का कार्य बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे। मौके पर बीएलओ नेहा कुमारी, सुमित्रा देवी, रेखा कुमारी, विमला देवी के अलावे एनसीपी प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, वैभव राज आदि मौजूद थे।

## श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी का 136 वां जन्म महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लघु सिंचाई विभाग के मैदान में रविवार को श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के अनुयायियों द्वारा श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी का 136 वां जन्म महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रत्यूष बेला में शहनाई वादन से किया गया। इसके बाद उषा कीर्तन मंडली द्वारा उत्सव स्थल से प्रभातफेरी प्रारंभ होकर मुख्य पथ से होते हुए स्टेशन रोड, हनुमान मोड, जंगीपुर ग्राम का भ्रमण करते हुए उत्सव स्थल पहुंचा। इसके बाद प्रातः कालीन सामूहिक प्रार्थना, समवेत नाम जप, सत्यानु शरण, नारी नीति, अनुश्रुति ग्रंथ, शाश्वती ग्रंथ का पाठ किया गया। धृतिसुन्दर लाल व अन्य सत्संगी वृन्द द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया। श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के 136 वां जन्म महोत्सव पर प्रातः 10:00 बजे बाबा बंशीधर मंदिर के प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा निकली गई। शोभायात्रा मुख्य पथ से होते हैं उत्सव स्थल पहुंचकर सम्पन्न हुआ। शोभायात्रा में पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिला का बैंड पार्टी आकर्षण का मुख्य केंद्र था। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में सत्संगी जय राधे-राधे, हरे राम हरे कृष्णा, हरी हरि बोल उद्घोष के साथ शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। उत्सव स्थल पर बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

## अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा के अनुमंडल इकाई द्वारा रविवार को शोकसभा का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व सरपंच सह समाजसेवी बिरझन वर्मा,गढवा निवासी भीखम चंद्रवंशी, नगर उंटारी निवासी सुनील चंद्रवंशी, व मोहनलाल चंद्रवंशी के निधन पर अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा के अनुमंडल इकाई द्वारा रविवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया। शोकसभा में अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा के प्रखंड अध्यक्ष रमेश चंद्रवंशी, सचिव गोपाल चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष नंदू चंद्रवंशी, संरक्षक गोपीचंद चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी, कोलझिकि मुखिया सुरेश भंडारी, अविनाश कुमार, हलीवन्ता ग्राम निवासी अशोक चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, बिरेन्द्र चंद्रवंशी, गिरिजा चंद्रवंशी, रंजू चंद्रवंशी, आशिष चंद्रवंशी, विवेक विभूति, पूजा देवी, परी देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# पेंशन समस्या के समाधान के लिए बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद इकाई के सभी पुर्व सैनिकों की कार्यालय में बैठक बुलाई जिसमें क्षेत्र के पेंशनर भोगियों के समस्याओं का समाधान किया गया। संगठन के प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने कार्यालय की गतिविधियां एवं सभी को आगामी दीपावली के शुभ पर्व की बधाई दी। आज के बैठक में मुख्य रूप से सभी पुर्व सैनिकों का जीवन प्रमाण बायोमैट्रिक द्वारा भरा गया। इस क्षेत्र में आर्मी, नेभी एवं एयरफोर्स के पुर्व सैनिक काफी संख्या मे हैं। बैंक में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र भरने से मना करने पर सभी पर्व सैनिक एवं विर नारी हतास एवं निराश हो गए क्योंकि जीवन यापन का पेंशन ही एक मात्र सहारा है। हुसैनाबाद स्थिति कार्यालय में सभी का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र भरने का काम संगठन द्वारा किया गया। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी का दस्तावेज एवं पीसीडीए द्वारा जारी किया गया। पीपीपो का जांच कर डिजिटली जीवन प्रमाण पत्र



भरने का काम कराई। क्योंकि जीवन प्रमाण पत्र भरने के लिए जो दस्तावेज दिए जाते हैं। वह गोपनीय है। जिसे बाहर में लीक होने से अकाउंट हैक कर पैसा निकल सकता है। इस डर से जीवन प्रमाण पत्र का दस्तावेज सभी गोपनीय रखना चाहते हैं। इस बैठक में कनुआ विघा निवासी स्वर्गीय सिपाही सुरेन्द्र यादव के पत्नी जो झारखंड राज्य के सिपाही जिनका सेवा काल में ही देहांत दिनांक 15, 05, 2022 को हो गई थी। लेकिन पति के देहांत के बाद उचित मुआवजा न मिलने पर पत्नी इस कार्यालय से आज संपर्क किया। जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद ने विरनारि को कार्रवाई के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराने की सुझाव दिया। बैंक के कार्य कलापों से कोई भी पूर्व सैनिक खुश नहीं है। हमेशा बैंक के स्टाफ पेंशनरों को छोटे,छोटे काम के लिए बैंक का चक्कर लगवाते हैं साथ ही उन्होंने बैंक द्वारा जीवन प्रमाण पत्र भरने से साफ ही मना कर दिया जिसे सीनियर सिटीजन पूर्व सैनिक एवं वीर नारी असहाय महसुस कर रहे हैं। आज के बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सैनिक सूबेदार सत्येंद्र ठाकुर सूबेदार महाराज सिंह हवलदार विजय सिंह हवलदार यदुनंदन ठाकुर, हवलदार सीताराम यादव हवलदार बिंदेश्वरी ठाकुर हवलदार नरेश यादव हवलदार अवध माली हवलदार प्रसाद सिंह सूबेदार उदित सिंह सूबेदार रामटहल मेहता, सूबेदार उदित हवलदार सत्येंद्र शर्मा , मेहता सूबेदार सुदेश चौधरी, वीर नारी ललमुनिया देवी, हवलदार कृष्ण सिंह, सुमेर सिंह के अलावा और कई अनेक पुरुष सैनिक उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय तेली महासंगठन के केतार अध्यक्ष बने मनोरंजन प्रसाद गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड में स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को राष्ट्रीय तेली महासंगठन गढ़वा के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता के आह्वान पर प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक उक्त संगठन के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता की उपस्थिति में पूर्व कमेटी को भंग कर उक्त कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से बालीगढ़ पंचायत के मुखिया पति सह समाजसेवी मनोरंजन प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष,विजय गुप्ता को उपाध्यक्ष, मुकुन्दपुर मुखिया मूंगा साह को सचिव, मणिलाल गुप्ता को उपसचिव, अरुण देव गुप्ता को कोषाध्यक्ष,मनोज गुप्ता को संगठन मंत्री, मनीष कुमार गुप्ता को सोशल मीडिया प्रभारी, विनोद गुप्ता को सूचना मंत्री अजय गुप्ता को उप सूचना मंत्री, दीनदयाल गुप्ता को संरक्षक, ब्रह्मदेव गुप्ता को संरक्षक,



परशुराम गुप्ता को संरक्षण, वीरेंद्र गुप्ता को संरक्षक, राम भजन गुप्ता को संयोजक नेमचंद शाह को प्रवक्ता साहित 21 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि समाज सेवा के लिए मेरा दिन प्रतिदिन दायरा बढ़ते जा रहा है मैं इसके लिए गर्वान्वित महसूस कर रहा हूं। मेरे समाज के लोग मुझ पर विश्वास जता कर केतार प्रखंड का अध्यक्ष बनाने का कार्य किया है। मैं इसे हर दिन हर समय अपनी जिम्मेदारी को निर्वहन करने में हमेशा तत्पर रहूंगा। इस मौके पर सिकंदर साह, प्रदीप गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, पुरुषोत्तम, गुप्ता संतोष गुप्ता, लल्लू साह, नंदू साह, अंगद गुप्ता, गौतम गुप्ता, यमुना गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

## रक्तदान के क्षेत्र में कुशल कार्य करने पर कसौधन वैश्य समाज गढ़वा को दिया गया सम्मान




**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कसौधन वैशय समाज गढ़वा के द्वारा जरूरतमंद को रक्तदान उपलब्ध कराने पर ब्लड बैंक गढ़वा के द्वारा सिविल सर्जन गढ़वा एवं डॉ दिनेश सिंह गढ़वा तथा डीआरडीए के डायरेक्टर के हाथों के द्वारा समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो दे कर प्रोत्साहित किया गया। कसौधन समाज के अध्यक्ष ने सम्मान ग्रहण करते हुए कहा कि यह सम्मान समाज के सभी रक्तदाताओ युवा साथी महिलाएं बच्चियों को समर्पित है। आप सभी लोगों के द्वारा जरूरतमंद को रक्तदान करने पर समाज के नाम सम्मान मिला सभी रक्तदाताओं को कोटि-कोटि बधाई और शुभकामनाएं।

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 06.11.2023 वर्ष 10, अंक 302 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

माना कि बुरा वक्त बताकर नहीं आता, लेकिन जब भी आता है, कुछ ना कुछ सिखा कर जरूर जाता है !

## क्विक न्यूज

### दिव्यांग खिलाडियों ने जीते गोल्ड व सिल्वर मेडल,पीएम मोदी ने दी बधाई

**फरीदाबाद :** फरीदाबाद के तिगांव निवासी सरिता ने चीन के हांगझू में आयोजित पैरा एशियन गेम्स में कंपाउंड तीरंदाजी प्रतियोगिता में शीतल देवी के साथ मिलकर रजत पदक अपने नाम किया वहीं तिगांव के नीमका गांव के रहने वाले प्रिंस शर्मा ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। दोनों की इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों की तरफ से बधाई दी है। साथ ही पूर्वमंत्री विपुल गोयल ने रविवार को घर पहुंचकर नगद पुरस्कार और बधाई दी। इस मौके पर पूर्वमंत्री ने दोनों खिलाडियों के माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी खिलाड़ी की जीत के पीछे उसके परिवार के लोगों का सबसे बड़ा त्याग और योगदान होता है।

### मुंबई पुलिस ने गिरिडीह में दो साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

**गिरिडीह :** साइबर ठगों की तलाश में गिरिडीह पहुंची मुंबई पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस रविवार को दोनों आरोपितों को ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई ले गई।बताया गया कि माता रमा बाई आंबेडकर मार्ग थाना के एसआई एकनाथ चंद्रकांत के नेतृत्व में थाना के एएसआई रोहित और कांस्टेबल आए हुए थे। गिरफ्तार आरोपितों में प्रकाश वर्मा और राजा तुरी शामिल हैं।प्रकाश वर्मा बेंगाबाद के बेलातांड गांव का रहने वाला है जबकि राजा तुरी मुफ्फसिल थाना इलाके के सेंट्रलपीठ का रहने वाला है।

### उद्योगपति रमेश पाल का हार्ट अटैक से निधन

**हल्द्वानी :** प्रमुख उद्योगपति और बृजलाल हॉस्पिटल के चेयरमैन रमेश पाल का 74 साल की उम्र में रविवार सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। बताया जा रहा है कि सुबह वह अपनी कार से बाजार को निकले थे, लेकिन इसी दौरान अचानक उनके सीने में दर्द उठा। इसके बाद ड्राइवर उन्हें अस्पताल ले गया। अस्पताल में उनका इलाज हुआ, डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। खबर सुनते ही पाल ग्रुप सहित शहर की व्यवसायियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। आज सोमवार सुबह 9 बजे राजपुरा में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस को बताया चालू पार्टी

**टीकमगढ़ :**मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान चरम पर है। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव रविवार को टीकमगढ़ जिले के जतारा पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस को चालू पार्टी बताते हुए उस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने चुनावी रैली में कहा कि यहां राशन में कुछ नहीं मिल रहा है। अगर राशन में कुछ नहीं मिल रहा है, तो भाजपा को क्यों वोट देंगे। कांग्रेस को भी वोट मत दीजिएगा। वह भी बहुत चालू पार्टी है। कांग्रेस से सावधान रहोगे या नहीं रहोगे? अखिलेश यादव ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और भाजपा दोनों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वोट मत देना। कांग्रेस बहुत चालू पार्टी है। कांग्रेस वोटों के लिए जाति आधारित जनगणना चाहती है। जब उनसे पूछा गया कि यदि उनकी पार्टी मध्य प्रदेश में किंग मेकर बनती तो वह किसके साथ मिलकर सरकार बनाएंगे तो उन्होंने जवाब दिया कि किंगमेकर बनना जरूरी नहीं है। पहले पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण दिलाना पहली प्राथमिकता होगी।

### आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे भूटान नरेश

**नई दिल्ली :** भूटान के किंग जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भूटान की शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारत की आठ दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। एयरपोर्ट पर विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर ने उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक्स पर बताया कि यह यात्रा एक मूल्यवान साझेदार के साथ मित्रता और सहयोग के घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करेगी। यात्रा के दौरान भूटान के किंग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। भूटान नरेश असम और महाराष्ट्र राज्यों का भी दौरा करेंगे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

### झारखंड जगुआर ने मुख्यमंत्री का किया जोरदार स्वागत और अभिनंदन, जताया आभार

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है सरकार : हेमंत

#### सभी वर्ग के लिए कर रहे हैं काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्ग के लोगों के हित में सरकार काम कर रही है । उनकी समस्याओं को यथासंभव दूर कर रही है। उनके चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास लगाकर जारी है। मैं यह तो दावा नहीं कर सकता कि सभी चीजे सही हो गई है, लेकिन इसकी शुरुआत जरूर है । मुझे पूरी उम्मीद और आशा है कि हमारी सरकार पूरी व्यवस्था को व्यवस्थित कर लेंगे।

#### सीएम ने कहा

- आप राज्य की जनता की सेवा करें, सबके हितों का ध्यान सरकार रखेगी
- सरकार सभी को एक नजर से देखती है
- सभी के लिए सरकार की सोच व कार्यशैली एक जैसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड जगुआर में कार्यरत पुलिसकर्मियों को 7 वें पीआरसी के आलोक में विशेष सुविधा व भत्ता को पुनरीक्षित करने के प्रस्ताव को राज्य मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिलने पर झारखंड चतुर्थ वर्गीय पुलिस कर्मचारी संघ झारखंड जगुआर ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का आभार जताया है।

रविवार को ढोल-नगाड़े के साथ मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचकर उन्होंने मुख्यमंत्री का जोरदार अभिनंदन और स्वागत किया।

#### सभी के चेहरे पर खुशियां मुस्कान लाने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर चेहरे पर खुशी और मुस्कान लाने का हम प्रयास कर रहे हैं। हमारी सोच और कार्यशैली एक समान है। यह सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी काफी बढ़ जाती है, क्योंकि आपकी नियुक्ति इसलिए हुई है कि आप आम नागरिकों के लिए काम करें। मानवता और संवेदनशीलता का परिचय दें। आप पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ सेवा करें, जो भी कमियां होगी, उसे दूर करने का प्रयास करेंगे।

#### आम लोगों की तकलीफ को अपनी तकलीफ समझ कर कम करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग और हर तबके के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार पहुंच रही है । मेरा आपसे कहना है कि किसी गरीब और जरूरतमंद के चेहरे पर जब मायूसी दिखती है तो उसे कितना तकलीफ होगा, इसे हम सभी को समझना चाहिए। आप आम जनता की तकलीफ को अपनी तकलीफ समझ कर कम करें तो निश्चित तौर पर हम उनकी तकलीफों को दूर कर उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं।



#### मुख्यमंत्री जी अपनी कार्यशैली से हमारे दिलों तक पहुंचे हैं

इस अवसर पर झारखंड चतुर्थ वर्गीय पुलिस कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरकार जो कहती है,वह करती है। आप अपने कार्यों से हमारे दिलों में पहुंचे हैं। इस अवसर पर झारखंड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ, झारखंड जगुआर के अध्यक्ष जीतराम स्वांसी, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार रवि, शाखा मंत्री विकास, कोषाध्यक्ष रणधीर सिंह छेत्री, संगठन मंत्री समीर महतो, मुख्यालय प्रतिनिधि अभिषेक तिवारी एवं कार्यालय मंत्री आशीष रंजन समेत संघ के तमाम सदस्य मौजूद थे।

#### आईएएस हो या चतुर्थवर्गीय कर्मचारी, सभी मेरे लिए एक समान

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर कहा कि आईएएस हो या चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी, हमारे लिए सभी एक समान है। यह सरकार सभी को एक नजरिये से देखती है। आप सभी सरकार के आंख, नाक और कान है। आप राज्य की जनता की सेवा करें। सबके हितों का ध्यान सरकार रखेगी। सुरक्षा को लेकर आप सभी हमेशा सर्तक रहें।

**मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग और हर तबके के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार पहुंच रही है ।**

#### हमारी जितनी जिम्मेदारी है,उतनी आपकी भी है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों के प्रति हमारी जितनी जिम्मेदारी है उतनी जिम्मेदारी आपकी भी है। आप पूरी मानवता और संवेदना के साथ आम नागरिकों की सेवा करें। मेरा आपसे कहना है कि सरकार की जो सोच है, उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़े।

### दिल्ली-एनसीआर की हवा हुई दमघोंटू, ग्रैप-4 के प्रतिबंध लागू

**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो गयी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने वायु गुणवत्ता स्तर में और गिरावट को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से पूरे एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत 8-सूत्रीय कार्य योजना लागू की है। दिल्ली में सभी तरह की कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली और एनसीआर के राज्यों के स्कूलों में प्राथमिक के अलावा माध्यमिक और शिक्षा विद्यालयों को भी ऑनलाइन क्लासेस लगाने की छूट रहेगी। संबंधित राज्य इस संबंध में निर्णय ले सकते हैं। केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को घर से काम करने की सुविधा दे सकती है। इसके अलावा राज्य सरकारी गैर जरूरी गतिविधियों और आवाजाही पर भी रोक लगा सकती है। शैक्षणिक संस्थाओं को बंद रखना के लिए कह सकती है। साथ ही सम-विषम के माध्यम से परिवहन को अनुमति दे सकती है। पाबंदियों के चलते अब दिल्ली में जरूरी सामान के अलावा अन्य किसी भी सामग्री को ले जा रहे ट्रकों की एंट्री पर प्रतिबंध होगा। इसके अलावा हल्के वाणिज्यिक वाहनों पर भी इसी तरह का प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि इलेक्ट्रिक वाहनों और सीएनजी वाहनों को इससे छूट रहेगी। उल्लेखनीय है कि आज सुबह 5 बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 454 था। यह लगातार प्रतिकूल मौसम और जलवायु परिस्थितियों के कारण अपराह्न 03 बजे बढ़कर 463 हो गया था। माना जा रहा है कि प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थितियों, खेतों में आग लगाने की बढ़ती घटनाओं के साथ कम गति वाली उत्तर-पश्चिमी हवाएं प्रदूषकों को दिल्ली की ओर ले जा रही हैं।

# सीसीएल कर्मचारी का दिनदहाड़े मर्डर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** अपराधियों ने दिनदहाड़े सीसीएल कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक सीसीएल कर्मचारी की पहचान अशोक परियोजना पिपरवार यूनिट के माइनिंग सरदार 56 वर्षीय राम विजय सिंह पिता राम आशिष सिंह के रूप मे की गई है। मृतक सीसीएल कर्मचारी मूल रूप से ग्राम रफीगंज जिला औरंगाबाद बिहार का रहने वाला था और वर्तमान में पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा अशोक विहार कॉलोनी में रहकर ड्यूटी करता था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामविजय सिंह रविवार की सुबह अपने बाइक से ड्यूटी के लिए जा रहे थे। इसी बीच पिपरवार जीएम ऑफिस के आगे टायर दुकान के पास पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उसे रोक कर गोली मार दी।घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी फरार हो गए। इसके बाद वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने उसे बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी सहित पिपरवार और खलारी थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सीसीएल प्रबंधन से मृतक के आश्रित को नौकरी एवं मुआवजा देने और स्थानीय पुलिस से आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। इधर सूचना पाकर पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय, खलारी के प्रभारी डीएसपी अंकिता राय,खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम, पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार सहित कई लोग बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और मृतक के परिजनों को संत्वाना दिया।मृतक सीसीएल कर्मचारी की पत्नी और दो पुत्र है।खलारी और पिपरवार पुलिस मिलकर पूरे मामले की जांच कर रही है।

# मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ने का ढ़ोंग कर रही है कांग्रेस : पीएम मोदी

**रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी बोले,मैंने गरीबों के दर्द को महसूस किया है.इसलिए हमने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जो दिसंबर महीने में पूरी हो जाएगी, उसे अगले 5 वर्षों के लिए जारी रखने का निर्णय लिया है.**



**एजेंसी**

**भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के सिवनी में चुनाव प्रचार के दौरान के विशाल जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार के फैसले को दोहराते हुए गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना को पांच साल और बढ़ाने की बात कही.उन्होंने कहा कि मैं गरीबी जीकर आया हूं, मुझे गरीबी जानने के लिए किसी किताब को पढ़ने की जरूरत नहीं है. रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी बोले,मैंने गरीबों के दर्द को महसूस किया है.इसलिए हमने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जो दिसंबर महीने में पूरी हो जाएगी, उसे अगले 5 वर्षों के लिए जारी रखने का निर्णय लिया है. अब अगले पांच सालों तक फ्री राशन दिया जाएगा.यह मोदी की गारंटी है.पीएम ने आगे कहा कि यह बीजेपी है, जिसके लिए गरीब, पिछड़ा,दलित,आदिवासी सब परिवार का हिस्सा है.इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस का नारा है,गरीब की जेब साफ, काम हाफ से भी हाफ.पीएम मोदी ने कांग्रेस के कार्यकाल को याद दिलाते हुए कहा,2014 से पहले कांग्रेस का एक-एक घोटाला लाखों-करोड़ों का होता था,अब बीजेपी सरकार में घोटाले का कोई नामो निशान नहीं है. गरीबों के लिए बचाया गया पैसा उनकी राशन योजनाओं पर खर्च होता है. कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार और बीजेपी सरकार में यहीं अंतर है.पीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ने का ढ़ोंग कर रही है. उन्होंने कहा,कांग्रेस के लिए अपने परिवार से बड़ा को नहीं है.कांग्रेस जहां भी सत्ता संभालती है,वहां सरकारी योजनाएं, सड़कें, गलियां सब कुछ उस परिवार के नाम पर होता है.

# छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

**एजेंसी**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी ने इसे भरोसे का घोषणा-पत्र नाम दिया है। पार्टी ने इस बार भी किसानों का कर्जा माफी जैसा बड़ा लोकलुभावन वादा समेत कई अन्य घोषणाएं की हैं। पार्टी के घोषणा पत्र में कहा गया है कि इस बार भी साल 2018 की तरह किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा। पार्टी ने दावा किया है कि उन्होंने 2018 में चुनाव जीतने के बाद 18.5 लाख किसानों का 9272 करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया था। इसके साथ ही पार्टी ने चुनाव जीतने के बाद जातिगत जनगणना कराए जाने का भी वादा किया है। कांग्रेस का कहना है कि जातिगत जनगणना से सामजिक न्याय सुनिश्चित होगा। इसके साथ ही पार्टी ने इस बार 200 यूनिट तक की बिजली मुफ्त देने का वादा किया है। वहीं कांग्रेस ने सरकार बनने पर गैस-सिलेंडर पर महिलाओं को 500 रुपए की सब्सिडी देने का भी ऐलान किया है। बता दें कि ऐसी घोषणाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी समेत कई अन्य दल कांग्रेस पार्टी को घेरते आ रहे हैं। वह इन्हें मुफ्त की रेवड़ियां का नाम दे रहे हैं।

**मुफ्त आवास और शिक्षा का भी दिया भरोसा :** इसके साथ ही




घोषणा पत्र में 17.5 लाख लोगों को सीएम आवाज योजना के तहत मुफ्त घर देने, केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त दिए जाने की बात कही गई है। इसके साथ ही खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 10 लाख रुपये का चिकित्सा बीमा दिया जाएगा, और व्यवसायों के लिए मौजूदा 40 प्रतिशत के बजाय 50 प्रतिशत तक ऋण छूट दी जाएगी। वहीं तेंदूपत्ते के लिए कांग्रेस ने इस बार 6 हजार रुपए प्रति मानक बोरा और 4 हजार रुपए सालाना बोनस देने का वादा किया है।

**चुनावी घोषणा पत्र में किए गए कुछ प्रमुख वादे :** 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी,किसानों का कर्ज माफ, केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त, तेंदूपत्ता प्रति मानक बोरा की दर 6000 रूपए, और 4000 रुपए सालाना बोनस,भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हजार रूपए, किसानों को धान की कीमत 3200 रुपए प्रति क्विंटल,200 यूनिट फ्री बिजली,प्रति सिलेंडर रिफिल पर 500 रूपए की सब्सिडी,17.50 लाख गरीब परिवार को आवास,लघु वनोउपजों की एमएसपी पर 10 रुपए प्रति किलो अतिरिक्त मिलेंगे,10 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज,सड़क हादसों व आकस्मिक घटनाओं में मुफ्त इलाज,तिवरा फसल की एमएसपी पर खरीदी,परिवहन व्यवसाय से जुड़े मोटर मालिकों के साल 2018 तक मोटरयान कर व ब्याज कर्ज माफ,700 रूरल व अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे,सभी सरकारी स्कूल आत्मानंद स्कूलों में अपग्रेड होंगे,महिलाओं के स्व-सहायता समूह व सक्षम योजना के कर्ज माफ होंगे,जाति जनगणना होगी,युवाओं को उद्योग हेतु 50त्न सब्सिडी के साथ सीधा ऋण उपलब्ध होगा,अंत्येष्टि संस्कार में आवश्यक सामग्री (लकड़ी-कंडे) सरकार देगी।

### हैंड ग्रेनेड फटने से बीएसएफ के एक जवान की मौत

**दंतेवाड़ा (एजेंसी):** जिले के थाना कटेकल्याण परिसर में विधानसभा चुनाव हेतु रुके सुरक्षा बल के जवान बीएसएफ सी/70 चार्ली कंपनी गस्त सर्च हेतु निकली थी। इसी दौरान आज रविवार को अचानक हेड कांस्टेबल बलबीर चंद निवासी हिमाचल प्रदेश के पीछे रखा हैंड ग्रेनेड फट गया, जिससे थाना परिसर में ही हेड कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल एंबुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल दंतेवाड़ा लाया गया।



# कोडरमा जिला प्रशासन की हो रही कार्यवाई से मचा हड़कंप, 285 वाहन अवैध परिवहन मामले में जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा जिला प्रशासन के द्वारा अवैध कार्यों के खिलाफ लगातार कार्यवाही ने अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों की कमर तोड़ दी है. जिला प्रशासन के द्वारा जारी कार्यवाई से वैसे लोगों में हड़कंप मचा है. इस बाबत जिला प्रशासन से मिली जानकारी में बताया गया कि पूरे जिले में अवैध कार्यों को लेकर जारी अभियान में 285 वाहनों को अवैध परिवहन मामले में जब्त किया गया है. कोडरमा जिले में जिला खनन टास्क फोर्स की हो रही कार्रवाई से अवैध परिवहन में शामिल वाहन मालिकों में हड़कंप मचा है. जिला खनन टास्क फोर्स इन दिनों लगातार दिन ओर रात में कार्रवाई कर रही है ओर वाहनों को जब्त करने के साथ प्राथमिकी दर्ज भी कराई जा रही है। इस बाबत बताया जाता है कि वित्तीय वर्ष के सात माह में 285 वाहनों को अवैध परिवहन के मामले में जब्त किया गया है। जबकि जिले में 164 जब्त वाहनों पर राज्यसात को लेकर उपायुक्त के न्यायालय में वाद दायर किया गया है। जिसमें अवैध पत्थर लोड 63, बालू लोड में 58, कोयला लोड 41, मोरम लोड व एक स्टोन डस्ट लोड एक वाहन शामिल हैं। जबकि इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 113 बालू लोड वाहन,127 पत्थर लोड वाहन के अलावा कोयला लोड 41, मोरम लोड तीन, स्टोन डस्ट लोड एक वाहन को जब्त किया गया है। भारी मात्रा में खनिज को भी जब्त किया गया है। बालू लोड वाहन में 447.20 टन, पत्थर लोड वाहन में 2548 टन, कोयला लोड वाहन में 1110 टन खनिज को जब्त किया गया है। जबकि विभागीय कार्रवाई में 98 बोरा ब्लू स्टोन, 720 टन माइका जब्त किया गया है। व 26 लाख 46 हजार 480 रू का जुर्माना भी लगाया गया है।

**94 लोगों के खिलाफ विभिन्न थाना में मामला दर्ज**

कोडरमा जिले में अवैध खनीज भंडारण परिवहन आदि को लेकर 94 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जिसमें अवैध बालू परिवहन के मामले में 37, पत्थर परिवहन में 40, कोयला के परिवहन में शामिल नौ, स्टोन डस्ट एक, माइका में तीन लोगों के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। वहीं 24 लोगों के खिलाफ शिकायतवाददर्ज किया गया है। इसमें बालू के अवैध परिवहन में छह, पत्थर अवैध परिवहन में 17 व एक अन्य मामले शामिल हैं। जबकि 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बालू के अवैध परिवहन में 28 लोग, जबकि पत्थर के अवैध परिवहन में 15 लोग को जेलभेजा गया है। 17 बिना लाइसेंस क्रशर संचालकों के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया गया है। वहीं कोडरमा जिले में ब्लू स्टोन के अवैध उत्खनन में शामिल 71 जेनरेटर, 42 कंप्रेशर, 12 वाटर टैंक, 15 वाटर मशीन, 17 ऑक्सीजन मशीन, 36 वाटर सेक्शन पाईप को उक्त स्थल पर हीं ध्वस्त कर दिया।जबकि 52 झोपड़ी और 22 गड्ढों को डोजरिंग किया गया।

# बड़कागांव पुलिस ने लिखलाही घाटी से कई दिनों की सड़ी लाश बरामद की




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** 26 अक्टूबर से अपने घर से लापता 40 वर्षीय व्यक्ति का लाश पुलिस ने हजारीबाग रोड स्थित लिखलाही घाटी से बरामद किया है। लाश की पहचान मृतक के भाई ने की है। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि बीते 26 अक्टूबर से घर से लापता 40 वर्षीय व्यक्ति भोला साव पिता धर्मनाथ साव का लाश रविवार देर शाम बरामद किया गया है। भोला साव 26 अक्टूबर को अपने घर से मोटरसाइकिल ले कर निकला था। मोटरसाइकिल अभी तक बरामद नही हुआ है। शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया है। भोला साव रेंज ऑफिस प्रेम नगर में रहा करता था, इसका पैतृक गांव सोनबरसा है। मौत को लेकर अभी किसी प्रकार कुछ कहा नहीं जा सकता है, मौत कैसे हुई क्यों हुई । पुलिस के द्वारा इस पर जांच की जाएगी तभी पुलिस अंतिम नतीजे तक पहुंच सकती है।

# शिक्षा के साथ संस्कार, विज्ञान भी दे रहा उर्सुलाइन कान्वेंट : समरीलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खलारी :** उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में शनिवार को विज्ञान सह क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक समरीलाल, प्राचार्या सिस्टर जयंती सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की.इससे पूर्व विद्यालय पहुंचने पर विधायक को पारंपरिक तरीके से कार्यक्रम स्थल तक लाया गया. बच्चों ने प्रेयर डांस, विशिंग सांग प्रस्तुत किया.कला व विज्ञान के महत्व तथा 'इसरो हमारा गर्व' पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया.इसमें बच्चे स्वयं चंद्रयान एक से चंद्रयान तीन का माडल बने अपनी कहानी बता रहे थे. क्लासिकल डांस ने खूब तालियां बटोरी. विधायक द्वारा छोटे बच्चों को विद्यालय के आंतरिक प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कृत किया गया.समरीलाल ने कहा कि उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी कांके विधानसभा क्षेत्र का गौरवमय विद्यालय है. यहां बच्चों को शिक्षा ही नहीं अपितु संस्कार व विज्ञान भी सिखाया जाता है.कहा कि युवाओं को देश को गढ़ने का अवसर है. बच्चों द्वारा चंद्रयान की प्रस्तुति की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री व इसरो विज्ञानियों को इसका श्रेय दिया. कहा कि आदमी हारता, थकता नहीं, इसलिए चांद पर जाता है. मुख्य अतिथि ने फीता काटकर विज्ञान सह क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया. बच्चों द्वारा तैयार विभिन्न माडल्स का अवलोकन किया तथा उनकी रचनात्मकता को सराहा. छोटे बच्चों द्वारा समारोह का संचालन सराहनीय रहा. इस मौके पर अतिथियों में भाजपा के श्यामसुन्दर सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, अरविन्द सिंह, रामसूरत यादव, विकास दुबे, दिलीप पासवान, नागदेव सिंह, के अलावा इंटक के बीएन पांडेय, सोनू पांडेय, विद्यालय परिवार से प्राचार्य सिस्टर जयंती, उप प्राचार्य सिस्टर नेली, आरती प्रसाद, अनिमा कंसीर, मुकेश सिंह, नारबेता मैम के अलावा काफी संख्या में अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे।

# झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जिला जिला स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जिला कोडरमा का जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक देवी मंडप धर्मशाला माथाडीह डोमचांच में जिला अध्यक्ष सुभाष राणा की अध्यक्षता में हुई. बैठक का संचालन जिला महासचिव सुखदेव राणा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता मौजूद रही. उन्होंने समाज को संदेश दी कि संगठित समाज ही निर्णायक समाज होता है आप संगठित रहेंगे तो असंभव को भी संभव बना सकते हैं। संगठन में सबसे बड़ी ताकत होती है। प्रदेश संगठन सचिव भुवनेश्वर राणा ने संगठन पर बल देते हुए सभी प्रखंडों में जागरूक करने की बात कही. प्रदेश संयुक्त सचिव भुवनेश्वरी राणा अधिवक्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए प्रत्येक प्रखंड अध्यक्ष को दायित्व लेने की बात कही तभी रैली सफल होगा. वहीं जिला अध्यक्ष ने कहा की बहुत जल्दी ही जिला का पुनर्गठन करने की तिथि की घोषणा की जाएगी परंतु विश्वकर्मा अधिकार रैली को सफल बनाने में कितने लोग सक्रिय भूमिका निभाते हैं वही भावी जिला अध्यक्ष का दमदार उम्मीदवार साबित होगा, उन्होंने कहा कि संघे शक्ति कलियुगे कुछ प्रखंड अध्यक्षों की सक्रियता में कमी आई है जिसे उसे प्रखंड में शीघ्र प्रखंड सम्मेलन बुलाकर दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा. मौके पर डोमचांच नगर पंचायत के महासचिव राजेश राणा, सुभाष राणा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार विश्वकर्मा, राजू राणा,रामेश्वर राणा, नरेश कुमार राणा, बिहारी शर्मा, ललन राणा,प्रसादी राणा, अभिजीत राणा,दिलीप राणा, भागीरथ विश्वकर्मा, सतगावां प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष अरुण राणा,कोडरमा नगर अध्यक्ष राजेश राणा, रामचंद्र राणा,पूर्व मुखिया साधु शरण मिस्त्री, केदार राणा, मनोज राणा,राधे राणा,महावीर राणा, गंगाधर राणा, संजय कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा आदि लोगों ने अपनी बात रखी।

# बचरा में स्व.भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में चल रहे स्व.भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार को समारोह पूर्वक समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी शामिल हुए।आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया।समापन समारोह के फाइनल मैच का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा स्व. भोला साव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।टूर्नामेंट का फाइनल मैच केएफसी कुसुमटोला बनाम लाल बादशाह चुंद की टीम के बीच खेला गया।इस रोमांचक मैच मे निर्धारित समय तक दोनो टीमो के बीच कांटे की टक्कर रही और गोल नही होने के बाद निर्णायक द्वारा पेनाल्टी शूट कराया गया,जिसमे पेनाल्टी शुट मे केएफसी कुसुमटोला ने शानदार जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया।विजेता टीम को 50 हजार रूपये नगद और ट्रॉफी एंव विजेता टीम को 30 हजार रूपये और ट्रॉफी प्रदान की गई।वही तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को भी पांच-पांच हजार रूपये देकर सम्मानित किया गया।समापन समारोह को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण इलाकों के प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आती है।

# 17 नवंबर को बुंडू में सीपीएम की विराट उलगुलान रैली एवं जनसभा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मुरी :** बड़ा मुरी स्थित सीपीआईएम पार्टी कार्यालय में संतोष कुम्हार की अध्यक्षता में जी बी की बैठक की गई। इस बैठक में सिल्ली मुरी लोकल कमिटी के सभी ब्रांच सचिव तथा पार्टी सदस्य उपस्थित रहे ।रांची जिला के जिला सचिव कामरेड सुखनाथ लोहार पर्यवेक्षक के तौर पर उपस्थित रहे तथा उन्होंने कहा कि आगामी दिनांक 17 नवंबर 2023 को बुंडू में हो रहे विराट उलगुलान रैली एवं जनसभा में सिल्ली मुरी से अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज करने को कहा, उन्होंने आगे कहा कि इसराइल और फिलिस्तीन की लड़ाई को अभिलंब बंद करवाने के लिए भारत सरकार को संयुक्त राष्ट्र संघ में हस्तक्षेप करने को कहा तथा अमेरिका और इंग्लैंड की उपनिवेशवाद की मानसिकता को उजागर करने के लिए लोगों को गोल बंद होने की जरूरत बताई।उनसे पहले कामरेड अरुण महतो ने कहा कि भारत सरकार की जन विरोधी नीति, महंगाई और भ्रष्टाचार तथा 2024 के चुनाव से पहले भारत सरकार की गंदी नियत उजागर करने को कहा। इसी क्रम में किसान सभा के कॉमरेड दिवाकर सिंह मुंडा ने कहा कि सिल्ली मुरी में हमारे विचारधारा को मानने वाले लोगों की कमी नहीं है बसरते हम पहुंच नहीं पाने के कारण उन्हें हम गोलबंद नहीं कर पा रहे हैं इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस जीबी बैठक में लोकल कमिटी सचिव कामरेड अमर महली, कामरेड चितरंजन महतो, जितेंद्र महतो, आदि थे ।

# झामुमो खलारी प्रखण्ड कमिटि की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ख़लारी प्रखण्ड कमिटी की बैठक करकट्टा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान ने किया.बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान ने बताया की जिला कमिटी के निर्देश पर पंचायत कमिटी का पूर्ण गठन एवं बूथ कामिटी का जल्द से जल्द गठन करना है. वहीं जिला सदस्यता अभियान चलाने और प्रखण्ड पदाधिकारी तथा सभी पंचायतअध्यक्ष एव सचिव को सक्रीय बनाने के साथ निष्क्रय पदाधिकारियों को पद मुक्त करने की बात कही. राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया. साथ ही बताया गया कि 17 दिसम्बर को रांची जिले का प्रखण्ड सम्मेलन होना है जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन उपस्थित रहेंगे. बैठक में अगामी आने वाले लोक सभा तथा विधान सभा का चुनाव पर भी विचार विमर्श किया गया.संचालन प्रखंड सचिव महेंद्र चौहान ने की.बैठक में मुख्य रूप से महेंद्र चौहान, नंदू मेहता, चितरंजन सिंह, दिनेश्वर सिंह, सुभाष प्रजापति, कमलेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, राजकुमार गंझू, गौतम यादव, अजय मुंडा, सुधीर चौहान, शम्भू दास, हैदर अली, मंजीता देवी, पूनम देवी, विक्की मुंडा आदि उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किया मेडिकाना नर्सिंग होम का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चान्हो :** मेडिकाना नर्सिंग होम का पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व अंजुमन अध्यक्ष इबरार अहमद द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मेडिकाना नर्सिंग होम की व्यवस्थाओ का जायज़ा लेते हुए इसे जनपद के विकास में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि बिजुपाडा और आसपास के लोगो को बेहतर इलाज की व्यवस्था मिल सकेगी।रविवार को बिजुपाडा खलारी रोड स्थित सिब्ना उरांव कांप्लेक्स में मेडिकाना नर्सिंग होम का विधि विधान के साथ पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व अंजुमन अध्यक्ष इबरार अहमद द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। विशिष्ट अतिथि इबरार अहमद ने कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य सुविधाओं की बहुत ज्यादा जरूरत है। जब हमें अपने घर के नजदीक ही बेतहरीन मेडिकल सुविधाएं मिलने लगती हैं, तो हमारी काफी समस्याओं का समाधान हो जाता है। संचालक डॉ तलहा और डॉक्टर हनीफ ने बताया कि नर्सिंग होम में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ओटी है। जहाँ पर सभी तरह के ऑपरेशन की व्यवस्था है। साथ ही कुशल चिकित्सको द्वारा मरीज़ों के लिये ओपीडी की भी व्यवस्था हैं।अस्पताल में भर्ती मरीज़ों के लिये सभी तरह की जांचों एव उपचार के लिये बेहतर व्यवस्था है। मरीज़ों को भर्ती करने के लिये आधुनिक व्यवस्थाओ से लैस यह नर्सिंग होम है।

# कोडरमा : राजगीर रेल लाइन का काम अगले साल-2024 के दिसंबर माह तक होगा पूरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल विशेष सैलून से विभागीय अधिकारियों के साथ कोडरमा स्टेशन पहुंचे। वे हजारीबाग स्टेशन होते हुए बोनादाग जा रहे थे। कोडरमा में थोड़ी देर रुके और अधिकारियों से बात की। इस बीच पत्रकारोंसे कहा कि बिहार-झारखंड को जोड़ने वाली कोडरमा-राजगीर रेललाइन का काम अगले साल-2024 के दिसंबर माह तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस नई रेल रूट पर चार टनल का कार्य किया जाना है। इसके कारण निर्माण कार्य में प्रगति थोड़ी धीमी है। उन्होंने निर्माण के दौरान निर्माण सामग्री की चोरी कीघटनाओं को धीमी प्रगति की वजह बताया। हालांकि अगले साल दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरा कर लिए जका भरोसा दिया। कोडरमा-राजगीर नई रेल लाइन पर 16 किमी रेलवे ट्रैक बिछाने का कार्य अभी बाकी है। हजारीबाग टाउन के बोनादाग रेलवे साइडिंग का निरीक्षण करने के लिए महाप्रबंधकखंडेलवाल विशेष सैलून से हजारीबाग के लिए रवाना हो गए। हजारीबाग रवाना होने से पूर्व महाप्रबंधक कोडरमा स्टेशन पर रेलवे के अधिकारियों के साथ अमृत भारत स्टेशन को लेकर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों कोकई दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही रेल सुविधाओं को बढ़ाए जाने को लेकर चर्चा की। महाप्रबंधक खंडेलवाल ने कहा कि रेल सुविधाओं के विस्तारीकरण के लिए नियमित तौर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा बिहार-झारखंड को जोड़नेवाली कोडरमा-राजगीर नई रेल लाइन की प्रगति की समीक्षा की जारही है, ताकि दोनों राज्यों को जोड़ने के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सुगमपरिचालन को लेकर निर्धारित रूट पर जल्द से जल्द फेंसिंग का कार्य परा करने का की बात कही। मौके पर डीआरएम समेत स्टेशन मास्टर आदि लोग मौजूद थे।

## पिया हरि डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम क्षेत्र के पुरुलिया रोड नामकुम पेट्रोल पंप के पास मिलन कॉम्प्लेक्स में पिया हरि डेंटल क्लिनिक का ( आज 12 बजे) द्विप प्रज्वालित कर शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह विशिष्ट के रूप मे पिंटू सिंह, बिरेंद्र ओझा, दिलीप साहू,उमाकांत राय,ताराचंद पांडे,चतुर्भुज मीना फूड क्वालिटी प्रभारी झारखंड, गिरिधर मिश्रा ,रिंकू सिंह,अजित महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे डॉक्टर शंकर महतो,डॉक्टर राजीव नयन प्रोफेसर डेंटल कॉलेज जमशेदपुर,डॉक्टर मेगणा , पिता हरिचरण महतो,माता पियासो देवी इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।क्लीनिक में आज से 2 दिनों तक निशुल्क जांच एवम उपचार दंत रोगियों को किया जायेगा।



## दशहरा समिति टाटीसिल्वे कि समीक्षा बैठक संपन्न

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दशहरा समिति टाटीसिल्वे द्वारा समीक्षा बैठक भोला मिश्रा बैंक्वेट हॉल मे आयोजित कि गई । इस बैठक मे सम्मानित सदस्यो का स्वागत प्रो रशेश्वर नाथ ने किया। कार्यक्रम मे हुए आय व्यय की रिपोर्ट कार्यकारी अध्यक्ष मनोरंजन मिश्रा ने प्रस्तुत की । इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवम कार्यसमिति सदस्य, प्रदीप वर्मा,जैलेंद्र कुमार,रशेश्वर नाथ मिश्र, शंकर प्रसाद साहू, उमेश प्रसाद साहू, ब्रजेश सिंह, मनोरंजन मिश्रा, अमरेंद्र सिंह,मंगल गुप्ता, गोविंद महतो, लखिन्द्र महतो, रामजी पांडे, राजू पाठक, कमलेश सिंह, करनल बी के सिंह,मनेस महतो, बसंत मिश्रा, दिवाकर सिंह,रंधीर सिंह, कमल मंडल, सुरेंद्र ठाकुर, विनोद अग्रवाल, राजन साहू, प्रेम शर्मा, गिरेंद्र मोहन प्रसाद,देवी शंकर महतो,सागर साहू,सुभाष,रंजित सिन्हा, भूणेश्वर महतो, मुन्ना जी, आशुतोष द्विवेदी, संजय तिवारी, कामेश्वर महतो, जगदीश नायक,सकुन, जगलाल महतो इत्यादि उपस्थित थे ।



## श्मशान काली पुजा को लेकर बैठक सम्पन्न

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी स्वर्णरिखा शमशान घाट काली मंदिर परिसर मे शनिवार को काली पुजा को लेकर एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सुबोध बाउरी ने किया। बैठक मे काली पुजा को लेकर कई महत्वपूर्ण बातों को रखा गया एवं शांति पूर्ण माहौल मे पुजा को मनाने की बातें की गई। इस वर्ष मंदिर की शुध्दी करण कर बनारस से लाए गए पत्थर की काली मूर्ति की स्थापना भी की जाएगी साथ ही बंगाल के पुरोहित द्वारा शुध्दी करण कर पुजा हवन के साथ भंडारा किया जाएगा। इस मौके पर नकुल महतो, साधु महतो, नीरज, मुन्ना, प्रशांत गोराई, ओम, बिल्टु, पार्थो, बाबु, अरविंद कुमार, मिंटु सुरज, लखन, सुभाष, अमित, लड्डु, समेत शमशान काली मंदिर कमिटी के सदस्य मौजूद थे।



## सिल्ली पुलिस ने अवैध बालु लदा दो हाइवा को किया जब्त

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इतनी रोकथाम होने के बाद भी अवैध बालु का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है।बालु मफिया रात तो रात दिन मे भी हाइवा मे अवैध तरिके से बालु लोड कर बाहार ले जा रहे है। बालु माफियाओं को प्रशासन का डर भय नहीं है। सिल्ली थाना क्षेत्र के रांची पुरुलिया मार्ग पर कुलसुद के समीप रविवार की सुबह आठ बजे सिल्ली पुलिस ने अवैध बालु लदा दो हाइवा को पकड़ कर थाना लाया गया। जानकारी के अनुसार सिल्ली पुलिस को गुप्त सुचना मिली की अवैध रुप से दो हाइवा बालु सिल्ली से रांची ले जाया जा रहा है। सिल्ली थाना के गश्ती दल ने पिछा करते हुए कुलसुद के समीप पकड़ा एवं जब्त कर सिल्ली थाना लाया गया। सुत्रों के अनुसार जब्त हाइवा रामगढ़ जिले का है।



## छात्र ने मां की साड़ी में फांसी लगा कर किया आत्महत्या

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मुरतो गांव निवासी बिशु उरांव का बेटा लाला उरांव 16 वर्ष ने फासी लगा कर आत्म हत्या कर ली। परिजनो ने बताया कि शनिवार की रात में खाना खाने के बाद अपने रूम में सोने चला गया। कुछ काम को लेकर बिशु उरांव ने दरवाजा खोलने के लिये कई बार आवाज दिया रूम के अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला। पड़ोसी के सहयोग से छप्पर का अलस्वेटर तोड़ कर रूम प्रवेश किया। तो लाला उरांव का शव छप्पर के पाईप में साड़ी से लटकता मिला। मृत्यक लाला उरांव,नवाटांड़ मांडर स्थित स्कुल में 10+2 में पढाई करता था। घटना के बाद से मां बतिया उराईन, बहन ललीता कुमारी,भाई ललीत उरांव का रो-रो के बुरा है।वही घटना की सुचना मिलते थाना के एएसआई शस्त्र बल के साथ घटाना स्थल पहुंचे। शव की पंचनामा कर पोस्टर्मटम के लिये रिम्स भेज दी। वहीं घटना को लेकर मृत्यक के पिता बिशु उरांव ने अस्वभाविक मौत की मामला थाना में दर्ज कराया है।



## मृतक के पुत्र को अनुकंपा के आधार पर मिला नियुक्ति पत्र

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सीसीएल कर्मचारी रामविजय सिंह की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद चारों तरफ इसकी कड़ी निंदा की जा रही है।घटना के बाद श्रमिक संगठनों के प्रयास से मृतक के बड़े पुत्र कांत ओंकार नारायण सिंह को अनुकंपा के आधार पर सीसीएल में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सोपा गया।पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने मृतक के बड़े पुत्र कांत ओंकार नारायण सिंह को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय ने घटना पर दुःख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।उन्होंने कंपनी के द्वारा दिए जाने वाले सुविधा को मृतक के आश्रितों को जल्द से जल्द मुहैया कराने का निर्देश दिया।मौके पर जीएम सीबी सहाय,खान प्रबधंक एसके सिंह,कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग,रवि बाड़ा,श्रमिक प्रतिनिधि भीम प्रसाद मेहता, दिलिप गोस्वामी,उमेश मेहता,विरेन्द्र महतो सहित कई लोग मौजूद थे।



## भागवत कथा की तैयारी शुरू

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी में भव्य रूप से आगामी 3 मई 2024 में आयोजित होने वाले भागवत कथा का तैयारी शुरू कर दी गई है. इस क्रम में रविवार को रूद्र महाकाल शिव मंदिर समिति के द्वारा केसरी नया तालाब स्थित शिव मंदिर मैदान परिसर का जायजा लिया गया और साथ ही साथ स्थानीय समिति को कई दिशा निर्देश दिए. इस संबंध में इटकी थाना को अग्रिम लिखित सूचना दे दी गई है . मौके पर आलोक केसरी, अशोक गोप, आनंद केसरी, अनूप केसरी, लक्ष्मी केसरी, भोला गोप उपस्थित थे

## दिगवंत हवलदार के परिवार से मिली विधायक

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व इटकी प्रखंड के ग्राम गड़गांव के स्व0 सत्यजीत कच्छप, पिता स्वश लॉरेंस कच्छप जो कोलेबिरा थाना में हवलदार के रूप में कार्यरत थे।उन्होंने अपने सरकारी राइफल से खुद को गोली मार कर आत्म हत्या कर लिया था।रविवार को मांडर विधान सभा क्षेत्र के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने उनके घर पहुंची और उनके परिजनों से मिल कर ढांढस बधाया, और आगे किसी भी परिस्थिति में हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया । साथ ही साथ गड़गांव क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों से मिली वहीं उनकी समस्याओ को सुना और उनकी समस्याओ का निदान कराने का भरोसा दिलाया। मौके पर अनमोल लकड़ा, अलोक कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# कुकडू में गुरुनानक हॉस्पिटल के हेल्थ चेकअप कैंप 164 मरीजों ने करायी जांच



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को कुकडू पंचायत भवन में गुरुनानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मानगो, जमशेदपुर के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न गांवों के 164 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच करायी। शिविर में जेनरल मेडिसिन, शिशु रोग, स्त्री रोग, जेनरल सर्जरी, किडनी रोग, ईएनटी रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद मरीजों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में डॉ. जोयदेव नंदी, डॉ.साकिब अहसान, डॉ.रोहित झा, डॉ.के मंडल, डॉ.अनुपम महतो, डॉ.शीला कुमारी आदि उपस्थित थे।

# किफायती दर पर आवास उपलब्ध कराने को लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा का बिल्डर्स मीट आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा आज यूनाइटेड क्लब, बिष्टुपुर, में बिल्डर्स मीट का आयोजन किया गया। बैठक में शहर के सभी प्रतिष्ठित बिल्डर्स उपस्थित रहें। बैठक का उद्देश्य बिल्डर के साथ बुनियादी ढांचे के निर्माण और लोगों को किफायती दर पर आवास सुविधाएं प्रदान करने की योजनाओं पर विचार ‌ विमर्श करना था। उक्त बैठक में बैंक की ओर से अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक, पटना अंचल सोनाम टी भूटिया, जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक मनीष प्रकाश सिन्हा, मिड कॉर्पोरेट शाखा प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक सच्चिदानंद सिन्हा अन्य कार्यपालकगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहें ।

# झामुमो युवा नेता सन्नी उरांव ने किया तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी उच्च विद्यालय टोकलो एवं हो लैंड क्लब, टोकलो हादूर, द्वारा आयोजित 41वाँ तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक सुखराम उरांव के पुत्र दिशूम गुरुजी आशीर्वाद योजना के अध्यक्ष सह झामुमो युवा नेता सन्नी उरांव के द्वारा किया गया । मौके पर अतिथि के रूप चक्रधरपुर प्रखण्ड प्रमुख सह झामुमो जिला संयुक्त सचिव विनय प्रधान, बन्दगॉव प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष दौड़ाय जोंको, झामुमो जिला संयुक्त प्रदीप महतो, चक्रधरपुर प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखण्ड सचिव ताराकांत सिजुई ,दीकु गागराई क्षेत्र के प्रसिद्ध फुटबॉल कॉमेंट्री मैन जाटा बोदरा सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे ।

# एन्टी करप्शन ऑफ इंडिया के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बने रामहरि गोप

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एन्टी करप्शन ऑफ इंडिया के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रामहरि गोप को बनाया गया है।



एन्टी करप्शन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट) बी, एन, सिंह यादव ने मनोनयन पत्र जारी कर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पश्चिम सिंहभूम चाईबासा जिला के मंझारी प्रखंड रामहरि गोप को एन्टी करप्शन ऑफ इंडिया के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। वे पश्चिम सिंहभूम जिला में सामाजिक एवं राजनैतिक रूप से बेबाकी से अपनी पक्ष रखते हैं और वर्तमान में झारखंड मजदूर संघ (प्रजातांत्रिक) कोल्हान संयोजक, सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन झारखंड, प्रदेश उपाध्यक्ष आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के सिंहभूम लोकसभा प्रभारी के पद पर आसीन है।

# सोनारी महिला मोर्चा मंडल कमिटी का हुआ विस्तार



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा सोनारी मंडल महिला मोर्चा के अध्यक्ष सरिता लाल की अध्यक्षता में सोनारी भाजपा कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा ज्योति अधिकारी के दिशा निर्देश पर एवं उनके उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के उपस्थिति में महिला मोर्चा के प्रभारी सतेंद्र सिंह यादव के देखरेख में महिला मोर्चा मंडल कमिटी हुआ विस्तार। कमिटी में अध्यक्ष सरिता लाल, उपाध्यक्ष-अनिता देवी, उपाध्यक्ष- रेनु भूमि, महामंत्री-कविता मुंडा, महामंत्री- नेहा साहू, मंत्री--चंद्रकला और सोभा देवी, कोषाध्यक्ष- सोनी देवी, मिडिया प्रभारी-सिमा देवी को।जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रवक्ता सोनू ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र प्रताप सिंह, महामंत्री नारायण प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय रजक उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, मंत्री सुजीत आदित्य, काजल मुखर्जी, विजय कुमार, एवं पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जमीन अधिग्रहण का ग्रामीणों ने किया विरोध विधायक से लगाई गुहार

**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखंड क्षेत्र के कुकडु ग्राम के महिलाओं ने कुकडु में सरकारी जमीन को किसी कंपनी को देने का विरोध किया। विधायक सविता महतो के क्षेत्र भ्रमण के दौरान कुकडु के पुरुष व महिलाओं ने उन्हें बताया कि कुकडु हाट के पश्चिम की ओर कुछ परिवारों के पूर्वजो को बिहार सरकार की जमीन भू- दान पर मिला था जिसपर वे बसे हुए है एवम खेती बाड़ी कर अपना परिवार का भरण पोषण करते है। वही ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक सविता महतो ने उनके खेती का भी मुवायना किया।ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले कोई कंपनी के लोग आकर जमीन का जायजा लेकर नापी करने आए थे और बताया कि यहां किसी कंपनी का फैक्ट्री स्थापित होगी। वहीं विधायक ने ग्रामीणों को सलाह दिया कि वे अपने बातो को जिला उपायुक्त के समक्ष रखे। वही उन्होंने अपने स्तर से भी जिला उपायुक्त से बात कर ग्रामीणों की बात रखने का अस्वासन दिया।

# औद्योगिक क्षेत्र के मजदूरों का शोषण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : अरविंद सिंह

## गम्हरिया शहनाई भवन में आदित्यपुर मजदूर यूनियन की ओर से कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र के मजदूरों का शोषण अब बर्दाश्त नही किया जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र में 20 लाख ठेका मजदूरों का शोषण हो रहा है। वे वर्षो से न्यूनतम मजदूरी की आस लगाए बैठे है। मजदूरों एवं ठेकेदारों का शोषण कर कंगाल से अमीर बने उन उद्यमियों के चेहरे को हम सभी मिलकर बेनकाब करेंगे। उनके काले कारनामे का पर्दाफाश मजदूरों के सामने करेंगे। उक्त बातें रविवार को आदित्यपुर मजदूर यूनियन के बैनर तले मजदूरों एवं ठेकेदारों की समस्या पर शहनाई भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सह आदित्यपुर मजदूर यूनियन के संयोजक अरविंद सिंह ने इस क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में जेएमटी, आरकेएफएल, आधुनिक, टायो समेत अन्य पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की तानाशाही एवं शोषण की मानसिकता का शिकार हुए जेएमटी और टायो के कामगार आज सड़क पर दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हैं। जेएमटी कम्पनी का अधिग्रहण आरके फोर्जिंग द्वारा एनसीएलटी के फैसले पर किया गया। एनसीएलटी द्वारा काफी कम समय एवं रकम में फैसला देकर मजदूरों को उनका हक एवं अधिकार से वंचित कर दिया। कहा कि इस कंपनी से जुड़े मजदूरों और ठीकेदारों का बकाया राशि का भुगतान का प्रतिशत भी एनसीएलटी के निर्णय के आलोक में तय किया गया जो इतनी कम है कि मजदूरों, सप्लायरों से लेकर ठेकेदारों में रोष व्याप्त है। एनसीएलटी ने जो फैसला दिया, वह पीड़ित पक्ष की सुने बिना दिया गया है, जो एक गंभीर मामला है। इस मुद्दे को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराएगा। कहा कि मजदूरों एवं ठेकेदारों को न्याय नहीं मिला तो सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा। कहा कि एसिया, लघु उद्योग भारती, चेंबर ऑफ कॉमर्स आदि बन गए, किंतु मजदूरों की समस्या पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इससे पूर्व गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक से विशाल रैली कार्यक्रम स्थल तक निकाली गई। मजदूर नेता एसएन सिंह ने कहा कि आज मालिक यहां की कंपनी बंद कर दूसरे राज्यों में इसलिए जा रहे हैं कि उन्हें यहां के मजदूरों का सेटलमेंट नहीं देना पड़े। झारखंड वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय महासचिव ओमप्रकाश सिंह ने इस रैली और मजदूरों की एकजुटता के लिए आदित्यपुर मजदूर यूनियन के नेताओं की जमकर सराहना की। पूर्व मुखिया जवाहर लाल महाली ने कहा कि आज कृषि हो या भवन निर्माण या कारखाने के मजदूरों की बात हो या मनरेगा मजदूरों की बात हो, सबका शोषण हो रहा है। सभा की अध्यक्षता कृषि कर्मण पुरस्कार विजेता सोखेन हेंब्रम ने किया। सभा को रामू मुर्मू, होनी सिंह मुंडा, प्रकाश राजू, महेश्वर महतो, सुभाष मित्तल, भगवान सिंह आदि ने संबोधित किया।

**ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित:** इस कार्यक्रम में समाजसेवी चंदन सिंह, भाजपा नेता धर्मेंद्र कुमार, आशीष दास, सुनील सिंह, मोनू झा, शैलेश तिवारी, अमित सिंहदेव, रानी कालुंदिया, अनिमा देवी समेत काफी संख्या में औद्योगिक क्षेत्र के मजदूर उपस्थित थे।

# 1963 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने मिलकर जाना एक-दूसरे का हाल

## 92 वर्षीय प्रधानाध्यापक को दी शतक पार करने की शुभकामनाएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** आदिवासी हाई स्कूल बांगुड़दा से 1963 में मैट्रिक पास कर चुके पूर्ववर्ती छात्रों ने रविवार को अपने तत्कालीन प्रधानाध्यापक आदित्य प्रताप मिश्र एवं शिक्षक पागलानंद मिश्र से मिलकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान 92 वर्षीय आदित्य बाबू को शतक पार करने की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद की कामना की। यह कार्यक्रम 60 साल बाद माचा निवासी पेशे से ग्रामीण चिकित्सक सुकुमार दत्त की पहल पर काटिन स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि आदित्य प्रताप मिश्र ने कहा कि 60 साल बाद हमलोग मिले हैं, मन काफी आनंदित हुआ। उन्होंने कहा कि जब तक हमलोग जीवित रहेंगे इसी तरह का प्यार बना रहे, यही कामना है। भले ही कुछ छात्र आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनलोगों से भी उन्हें काफी प्यार व सम्मान मिला। पुरानी यादों को दिल में समेटे हुए सभी पूर्ववर्ती छात्रों ने जो कार्यक्रम का आयोजन किया यह वाकई प्रशंसनीय है। सेवानिवृत्त इंजीनियर विमल कुमार मिश्र ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि 60 साल के बाद आज अपने गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। सेवानिवृत्त डॉक्टर बिद्याभूषण महतो ने कहा कि अपने गुरुजी के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वे शतक पार करें और उनका आशीर्वाद हम सभी को मिलता रहे। उन्होंने हर साल यह कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। मौके पर डॉ. बिद्या भूषण महतो, बिमल कुमार मिश्र, सुकुमार दत्त, दशरथ महतो, युधिष्ठिर महतो, खगेन महतो, सुभाष तिवारी, क्षितिश तिवारी व कालीपद तिवारी आदि मौजूद थे।

# मंत्री बन्ना गुप्ता ने 730 लोगों को दी पेंशन स्वीकृति पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार द्वारा सर्वजन पेंशन योजना के तहत रविवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कदमा स्थित कार्यालय में कदमा, सोनारी, बिष्टुपुर, साकची, मानगो के रहने वृद्धावस्था और विधवा पेंशन के 730 लाभुकों के बीच स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरण किया. अब इन लाभुकों को पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाएगा. मंत्री के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर, बीच-बीच में आवश्यकता के अनुसार क्षेत्र में शिविर लगाकर इन लाभुकों का आवेदन फार्म भरवाया था. इस के अलावा कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में वृद्धावस्था, विधवा पेंशन, विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने के लिए के लाभुक आते हैं जिन्हें कार्यालय से सहयोग प्रदान किया जाता है. इस दौरान संजय तिवारी, मनोज झा, प्रभात ठाकुर, संजीव झा, बबुआ झा, ईश्वर सिंह, राकेश जयसवाल, बबन शुक्ला, इरशाद हैदर, जितेंद्र सिंह,तुला दा, राजकुमार दास ,देवाशीष डे उर्फ छोटू ,रवि दुबे, राजेश गोराई,धनु महतो ,माजिद अख्तर, राजेश रजक,राजू दास,राजू मलिक,सुमित सोनकर, मालती देवी, संतोष जैन, मनास गिरी,राकेश दास, परीक्षित कुमार उपस्थित थे.

# 2024 के लोकसभा चुनाव में खुंटी लोकसभा से कांग्रेस की जीत पक्की : प्रमेन्द्र मिश्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** तमाड़ के भुइंयाडीह में तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीतीश पांडे के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की आवश्यक बैठक प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची जिला प्रभारी प्रमेन्द मिश्रा, विशिष्ट अतिथि रांची जिला अध्यक्ष अमरनाथ मुण्डा, तमाड़ विधानसभा प्रभारी अरुणा मिंज, कांग्रेसी नेता मृत्यंजय दास, कांग्रेस के तमाड़



प्रखंड प्रभारी निशीकांत गौंझू उपस्थित थे। बैठक में तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस कमिटी एवम तमाड़ बुण्डु व अड़की के प्रखंड अध्यक्ष समेत प्रखंड के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में जिला सह प्रभारी प्रमेन्द्र मिश्रा ने प्रखंड अध्यक्षों को पंचायत कमिटी ओर बुथ कमिटी बनाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को कुदरत हुसैन, त्रिलोचन मुण्डा, लखिन्दर लोहरा, जितेन्द्र मुण्डा, दीपक मधेशिया ने भी संबोधित किया। वहीं बुण्डु ग्रामीण युवा कांग्रेस कमिटी का प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र महली को मनोनीत किया गया। फैयाज अंसारी विनीत सिंह को तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस का महासचिव मनोनीत किया गया। मौके पर अड़की प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश मुण्डा, तमाड़ पश्चिमी के प्रखंड अध्यक्ष रोशन कामति, मिनाज अंसारी, भीम प्रमाणिक, गणेश, रवि, अनिस, उमाचरण, कालीपद, लाल, सिष्टिधर, हरेन, एलेन, सुभाष, फालु , चंदन सहित सैकड़ों युवा कांग्रेसी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन नीतीश पांडे व धन्यवाद फैयाज अंसारी ने किया।

# टाटा स्टील जमशेदपुर रन-ए-थॉन में 5700 से अधिक लोग दौड़े

## कंपनी प्रत्येक पंजीकृत प्रतिभागी के लिए एक पौधा लगाएगी





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील जमशेदपुर रन-ए-थॉन 2023 का 8वां संस्करण आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हुआ। इस वर्ष की थीम थी फिटनेस इज फन, जस्ट रन। 10 किलोमीटर की दौड़ को कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति याराजी और रुचि नरेंद्रन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टाटा स्टील के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर टीवी नरेंद्रन ने 10 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेकर धावकों का मनोबल बढ़ाया और जमशेदपुर के नागरिकों के बीच फिटनेस का संदेश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (पूर्वी सिंहभूम) किशोर कौशल भी उपस्थित थे। अवनीश गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट, टीक्यूएम और इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट्स, टाटा स्टील, डी बी सुंदरा रामम वाइस प्रेसिडेंट (रॉ मैटेरियल), टाटा स्टील, अत्रेयी सान्याल, वाइस प्रेसिडेंट (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट), टाटा स्टील, उत्तम सिंह, वाइस प्रेसिडेंट, आयरन मेकिंग, टाटा स्टील प्रोबाल घोष, वाइस प्रेसिडेंट, शेयर्ड सर्विसेज, मुकुल चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स टाटा स्टील के साथ-साथ संजीव कुमार चौधरी, प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) उपस्थित थे। 5,700 से अधिक लोगों ने तीन प्रतियोगिता श्रेणियों - 10-किमी, 7-किमी और 5-किमी और गैर-प्रतिस्पर्धी 2-किमी फन रन में भाग लिया। रन-ए-थॉन के इस संस्करण में 18 राज्यों से धावकों को भागीदारी देखी गई। इस वर्ष भी, कंपनी सस्टेनिबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक पंजीकृत प्रतिभागी के लिए एक पौधा लगाएगी।

# लच्छीपुर में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की जनजागरण बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की जनजागरण बैठक रविवार को पटमदा प्रखंड के लच्छीपुर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। समिति के सदस्य विश्वनाथ महतो ने कहा कि झारखंड के सीमांत में बसे लोगों तक समिति की विचारधाराओं को पहुंचाने के लिए विभिन्न पंचायतों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही है। इस दौरान ग्रामीणों के साथ जनाधिकार, भाषा, स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उद्योग नीति, सीएनटी एक्ट, पेसा कानून, राशन, बिजली, जल, जंगल, जमीन, खनन, किसानों के लिए एमएसपी, शिक्षा तथा आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों की तैयारी आदि विषयों को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके



पर विश्वनाथ महतो, स्वपन कुम्भकार, अनिल बास्के, मनोज महतो, गोरांग महतो, चंदन, कृतिवास, बहादुर सहिस, बिबेक सहिस, गणेश कुम्भकार देबब्रत, रंजन गोप, अजय आदि लोग शामिल थे।

# ईचागढ़ प्रखंड के 6 सड़कों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरूलडीह :** विधायक सविता महतो के प्रयास से ईचागढ़ प्रखंड के 6 महत्वपूर्ण सड़को का निर्माण कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जिसमें बड़ा आमड़ा हुटुप से डूंगरीडीह भाया हुंडी तक पथ का सुदृढ़ीकरण, सितु से हड़तालडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण, झारुवा से चोगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण,



कुमारडीह से बड़ाचुनचुड़ीया तक पथ का सुदृढ़ीकरण, टीकर सिल्ली रोड से बंगाल बॉडर भाया रघुनाथपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण व सितु बड़ा लापांग रोड से सापड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। वही ईचागढ़ के जनताओ ने विभिन्न सड़कों को प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विधायक सविता महतो का आभार जताया है। उक्त बात कि जानकारी केंद्रीय सदस्य काबलु महतो ने दी।

# नारायणा का स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट एनसैट-2023 का रिजल्ट जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनसैट) का 2023 आज रिजल्ट जारी कर दिया गया है। टेस्ट का आयोजन 01 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2023 तक ऑफलाईन एवं ऑनलाईन किया गया था। नारायणा इन्स्टीट्यूट के नेशनल एकेडिक हेड श्याम भूषण ने बताया कि इस परीक्षा का परिणाम 05 नवम्बर 2023 को जारी किया गया। परीक्षा के परिणाम के आधार पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 8वीं से 12वीं क्लास तक के छात्रों को एक वर्षीय एवं दो वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम में 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप दिया गया है, जो कि नारायणा के किसी भी प्रवेश परीक्षा से अधिक है।




एनसैट-2023 (ऑफलाईन) में जमशेदपुर के कक्षानुसार टॉपर्स

**सातवीं कक्षा:** मिलिन्द वत्स (एआईआर-55, जमशेदपुर रैंक - 1), सुचिस्मिता पाल (एआईआर-69, जमशेदपुर रैंक -2), निमिष सिन्हा (एआईआर-116, जमशेदपुर रैंक - 3)। **आठवीं कक्षा:** अभिनव शंकर (एआईआर-33, जमशेदपुर रैंक - 1), अनंत राज (एआईआर-51, जमशेदपुर रैंक - 2), सक्षम कुमार (एआईआर-142, जमशेदपुर रैंक - 3)। **नवीं कक्षा:** अदित्य ठाकुर (एआईआर-34, जमशेदपुर रैंक -1), रामा मिश्रा (एआईआर-47, जमशेदपुर रैंक-2), सौरिम्या प्रतिहार (एआईआर-97, जमशेदपुर रैंक - 3)। **दसवीं कक्षा-जे.ई.ई:** अयान सिंह (एआईआर-12, जमशेदपुर रैंक -1), सेजल जयसवाल (एआईआर-85, जमशेदपुर रैंक - 2),अनजनेया श्रीवास्तव (एआईआर-85, जमशेदपुर रैंक -2) आसित प्रसाद (एआईआर-91, जमशेदपुर रैंक - 3),आदित्य सिन्हा (एआईआर- 91, जमशेदपुर रैंक-3)। **दसवीं कक्षा-नीट:** कृष्णा सिंह (एआईआर-50, जमशेदपुर रैंक - 1), आदित्य गौतम (एआईआर-75, जमशेदपुर रैंक - 2), अनुपम कुमारी (एआईआर-151, जमशेदपुर रैंक- 3) **ग्यारहवीं कक्षा-जे.ई.ई:** अदित्य प्रभात (एआईआर-48, जमशेदपुर रैंक - 1), जयेश लाल (एआईआर-127, जमशेदपुर रैंक - 2),विनित कुमार (एआईआर-141, जमशेदपुर रैंक - 3) **ग्यारहवीं कक्षा-नीट:** अराध्या दुबे (एआईआर-91, जमशेदपुर रैंक- 1).

# कुंभकार समिति गम्हरिया के रक्तदान शिविर में 185 यूनिट रक्त संग्रह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** दिवंगत सदस्य दुर्गापद पाल और नमिता पाल की स्मृति में कुंभकार समिति गम्हरिया की ओर से कुम्भकार समाज सेवा सदन में आठवां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन समिति के अध्यक्ष मनोरंजन बेज ने किया। शिविर में कुल 185 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर के सफल अजोजन में समिति के महासचिव बंकिम चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष हरे कृष्ण पाल, सीताराम बेज, बालाराम दास, त्रिलोचन पाल, अजय दास, भैरव प्रमाणिक, जितेन दास, चैतन मंडल, संजय दास, आदि थे।

## संपादकीय

# निपटने निपटाने का खेल

**अमेरिकी** युद्धक विमान एफ-16 ने पूर्वी सीरिया में ईंरान की रिवाल्यूशनरी गार्ड कोर यानि आईआरजीसी से जुड़े दो ठिकानों पर हमले करने के बाद पेंटागन ने स्पष्ट कर दिया कि ये हमले गत सप्ताह अमेरिकी सैन्य अड्डों और कर्मियों पर किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों के जवाब में किए गए हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन ने एक बयान में कहा कि इराक तथा सीरिया में ईंरान समर्थित मिलीशिया समूहों द्वारा 17 अक्टूबर को अमेरिकी सैन्य कर्मियों के खिलाफ किए जा रहे हमलों के जवाब में आत्मरक्षा में ये सटीक हमले किए गए हैं। रक्षामंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति जो बिडेन ने यह स्पष्ट करने के लिए लक्षित हमले करने का निर्देश दिया था कि अमेरिका ऐसे हमलों को बर्दास्त नहीं करेगा और अपनी, अपने कर्मियों तथा अपने हितों की रक्षा करेगा। लेकिन रक्षा मंत्री का यह कहना है कि यह हमला इजरायल और हमास के बीच हो रहे युद्ध से अलग है। यह सच है कि अमेरिका ने ईंरान के रिवाल्यूशनरी गार्ड पर निशाना बहुत पहले लगाता आ रहा है, इसलिए उसका यह तर्व सही है कितु वास्तविकता यह है कि अब इजरायल और हमास के बीच जंग ने जो खतरनाक रूप ले लिया है, उसमें ईंरान और अमेरिका दोनों तटस्थ नहीं रह सवेंगे। सीरिया में ईंरानी ठिकानों पर हमले के वुछ घंटों के बाद ही ईंरान ने इराक स्थित अमेरिकी हवाईं ठिकानों पर हमला कर दिया। ईंरान द्वारा शुव्रवार को किए गए हमले का भी अमेरिका जवाब दिए बिना नहीं मानेगा। इजरायल पर इस बात को लेकर दबाव बढ़ रहा है कि वह हमास द्वारा बंधक बनाए गए अपने नागरिकों को छुड़ाए, इसके लिए उसे जो भी कार्रवाईं करनी पड़े, करे। हमास चाहता है कि गाजा पर इजरायल हमले बंद करे तभी बंधकों को छोड़ा जा सकता है। कितु सीरिया स्थित ईंरानी मलेशिया पर अमेरिकी हमले और फिर इराक स्थित अमेरिकी हवाईं डिपेंस बेस पर ईंरानी हमले से इजरायल और हमास युद्ध प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेगा। इसका कारण है कि ईंरान की आंतरिक राजनीति बहुत ही असामान्य स्थिति से गुजर रही है। वह इस बात को महसूस करता है कि अमेरिका इस वक्त दबाव में है क्योंकि रूस-यूव्रेन युद्ध में वह बहुत ज्यादा ईंरान के खिलाफ कार्रवाईं करने की गलती नहीं कर रहा है। कितु ईंरान की समझ में यह नहीं आ रहा है कि इजरायल के पक्ष में अमेरिका यूं ही नहीं खड़ा है। इसका प्रमुख कारण है कि अमेरिका की राजनीति और व्यवसाय में यहूदी समुदाय का अत्यधिक प्रभाव है, इसीलिए वह इजरायल के साथ खड़ा भी दिखेगा और युद्ध में जो भी संभव होगा वह मदद भी करेगा। आपसी मन मुटाव के कारण ईंरान हमास को और अमेरिका इजरायल को रणनीतिक मदद भी करेंगे और परिणामस्वरूप युद्ध लंबा खिंचता जाएगा। यह युद्ध रूस के लिए भी अच्छा है क्योंकि जब अमेरिका और पश्चिमी देश इजराइल के पक्ष में खड़े दिखेंगे तो यूव्रेन को ज्यादा मदद संभव नहीं हो सकेगी। यही रूस भी चाहता है। यही कारण है कि रूस भी चाहता है युद्ध चलता रहे। लगता है कि ईंरान की सहायता में भले ही कोईं देश प्रत्यक्ष रूप से आगे न आए कितु पीछे से चीन जैसे देश उसे उकसाने में पीछे नहीं रहेंगे। बहरहाल अमेरिका ने भले ही अपने सैनिकों के लिए ही ईंरानी ठिकानों पर सीरिया में हमला किया हो कितु यह भी सच है कि यदि ईंरान के खिलाफ कोईं भी कार्रवाईं करने का अवसर मिला तो वह आगे पीछे का सारा हिसाब बराबर करने के लिए अमेरिका उसका पूरा लाभ उठाना चाहेगा।


अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन ने एक बयान में कहा कि इराक तथा सीरिया में ईंरान समर्थित मिलीशिया समूहों द्वारा 17 अक्टूबर को अमेरिकी सैन्य कर्मियों के खिलाफ किए जा रहे हमलों के जवाब में आत्मरक्षा में ये सटीक हमले किए गए हैं। रक्षामंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति जो बिडेन ने यह स्पष्ट करने के लिए लक्षित हमले करने का निर्देश दिया था कि अमेरिका ऐसे हमलों को बर्दास्त नहीं करेगा और अपनी, अपने कर्मियों तथा अपने हितों की रक्षा करेगा। लेकिन रक्षा मंत्री का यह कहना है कि यह हमला इजरायल और हमास के बीच हो रहे युद्ध से अलग है। यह सच है कि अमेरिका ने ईंरान के रिवाल्यूशनरी गार्ड पर निशाना बहुत पहले लगाता आ रहा है, इसलिए उसका यह तर्व सही है कितु वास्तविकता यह है कि अब इजरायल और हमास के बीच जंग ने जो खतरनाक रूप ले लिया है, उसमें ईंरान और अमेरिका दोनों तटस्थ नहीं रह सवेंगे। सीरिया में ईंरानी ठिकानों पर हमले के वुछ घंटों के बाद ही ईंरान ने इराक स्थित अमेरिकी हवाईं ठिकानों पर हमला कर दिया। ईंरान द्वारा शुव्रवार को किए गए हमले का भी अमेरिका जवाब दिए बिना नहीं मानेगा। इजरायल पर इस बात को लेकर दबाव बढ़ रहा है कि वह हमास द्वारा बंधक बनाए गए अपने नागरिकों को छुड़ाए, इसके लिए उसे जो भी कार्रवाईं करनी पड़े, करे। हमास चाहता है कि गाजा पर इजरायल हमले बंद करे तभी बंधकों को छोड़ा जा सकता है।


## कुछ अलग

# गाजा में इजरायली सेना की चुनौतियां

**सेना** की चुनौतियां इजरायली सेना ने बीते बुधवार गाजा पट्टी के उत्तरी हिस्सों में घुसकर वुछ जगहों पर निशाना लगाया। इजरायली सेना ने कहा है कि कईं घंटों तक भले इस मिशन में उनका एक भी सैनिक घायल नहीं हुआ है। इजरायली सेना इस तरह के जमीनी हमले के लिए पिछले कईं दिनों से तैयारियां कर रही थी। इस दिशा में पिछले कईं दिनों से गाजा पट्टी से लगती इजरायली सीमा पर इजरायली सैनिक और सैन्य साजो-सामान इकट्ठा होता दिखा है। इजरायल के जमीनी हमले को लेकर लगातार आशंकाएं जताईं जा रही थीं। हालांकि इसे एक बेहद जोखिमपूर्ण और अनिातिताओं से भरा अभियान बताया जा रहा था। बीबीसी अरबी सेवा के पेरास गिलानी ने मध्य पूर्व कईं मुद्दों को कवर किया है। उन्होंने पिछले कईं मौकों पर गाजा से रिपोर्ट की है। हमास ने सुरंगों का एक विशाल नेटवर्व बनाने के लिए गाजा पट्टी की जमीन को खोखला कर दिया है। हमास की ओर से खोदी गईं सुरंगें सैंकड़ों किलोमीटर तक फैली हुईं हैं। इन सुरंगों के जरिए हमास गाजा की संकरी और घनी आबादी वाली सड़कों के नीचे से सामान ले जाते हैं। यह काम पकड़ में भी नहीं आता है। इजरायल के प्राधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने 7 अक्टूबर के हमले के बाद हमास को वुचलने और खत्म करने की कसम खाईं है। इस हमले में 1400 से अधिक इजरायली मारे गए हैं। हमास के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक गाजा पर इजरायली सेना के हवाईं हमलों में अब तक करीब सात हजार लोग मारे जा चुके हैं। बुधवार को ही इन हमलों में 500 लोगों की मौत हुईं है। हमास के हथियार गाजा पर इजरायल के जमीनी हमले के बाद से ये सुरंगे हमास की युद्ध रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाएंगी। जमीनी हमले की आशंका के बाद से हमास भोजन, पानी और हथियार जमा कर रहा होगा। माना जाता है कि हमास की कईं सुरंगे इजरायल तक पैली हुईं हैं। हमास के लड़ाके इनके जरिए इजरायली सैनिकों पर घात लगाकर हमले कर सकते हैं। इजरायल का मानना है कि हमास को 30000 सैनिक स्वचालित राइफल, हैंड ग्रोनेड और एंटीटैंक मिसाइल चलाने में माहिर हैं। हमास को फिलस्तीनी इस्लामिक जिहाद और छोटे इस्लामिक गुटों जैसे अन्य समूहों का भी समर्थन हासिल है। मौसूल में इराकी सुरक्षा बलों और आईंएस के लड़ाकों के बीच लड़ाईं करीब 9 महीने चली थी। हाल के इतिहास ने हमें यह दिखाया है कि शहरी क्षेत्र में लड़ाईं कितनी खतरनाक हो सकती है। एक बड़ा खतरा है वो है निशाने बाजों का जो पूरे शहर की इमारतों और मलबे के बीच में घिरे रहते हैं और दुश्मन के सैनिकों को चुन-चुन कर निशाना बनाते हैं। इजरायली सेना के हमास के प्राशिक्षित निशानेबाजों से लड़ने का भारी जोखिम उठाने या उन्हें रोकने के लिए इमारतों को ऊपर से पूरी तरह समतल करने के विकल्प का सामना करना पड़ सकता है, अतीत में लोगों को ओर भी दूर भेजने के लिए सौदे किए गए हैं। साल 1982 में फिलस्तीन मुक्ति संगठन लेबनान की राजधानी बेरूत छोड़ने पर सहमत हुआ था। जहां उसे इजरायली सेना ने 3 महीने से घेरा हुआ था। वे अलग-अलग देशों में जाने पर सहमत हुए थे। इस तरह का समझौता गाजा के लड़ाको और नागरिकों की मौतों को कम करने का एक रास्ता हो सकता है लेकिन यह बेहद मुश्किल है कि यह राजनीतिक रूप से वैसे अमल में लाया जा सकता है।

## केन्द्र सरकार की यह नीति जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली आतंकी कार्रवाईयों से प्रभावित है

# इजराइल-हमास लड़ाई पर भी तुष्टिकरण की राजनीति से बाज नहीं आ रहे कुछ राजनीतिक दल

**योगेंद्र योगी**


केंद्र की भाजपा सरकार ने पहले दिन से ही रुख साफ कर दिया कि किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई का भारत समर्थन नहीं करेगा। केन्द्र सरकार की यह नीति जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली आतंकी कार्रवाईयों से प्रभावित है। आश्चर्य की बात यह है कि इस मामले में नये बने विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस को छोड़ कर ज्यादातर दलों ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की। ऐसे मुद्दों पर विपक्षी दल ज्यादातर बचाव या विरोध की नीति ही अपनाते रहे हैं। दरअसल कांग्रेस सहित गैर भाजपा दलों का निशाना भी अल्पसंख्यक वोट बैंक होता है। ऐसे में कोई भी दल सार्वजनिक तौर पर प्रतिक्रिया जाहिर करने से बचता है।


**इजरायल** फिलिस्तीन युद्ध में हमास के क्रूर आतंकी घटना की आलोचना करने की बजाए इजरायल की निंदा करने से साबित हो गया है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल अल्पसंख्यकों के वोट के लिए किस तरह तुष्टिकरण की नीति पर चलते हैं। यही वजह है कि भाजपा विपक्षी दलों पर आक्रामक रुख अख्तियार करती रही है। दरअसल विपक्षी दल आतंकी हमास की निंदा करके देश के अल्पसंख्यक वोट बैंक को नाराज नहीं करना चाहते। इस नए युद्ध की शुरुआत आतंकी संगठन हमास ने की। इसमें सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे गए और बड़ी संख्या में लोगों का अपहरण कर लिया। इसके विपरीत इस मुद्दे पर कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपना कर भाजपा को फिर से एक नया मुद्दा थमा दिया। केंद्र की भाजपा सरकार ने पहले दिन से ही रुख साफ कर दिया कि किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई का भारत समर्थन नहीं करेगा। केन्द्र सरकार की यह नीति जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली आतंकी कार्रवाईयों से प्रभावित है। आश्चर्य की बात यह है कि इस मामले में नये बने विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस को छोड़ कर ज्यादातर दलों ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की। ऐसे मुद्दों पर विपक्षी दल ज्यादातर बचाव या विरोध की नीति ही अपनाते रहे हैं। दरअसल कांग्रेस सहित गैर भाजपा दलों का निशाना भी अल्पसंख्यक वोट बैंक होता है। ऐसे में कोई भी दल सार्वजनिक तौर पर प्रतिक्रिया जाहिर करने से बचता है। इसमें हमास ने पहले हमला कर युद्ध को आमंत्रित किया, इसलिए विपक्षी दल स्पष्ट प्रतिक्रिया देने से कतरा रहे हैं। इसके विपरीत जम्मू-कश्मीर में धारा 370, तीन तलाक और अयोध्या में राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने भाजपा के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया जाहिर करने में देर नहीं लगाई। धारा 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर की शांति और तरक्की की हालत सर्वविदित हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं लगभग शून्य हो गई हैं। इस साल पर्यटकों की रिकार्ड आमद दर्ज की गई है। जम्मू-कश्मीर से एक अग्निवीर का दस्ता तक सेना में शामिल हुआ है। जम्मू-कश्मीर में जी20 की बैठक हो चुकी है। इसी से स्पष्ट होता है कि गैरभाजपा दलों को किस तरह से अल्पसंख्यक वोट बैंक के तौर पर नजर आते हैं। इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर फिलिस्तीन के समर्थन में



एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें निराशा और पीड़ा व्यक्त की और फिलिस्तीनी लोगों के भूमि (और) स्वशासन, गरिमा और सम्मान के साथ जीने के अधिकार के प्रति अपने समर्थन को तवज्जों दी। हमास ने जिस तरह बच्चों और महिलाओं के कत्ल करके इंसानियत को शर्मसार किया, उस पर कांग्रेस ने एक शब्द भी नहीं कहा और ना ही अपहृत लोगों को रिहा किए जाने की अपील की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा मानना रहा है कि इजरायलियों की राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को सुनिश्चित करते हुए फिलिस्तीन के लोगों की वैध आकांक्षाओं को बातचीत के माध्यम से पूरा किया जाना चाहिए। कांग्रेस के इस बयान पर भाजपा ने जोरदार हमला बोला। भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने एक पोस्ट में कांग्रेस के बयान को अत्यंत निंदनीय बताया। विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर राष्ट्रनीति और राष्ट्रहित के खिलाफ फैसला लेते हुए प्रस्ताव पारित किया है। एक धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए कांग्रेस किस हद तक गिर सकती है? उन्होंने कहा, अब कांग्रेस आतंकवाद से भी समझौता करने को तैयार है। हम और हमारी पार्टी भी विपक्ष में रही हैं लेकिन कभी भी राष्ट्रहित के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया। कांग्रेस का हाथ आतंकवाद के साथ है। अपने प्रस्ताव में कांग्रेस ने कहा कि सीडब्ल्यूसी मध्य पूर्व में छिड़े युद्ध पर अपनी निराशा और पीड़ा व्यक्त करती है, जहां पिछले दो दिनों में एक हजार से अधिक लोग मारे गए हैं। भाजपा ने हमलावर रुख अख्तियार करते हुए कांग्रेस के शासन के दौरान हुई आतंकी वारदातों को गिना दिया। इसका एक वीडियो जारी करते हुए भाजपा ने कहा कि यूपीए के समय जून 2004 से मई 2014 तक भारत में 10, 262 आतंकी हमले हुए। जिसमें 7012 नागरिकों की जान गई। 2014 में देश में नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई। जिसके बाद 2016 में पीओके में सर्जिकल स्ट्राइक हुई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने इजराइल और हमास से जुड़े युद्ध के बीच कांग्रेस के प्रस्ताव की तुलना पाकिस्तान और तालिबान से की और आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के लिए देश के हित का बलिदान करना उसके डीएनए में है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के प्रस्ताव में पाकिस्तान और तालिबान के बयानों से काफी समानताएं हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, पाकिस्तान और तालिबान हमास की निंदा नहीं करते। इजराइल पर आतंकवादी हमले की निंदा नहीं करते और बंधक महिलाओं और बच्चों के संबंध में चुप हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के लिए देशहित की बलि चढ़ाना कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस बेशक फिलीस्तीन की दुहाई की आड़ में हमास की आतंकी कार्रवाई की निंदा से बेशक बच रही हो किन्तु खाड़ी के कुछ देशों ने इसकी भर्त्सना की है। संयुक्त अरब अमीरात ने हमास के हमले को गंभीर और तनाव बढ़ाने वाला बताया था। यूएई के विदेश मंत्रालय के बयान में कहा था कि वो इसराइली नागरिकों को उनके घरों से अगवा कर के बंदी बनाए जाने की ख़बरों से स्तब्ध है। बहरीन ने भी हमास के हमलों की आलोचना की है। बहरीन ने कहा था कि हमले ने तनाव को ख़तरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ गई है। इन दोनों देशों के ये बयान उनके पहले के रुख़ से अलग है, जब पूरा अरब वर्ल्ड इसराइल के खिलाफ एक सुर में बोलता था। ईरान खुलकर हमास का समर्थन कर रहा है और इसराइल पर सीधे उंगली उठा रहा है। ईरान के हितों का अपना समीकरण है और उसी के हिसाब से वह प्रतिक्रिया दे रहा है। क़तर ने इसराइल को इस तनाव का अकेला जिम्मेदार बताया है। मलेशिया, पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान ने भी फ़िलस्तीनियों के प्रति समर्थन दिखाया है। खाड़ी देशों के इस तरह अलग-अलग बयानों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि विश्व में देशों के रिश्ते किस तरह बदल रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस सहित भारत के विपक्षी दल अभी तक ऐसे मसलों को सिर्फ वोट बैंक से नजरिए से देखते रहे हैं। भारत के संबंध खाड़ी देशों से लगातार बेहतर हो रहे हैं। गौरतलब है कि हमास के हमले से पहले सऊदी अरब और दूसरे देश इसराइल से संबंध सुधारने के लिए समझौता करने वाले थे। इस हमले के बाद हालात बदल गए हैं।

# इजरायल-हमास जंग : जिनके लिए इंसानियत से बड़ा है मजहब


हमास के दहशतगर्दो ने न सिर्प जीवित युवतियों, बल्कि उनके शवों से भी बलात्कार किया। इसके बाद उनके शवों की बेकदरी भी की। ये दहशश्तगर्द अपने साथ इस्लामिक दहशतगर्द संगठन 'आइ.एस.' के झण्डे भी लाए थे। यही नहीं, हमास के ये दहशतगर्द दो सौ के करीबं हर उम्र के लोगों का अपहरण करके भी ले गए, ताकि इन बन्धकों को लेकर सौदेबाजी कर इजरायल से अपनी हर तरह की माँगें मनवायी जा सवें। हमास के दहशतगर्दो के इस हमले और उनकी दरिन्दगी से इजरायल हतप्रभ होने के साथ-साथ बडी संख्या में अपने लोगों की हत्याओं से बेहद गुस्से में हैं, वही, उनकी दरिन्दगी और दानवी वृत्य की जहाँ दुनिया भर के लोग निन्दा और आलोचना कर रहे हैं, वहीं 'हमास के इन दहशतगर्दो के वुछ हम मजहबी मुल्क और लोग उनकी इस बेहद शर्मनाक, हैवानियत और वहिशयानी हरकत पर खुश्शी जाहिर करते हुए उसे जायज ठहरा रहे हैं। इसे वे फलीस्तीन की आजादी की जंग और इन लड़ाके बता रहे हैं।


**गत** 7 अक्टूबर को इजरायल पर गाजा पट्टी के फलस्तीनी इस्लामिक आतंकवादी संगठन हमास के दहशतगर्दो द्वारा सुबहसुबह यकायक सात हजार राकेटों की दागते हुए थल से सरहद पर लगी अभेदा दीवार को राकेटों से भेद कर मोटर साइकिलों पर घातक हथियार लेकर जल से नौकाओं वायु मार्ग से पैराग्लाडर्स से 'सिमचत तोरा' त्योहार मना रहे थे और नृत्य समारोह में शामिल दुनियाभर से आए निहत्थे स्त्रियों, पुरुषों, छोटेछोटे बच्चों वृद्धों पर मजहबी नारे लगाते हुए अन्धाधुन्ध गोलियों बरसा कर बड़ी संख्या में उन्हें बर्बरता, निर्ममता, नृशंसता और वीभत्स ढंग से मार डाला। इनमें वुछ को चावुओं से गोद डाला या फिर उनके गले काटे, या फिर उन्हें जिन्दा जला दिया। हमास के दहशतगर्दो ने न सिर्प जीवित युवतियों, बल्कि उनके शवों से भी बलात्कार किया। इसके बाद उनके शवों की बेकदरी भी की। ये दहशतगर्द अपने साथ इस्लामिक दहशतगर्द संगठन 'आइ.एस.' के झण्डे भी लाए थे। यही नहीं, हमास के ये दहशतगर्द दो सौ के करीबं हर उम्र के लोगों का अपहरण करके भी ले गए, ताकि इन बन्धकों को लेकर सौदेबाजी कर इजरायल से अपनी हर तरह की माँगें मनवायी जा सवें। हमास के दहशतगर्दो के इस हमले और उनकी दरिन्दगी से इजरायल हतप्रभ होने के साथ-साथ बडी संख्या में अपने लोगों की हत्याओं से बेहद गुस्से में हैं, वही, उनकी दरिन्दगी और दानवी वृत्य की जहाँ दुनिया भर के लोग निन्दा और आलोचना कर रहे हैं, वहीं 'हमास के इन दहशतगर्दो के वुछ हम मजहबी मुल्क और लोग उनकी इस बेहद शर्मनाक, हैवानियत और वहिशयानी हरकत पर खुश्शी जाहिर करते हुए उसे जायज ठहरा रहे हैं। इसे वे फलीस्तीन की आजादी की जंग और इन लड़ाके बता रहे हैं। ये इस बात पर फा महसूस करते हैं कि हमास ने इजरायल जैसे ताकतवार मुल्क पर हमला करने का हौसला दिखाया है। इनमें से किसी ने भी बेकसूर लोगों की निन्दा तक नहीं की है अब भारत समेत दुनिया के 57 इस्लामिक मुल्कों में ही नहीं, वरन्‍ जहाँ कहीं कम या अधिक संख्या मुसलमान बसते हैं, वहाँ-वहाँ मुसलमान मजहबी नारे लगाते हुए फलस्तीनियों के समर्थन में उग्र प्रदश्र्शन करते हुए जुलूस निकाल रहे हैं, जबकि वुछ साल पहले जब अफगानिस्तान में इस्लामिक कट्टरपंथी दहशतगर्द संगठनं तालिबान द्वारा मुसलमानों पर हर तरह के जुल्म करते हुए उन्हें मौत के घाट उतारा जा रहा था। तब भारत और दुनियाभर के मुसलमान तमाशबीन बने हुए थे। इसकी असल वजह इस समुदाय का इस उसूल को मानना है कि अपने हम मजहबी ने मारा, तो कोई बात नहीं, अगर गैर मजहबी ने मारा, तो उसकी खैर नहीं। इसीलिए ये लोग अपने मजहबियों फलस्तीनियों पर इजरायलियों के पलट वार को बर्दाशत नहीं कर पा रहे हैं और उससे हर हाल में जुल्मी/जालिम/ शैतान साबित करने में जुट हुए हैं और हमास के दरिन्दों को मुजाहिद और जंगजू। लेकिन ताजुब्ब की बात यह है कि ये इस्लामिक मुल्क हम मजहबियों को अपने मुल्क में पनाह देने को आगे नहीं आते। जो यूरोपीय इन्हें अपने यहाँ आसरा देते आए हैं। वहाँ मजहब के नाम पर ये उनके गले काटने में देर नहीं लगाते हैं। इस वजह से ये मुल्क अपनी गलती पर पछता रहे हैं। इधर ऐसे में भारत सरकार ने इजरायल पर हमास के आतंक वादियों के हमले की निन्दा की और इस मुश्किल घड़ी में उसके साथ खडे होने की बात कही है, लेकिन इसके माने यह कतईं नहीं कि वह फलीस्तीन की स्वतंत्रता के विरुद्ध है। भारत के केवल आतंकवाद के खिलाफ है। फिर भी देश के मुसलमानों के तमाम मजहबी और सियासी संगठनों के नेता और इस्लामिक लोग हमास की उत्त घृणित कारनामों को सही ठहरा रहे हैं। यहाँ तक कि वे अपनी सरकार की नीति की मुखालफत करते हुए आतंकवादी संगठन 'हमास' और फलस्तीन की खुलकर तरफदारी भी कर रहे हैं, क्योंकि वे हमास के दहशतगर्दो को मुजाहिद मानते हैं, जो अपने मजहब और मुल्क के लिए लड़ रहे हैं। ये लोग फलस्तीनियों की मौत का मातम मना रहे हैं और जुम्मे की नमाज में उनकी कामयाबी के लिए दुआ माँगी। यह तब जब ये सभी जानते हैं कि हमास सुन्नी मुसलमानों का एक आतंकवादी संगठन है, जिसका एकमात्र मकसद दहशतगदा के जरिए यहूदियों और इजरायल का समूल नाश कर स्वतंत्र मुल्क फलस्तीन बनाना है। हमास दरअसल, 'शरकत अल-मुकावामा अल इस्लामिया' का संक्षिप्त रूप है। इसका 'गाजा पट्टी'पर कब्जा है, जबकि फलस्तीन प्राधिकरण का वेस्ट बैंक पर शासन है, जिससे वर्तमान में चैयरमेन महमूद अब्बास है। गाजा पर कब्जे के बाद से हमास समय-समय पर इजरायल पर हमले करता रहा है। अपने देश में जम्मू-कश्मीर से लेकर दक्षिण में केरल तक पामि गुजरात से लेकर पूवरेत्तर राज्यों तक अलीगढ़ में मुस्लिम यूनिर्वसिटी, दिल्ली की जामिया मिलिया इस्लामिया, जेएनयू, कोलकाता यूनिर्वसिटी आदि में मुसलमान छात्रों के मजहबी नारों और फलीस्तीनी, हमास, आईंएस झण्डों के साथ वामपंथी दलों से जुडे छात्र संगठन-आइसा, स्टूडेण्ट पेडरेशन आदि फलीस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर जुलूस निकाल रहे हैं, जो खुद को इन्सानियत, इन्साफ, जम्हूरियत का सबसे बड़ा पैरोकार बताते और साबित करते आए है।

## देश दुनीया से

# तेल के डग्गामार समुद्री जहाजों की दास्तान...और इमैनुअल नोबेल की उपलब्धियां

**ईरान** की मानवाधिकार योद्धा नरगिस मोहम्मदी इसी अक्तूबर दुनिया की आदर्श बन गईं। ईरान के अधिनायकवादी शासन के खिलाफ संघर्ष में 31 साल से जेल में बंद नरगिस को सम्मानित कर नोबेल शांति पुरस्कार ने खुद को गौरवान्वित किया। अलबत्ता चिकित्सा, साहित्य, अर्थशास्त्र आदि में शोध और रचना के नए क्षितिज गढ़ने वालों को नोबेल पुरस्कारों की सुर्खियों के बीच कारोबारियों की दुनिया अंधेरे समुद्रों से उठने वाली कुछ खबरों के ओर-छोर तलाश रही थी। यह खबरें ईरान से भी जुड़ी थीं और रूस व वेनेजुएला से भी। बीते बरस जी7 देशों ने रूस के तेल पर एक अनोखी पाबंदी लगाई कि उसका तेल 60 डॉलर प्रति बैरल से महंगा नहीं बेचा जा सकता। पाबंदी इसलिए लगी क्योंकि रूस महंगा तेल बेच कर कमाई कर रहा है और जंग थोपकर यूक्रेन को तबाह कर रहा है। यह शर्त लागू हुई शिपिंग और जहाजों का बीमा करने वाली कंपनियों के जरिये। जहाज वाले अब 60 डॉलर से महंगा रूसी तेल नहीं उठायेंगी। उस माल और यात्रा का बीमा भी नहीं होगा। जी7 देशों ने इस सितंबर में जब तेल बाजार की तस्वीर देखी तो बगलें झांकने लगे। रूस पर इस सख्ती का कोई असर नहीं हुआ। उसका तेल बदस्तूर टैंकर शिप के जरिये चीन और भारत पहुंच रहा था। रूस ही क्यों, ईरान और वेनेजुएला भी प्रतिबंधों के धुर्रे बिखेर कर पूरी दुनिया में तेल बेचने घूम रहे थे। इस साल मई मलेशिया के पास पाब्लो नाम का एक टैंकर शिप हादसे का शिकार हुआ था। गैबन में रजिस्टर्ड 27 साल पुराना यह जहाज अवैध रूप से ईरान का कच्चा तेल दुनिया में पहुंचाता था। अब यह रूस के लिए भी काम कर रहा था। यह ऑयल टैंकर्स का डार्क फ्लीट है...तेल के कारोबार की दुनिया को पहली बार इनकी ताकत का अहसास हुआ है। इन डग्गामार आयल टैंकर जहाजों ने प्रतिबंधों को समुद्र में डुबा दिया है। यह पुराने जहाज बगैर बीमा के तेल ले जाते हैं और अब निकोलस मादुररो, ब्लादीमिर पुतिन और अल खमैनी की ऑयल कूटनीति का हिस्सा हैं।


ईरान के अधिनायकवादी शासन के खिलाफ संघर्ष में 31 साल से जेल में बंद नरगिस को सम्मानित कर नोबेल शांति पुरस्कार ने खुद को गौरवान्वित किया। अलबत्ता चिकित्सा, साहित्य, अर्थशास्त्र आदि में शोध और रचना के नए क्षितिज गढ़ने वालों को नोबेल पुरस्कारों की सुर्खियों के बीच कारोबारियों की दुनिया अंधेरे समुद्रों से उठने वाली कुछ खबरों के ओर-छोर तलाश रही थी। यह खबरें ईरान से भी जुड़ी थीं और रूस व वेनेजुएला से भी। बीते बरस जी7 देशों ने रूस के तेल पर एक अनोखी पाबंदी लगाई कि उसका तेल 60 डॉलर प्रति बैरल से महंगा नहीं बेचा जा सकता। पाबंदी इसलिए लगी क्योंकि रूस महंगा तेल बेच कर कमाई कर रहा है और जंग थोपकर यूक्रेन को तबाह कर रहा है। यह शर्त लागू हुई शिपिंग और जहाजों का बीमा करने वाली कंपनियों के जरिये। जहाज वाले अब 60 डॉलर से महंगा रूसी तेल नहीं उठायेंगी।


**मगर इस डग्गामारी का नोबेल से क्या रिश्ता है?**
**तो आई बैठिये टाइम मशीन में।**

हम आपको ले चलते है स्वीडन के ऐतिहासिक शहर ऊप्साला। स्टॉकहोम से करीब 64 किलोमीटर दूर। उत्तरी यूरोप के इतिहास की चर्चा ऊप्साला के बिना नामुमकिन है। यह शहर प्राचीन नॉर्स धर्म का काशी, काबा या वेटिकन है। थोर, ओडिन फ्रेयर जैसे महान नॉर्स देवताओं के मंदिर का केंद्र ऊप्साला नॉर्स दंतकथाओं का केंद्र है। यही शहर पेगन और क्रिश्चियन धर्म के रक्तरंजित संघर्ष का गवाह भी है। कहते हैं उस युद्ध में ऊप्साला के महान मंदिर को जला दिया गया था। नेटफ्लिक्स पर वाइकिंग इतिहास की गाथाओं के साथ ऊप्साला नई पीढ़ी को रोमांचित कर रहा है। 15 सदी में बनी ऊप्साला यूनिवर्सिटी उत्तरी यूरोप के ज्ञान का केंद्र थी। यूनिवर्सिटी की मशहूर शख्सियत थे ओल्ड रुडबेक। चिकित्सा विज्ञानी, अन्वेषक, इतिहासकार रुडबेक ने स्वीडन को कई पीढ़ियों तक प्रभावित किया। रुडबेक गायक भी थे। 1675 में सम्राट कार्ल्स 11वें के राज्याभिषेक का गीत उन्होंने ही लिखा और गाया भी। नोबेल पुरस्कार वाले अल्फ्रेड नोबेल इन्ही रुडबेक के परिवार से आते थे। अल्फ्रेड नोबेल पिता इमैनुअल नोबेल 19वीं सदी की विशिष्ट प्रतिभाओं में एक थे। वह वैज्ञानिक, प्लानर, और इंजीनियर थे। मार्च 1928 में 27 साल की उम्र में वह पेटेंट हासिल करने लगे थे मगर इमैनुअल कारोबार करना चाहते थे। कंस्ट्रक्शन का धंधा किया जो 1835 में डूब गया।

## दृष्टिकोण

# खिलंदड़े युवा से महान प्रबंधक तक...द ग्रेटेस्ट कैपिटलिस्ट हू एवर लिव्ड

**आईबीएम** की चमत्कारिक उपलब्धि ने डिजिटल दुनिया ही बदल कर रख दी थी। रेल्फ वॉटसन मैकइल्वेनी व मार्क वॉटमैन की नई किताब, द ग्रेटेस्ट कैपिटलिस्ट हू एवर लिव्ड इसके केंद्र रहे थॉमस जे वॉटसन जूनियर की दिलचस्प ज़न्दिगी और आईबीएम के शानदार सफर का पठनीय खाका पेश करती है। वॉटसन जूनियर का योगदान दरअसल आधुनिक विश्व के निर्माण में रॉकफेलर, मॉर्गन आदि से कहीं ज्यादा ही था। तकनीकी रूपांतरण के दौर में जूनियर ने पीसी की शुरुआत कर आईबीएम और उसके कर्मचारियों को तो जोखिम में डाला ही था, अपने भाई से उनका विवाद इस कदर बढ़ा कि भाई की मृत्यु के बाद उनकी खुद की मृत्यु की भी आशंका बन गई थी। युवावस्था में थॉमस जे वॉटसन की नियति निरंतर विफल होने की थी। तीन अलग-अलग स्कूलों में पढ़ते हुए बेहद मुश्किल से उन्होंने हाई स्कूल डिप्लोमा किया। उनके पिता वॉटसन सीनियर का अपने बेटे के प्रति अजीब व्यवहार था। नतीजतन वॉटसन जूनियर विद्रोही और बिगड़ैल बन गए। यह किताब वॉटसन जूनियर के बारे में दोटूक बताती है कि वह अपने पिता की कंपनी में काम करना



कतई नहीं चाहते थे। इसके बावजूद जूनियर ने न सिर्फ अपने पिता की कंपनी संभाली, बल्कि अपने आज्ञाकारी छोटे भाई को पिता का साम्राज्य संभालने के लिए प्रेरित और तैयार भी किया। यह अजीब है कि अपने पिता के प्रति विकर्षण ने ही जूनियर को आईबीएम को बचाने के लिए प्रेरित किया। अमेरिका के द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल होने से ठीक पहले वायुसेना में शामिल होकर बी-24 विमान उड़ाकर उनमें आत्मविश्वास पैदा हुआ। किताब में जूनियर को महानतम पूंजीवादी बताया गया है, लेकिन उन्हें महानतम प्रबंधक कहना ज्यादा उचित होगा, क्योंकि वह अपने कर्मचारियों की प्रतिभा के साथ पूरा न्याय करते थे। पिता के साथ विवाद में अप्रत्याशित रूप से उन्हें जस्टिस डिपार्टमेंट के उस एंटी ट्रस्ट विभाग का साथ मिला, जिसका अमेरिकी की कॉरपोरेट दुनिया में खासकर उत्तराधिकार के मामले में हस्तक्षेप रहता आया है। आईबीएम के मालिकाना विवाद का इतिहास तो अपनी जगह है ही, टेक इंडस्ट्री में आईबीएम के लंबे वर्चस्व को भी नहीं भूलना चाहिए। मसलन, टेक इंडस्ट्री में आज कैजुअल ड्रेस की जो प्रवृत्ति है, वह वस्तुतः 1970 के दशक में एपल जैसी कंपनियों द्वारा आईबीएम के सख्त ड्रेस कोड की प्रतिक्रिया का नतीजा था, आईबीएम में डार्क सूट, सफेद शर्ट और पारंपरिक टाई का बेहद सख्ती से पालन किया जाता था। आईबीएम पर यह पहली किताब नहीं है, न ही वॉटसन पिता-पुत्रों के रिश्तों के बारे में यह पहली पुस्तक है। वर्ष 1990 में खुद जूनियर ने फादर, सन एंड कंपनी लिखी थी, जो बेस्ट सेलर थी। लेकिन आईबीएम पर लिखी गई यह संभवतः सबसे विशद और प्रामाणिक पुस्तक है।

# यदुवंशियों का गौरवशाली रहा है इतिहास : अन्नपूर्णा

## अहीर रेजीमेंट का गठन व जातीय जनगणना कराने की मांग

## यादव महासभा शताब्दी वर्ष समापन समारोह में उमड़ा हुजूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि महाभारत काल से लेकर अबतक यदुवंशी देश की रक्षा में अपनी जान न्योछावर किए हैं।जिला मुख्यालय स्थित बाबा घाट मैदान में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा शताब्दी वर्ष समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के अलावा बिहार, यूपी, असम, महाराष्ट्र, हरियाणा समेत अन्य राज्य से हजारों की संख्या में यादव समाज के लोग शामिल हुए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं विशिष्ट अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सपन कुमार घोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रफुल कुमार दास, प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुभाष यादव, पूर्व विधायक मनोज यादव, डा. जगदीश यादव, डा. विनोद यादवेंदु, बिहार के राजद सांसद रेणु यादव, असम से आये उमाकांत यादव, डा. बादल यादव, ददन पहलवान, डा. रूबी यादव, शोभा यादव, बलवंत यादव, कार्यक्रम संयोजक रंजन यादव, अरूण कुमार यादव, नीलम देवी समेत कई मौजूद थे। समारोह की शुरूआत भगवान श्रीकृष्ण व माता दुर्गा के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वैदिक काल से लेकर आधुनिक युग में यदुवंशियों का गौरवशाली इतिहास रहा है। देश पर जब जब संकट आया है, समाज के लोग राष्ट्र प्रेम दिखाते हुए अहम भूमिका निभाई है। कहा कि यदुवंशियों को राष्ट्र प्रेम का समर्पण विरासत में मिला है। इतिहास में कई युग में अहीर सैनिको ने दुश्मनो को परस्त किया है। उन्होंने अहीर रेजीमेंट की मांग को जायज बताया। कहा कि समाज के इस मांग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुचाएंगे। सरकार को इसपर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि महाभारत काल से लेकर अबतक यदुवंशी देश की रक्षा में अपनी जान न्योछावर किये है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के माध्यम से संकट को उबारा हैं। इससे पूर्व ब्रिगेडियर प्रदीप कुमार के द्वारा लाये गए लहुं मिश्रित मिट्टी कलश को समारोह स्थल पर रखा गया। समारोह को महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सपन कुमार घोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रफुल कुमार दास, अरूण कुमार यादव, नीलम देवी समेत अन्य ने संबोधित किया। सभी ने एक स्वर में सरकार से अहीर रेजीमेंट का गठन व जातीय जनगणना कराने की मांग की।

# पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत बरछिया स्थित खेल मैदान में रविवार को युथ क्लब बरछिया द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ। पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी डॉ अभिषेक कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य रमेश राम,पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव,थाना प्रभारी मुकेश चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट व फुटबॉल को किक मार कर किया.इससे पुर्व आये सभी अतिथियों को युथ क्लब बरछिया के द्वारा बारी बारी से पुष्प गुछ देकर स्वागत किया गया। ठीक इसके बाद मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी डॉ अभिषेक ने कहा की हर एक को प्रतिदिन कोई न कोई खेल खेलना चाहिए जिस से तन मन दोनो का विकास होता है। वंही आयोजन कमिटी को मिठाई व सहयोग राशि देकर खेल को और अच्छे से खेलने एवं खेलाने को कहा। पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव ने कहा की फुटबॉल ही ऐसा खेल है जिससे पूरे शरीर को फिट रखता है। जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने क्लब के समर्पित लोगो को धन्यवाद देते हुए कहा की इस तरह से खेल का आयोजन होने से लोगो में एक खेल की भावना का विकाश होता है।

# डाइग्नोस्टिक सेंटर सिमरिया में जांच करने पहुंचे सीएस, दिया आवश्यक निर्देश



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के थाना रोड़ स्थित संचालित डाइग्नोस्टिक सेंटर में चतरा सीएस जगदीश प्रसाद पहुंचे। जहां सभी तरह का आवश्यक कागजात का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान मौजूद डाइग्नोस्टिक महिला जो गुमला हॉस्पिटल में नियुक्त हैं वो सिमरिया में रह कर कार्य कर रही है। जिसपर सीएस भड़क गए। वहीं सभी कागजातों को अवलोकन के साथ साथ उक्त महिला डाइग्नोस्टिक कर्मी का सर्टिफिकेट साथ लेते गए। बता दें की बीते दिन उक्त जांच घर में जांच के दौरान डेंगू बीमारी निकालने का मामला सामने आया था। जिसके आलोक में सीएस जगदीश प्रसाद ने जांच कर फिलहाल बंद करने का आदेश रेफरल अस्पताल प्रभारी को दिया। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने ने कहा कि कागजात अवलोकन तक यह डाइग्नोस्टिक सेंटर बंद रहेगा।

# स्कूली लीग बी ग्रुप के पहले मैच में शेरशाह वारियर्स ने फेयरलेस फाइटर को 4 विकेट से हराया



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित स्कूली क्रिकेट लीग बी ग्रुप का पहला मैच शेरशाह वारियर्स तथा फेयरलेस फाइटर के बीच खेला गया।जहां फेयरलेश फाइटर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 150रन पर ही सिमट गई। जिसमे सचिन कुमार 48, इमदाद अंसारी 28 तथा लवकुश कुमार ने 19 रन का योगदान दिया। शेरशाह वारियर्स की ओर से आकाश साहू 3, विजय रोहित 2 तथा अर्णव सिंह ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी शेरशाह वारियर्स ने 25 वे ओवर में 6 विकेट खोकर 153 रन बनाकर मैच को जीत लिया। जिसमे विजय रोहित 39, रौशन कुमार ने 21 रन का योगदान दिया। फेयरलैश फाइटर की ओर से अंकित कुमार ने 3विकेट चटकाए। मैच के अंपायर आनंद सिंह तथा नितिश कुमार थे जबकि स्कोरिंग शिवांश सिंह राठौर ने किया। वही मैच के पर्यवेक्षक श्रवण महलि थे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शेरशाह वारियर्स के विजय रोहित को जेएससीए अंपायर सह एलडीसीए सदस्य जितेंद्र कुमार के द्वारा दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे।

# आदर्श नगर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने पंकज गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय के आदर्श नगर छठ घाट पूजा समिति का गठन कर दिया गया है। जहां कमेटी के अध्यक्ष के रूप में पंकज गुप्ता के साथ संरक्षक मनोज प्रसाद गुप्ता और पंकज अग्रवाल उर्फ डब्लू को बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष सह पत्रकार दीपक राज के साथ-साथ बम भोला प्रसाद, हेमंत कश्यप, प्रिंस गुप्ता, हिमांशु गुप्ता उर्फ रिकी, राहुल गुप्ता और मनीष कुमार को बनाया गया है। महासचिव आर्या ठाकुर उर्फ डब्लू, फिरोज खान मुन्ना और जैकी चौरसिया तथा सचिव सुभम दुबे, विक्की चौरसिया, पवन जयसवाल, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, संजू श्रीवास्तव, अमन गुप्ता और नियाज़ अहमद और कोषाध्यक्ष अशोक कुमार को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारणी सदस्य में विनोद सोनी, रवि माली, संजीव सिंह, अभय श्रीवास्तव, बॉबी खलको, रॉकी खान, दीपक कुमार, सत्यनारायण कुमार, शांतनु सरकार, गौतम कुमार, बंटी खान और मो.अफरोज को बनाया गया है। समिति के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम के साथ आस्था के महापर्व छठ पूजा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए घाट की साफ सफाई, विद्युत साज-सज्जा आदि का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया हैं। वहीं जीवा टेंट हाउस बरवाडीह के संचालक पुटुन सिंह ने बताया कि आस्था के इस महापर्व के अवसर पर आदर्श नगर छठ घाट की साफ- सफाई के साथ-साथ टेंट, साउंड, सजावट और डीजल वगैरा सभी कार्य वह निशुल्क करेंगे।

# शिक्षा विभाग का खेल निराला, 9 सौ का बोर्ड 3 तीन हजार की वसूली

## एके इंटरप्राइजेज द्वारा 9 सौ का शिकायत बोर्ड, 3 हजार का भाउचर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों शिक्षा विभाग का पोल पट्टी खुलता नजर आ रहा है। जिसमें सभी विद्यालयों में शिकायत बोर्ड लगाया जाना है। जहां महज 8 से 9 सौ का शिकायत बोर्ड की कीमत 3 हजार रुपये की वसूली एके इंटरप्राइजेज द्वारा की जा रही है। एके इंटरप्राइजेज ने सभी विद्यालयों में यह शिकायत बोर्ड देकर बाजबरन विद्यालय सचिव के हाथ में भाउचर थमा दे रहा है। शिक्षकों का कहना है कि यह बोर्ड विद्यालय प्रबंधन द्वारा बनाई जाती तो मात्र 8 से लेकर 9 सौ रुपये में बन कर तैयार हो जाती। किन्तु शिक्षा विभाग द्वारा टेंडर देकर एके इन्टरप्राजेज द्वारा 3 हजार की वसूली करवाई जा रही है। जिससे शिक्षकों में काफी रोष व्याप्त है। चुकी यह अतिरिक्त बोझ बेमतलब का पड़ रहा है। आपको बता दें कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय रंग रौग़न से लेकर अन्य विकास कार्य के लिए एक सौ बच्चे वाले विद्यालय में 25 हजार, एक सौ से अधिक बच्चे वाले विद्यालय में 50 हजार रुपये 2 सौ बच्चे की संख्या वाले विद्यालय में एक लाख तक दी जाती है। जो सचिव एवं चयनित प्रबंधन के खाते में झारखण्ड सरकार प्रति वर्ष देती है। परंतु इस वर्ष शिक्षा विभाग के आदेशानुसार उसी रुपये में एक शिकायत बोर्ड भी लगाया जाना है। जहां इस तरह की अवैध वसूली का खेल जारी है।

# अंतरराज्जीय गिरोह के तीन तस्कर डोडा लदा ट्रक के साथ गिरफ्तार

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध डोडा लदा ट्रक जप्त किया गया है। जिसमें अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर जिले की वशिष्टनगर जोरी थाना पुलिस को मिली है कामयाबी। जप्त 12 चक्का ट्रक में भारी मात्रा में डोडा लादकर तस्करी के लिये झारखंड के रास्ते बिहार व दूसरे प्रदेशों में भेज रहे थे तस्कर। गिरफ्तार तस्करों व गाड़ी को छुड़ाने को ले थाने में जमे माफिया। इंटरस्टेट तस्कर भी लगा रहे थाना का चक्कर। राज्यस्थान के रहने वाले हैं गिरफ्तार सभी तस्कर। एसपी के निर्देश पर डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम कर रहे कार्रवाई की मॉनिटरिंग। 14 चक्का ट्रक हुआ है जप्त, गिरफ्तार तीनों तस्करों से पूछताछ के आधार पर पुलिस जप्त डोडा का करवा रही वजन। सोमवार को मामले में डीएसपी मुख्यालय या वरीय अधिकारी कर सकते हैं प्रेस कांफ्रेंस।

# चतरा के वरिष्ठ पत्रकार सह अधिवक्ता राम प्रसाद तुलस्यान का निधन



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा मेन रोड निवासी वरिष्ठ पत्रकार सह अधिवक्ता 77 वर्षीय राम प्रसाद तुलस्यान का रविवार को अहले सुबह करीब चार बजे अपने निवास स्थान पर निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे पांच वर्षो से अधिक समय से गंभीर रूप से अस्वस्थ्य थे और अपने घर पर ही रह रहे थे। उनका अंतिम संस्कार दोपहर बाद स्थानीय हिरुआ नदी शमशान घाट पर किया गया।अंतिम संस्कार के मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री पहुंची पर्यटन स्थल बलबल यदुवंशियों ने किया भव्यस्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर में स्थित बलबल पर्यटन स्थल में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का आगमन रविवार को हुआ।जहां यदुवंशी समाज के लोगों ने भव्य तरीके से स्वागत किया। जिसमें जिला परिषद सदस्य अनीता देवी प्रखंड प्रमुख अनीता यादव व अन्य महिलाओं ने माला पहनाया एवं सोल देकर स्वागत किया। उसके बाद गिद्धौर मुख्यालय मैन चौक में भी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अन्नपूर्णा देवी को शाल देकर स्वागत किया। मौके पर उपस्थित द्वारी पंचायत मुखिया जगदीश यादव समाजसेवी बालेश्वर यादव रामदेव यादव सुरेश यादव एवं दर्जनों यादव समाज के लोग एवं गिद्धौर प्रखंड भाजपा मंडल के अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी के साथ अनेकों लोग थे।

# गढ़वा से आई सोशल ऑडिटर की टीम मनरेगा योजनाओं का किया गया ऑडिट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के अंतर्गत रविवार को गिद्धौर सलगा कटघरा जपुआ जैसे कई गांव में संचालित मनरेगा योजनाओं के तहत योजना का जांच सोशल ऑडिटरों द्वारा किया गया। जो गढ़वा से चलकर आए हैं। सोशल ऑडिटर धर्मेंद्र पासवान ने कहा कि मनरेगा के तहत कुप तालाब टीसीबी दीदी बड़ी योजना का ऑडिट किया गया है। जिसमें लगभग लगभग शत् प्रतिशत योजना सही सलामत पाया गया है। तथा लाभुकों से एवं मनरेगा मजदूरों से बात कीए। एवं कई दिशा निर्देश भी बताएं। मनरेगा मजदूरों को समझाते हुए कहा कि मनरेगा योजना में आप काम करें।और बेरोजगारी को दूर करें। तथा मनरेगा योजना का लाभ उठाएं। इनके साथ दे रहे हैं। खुशबू कुमारी प्रभा देवी अरुण कुमार सिंह सोशल ऑडिटर टीम के लोग हैं।

# एक दिवसीय सम्मलेन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड अंतर्गत अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय फूलबसिया मे मगध परियोजना रैयत विस्थापीत मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय कार्यकर्त्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया. सम्मलेन मे उपस्थित भू-रैयत विस्थापितों को केंद्रीय सचिव गुरुदयाल साव, केंद्रीय सदस्य विजय साव टिकेसर महतो ने कहा की सीसीएल प्रभावित क्षेत्र के मजदूरों विस्थापितों को नौकरी मुआवजा, पानी, बिजली, प्रदूषण उचित मजदूरी, स्कूल शिक्षा, स्कूल बस सहित अन्य किए गए वायदे के आधार पर मुहैया कराये। अन्य समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई.वही कहा की अपने हक अधिकार के लिए एकता का परिचय देना होगा तभी संभव है.साथ ही कहा की सीसीएल यहां से कोयला कई राज्यों मे भेज रही है लेकिन यहाँ के लोग धूल फाकने पर विवश है. स्थानीय लोगो को रोजगार, विद्यालय, पेंड़ लगाने, चिकित्सा व्यवस्था, सहित अन्य वायदे पूरा नहीं कर रही है। स्थानीय लोगो के रोजगार के स्थान पर बाहरी लोगो को फायदा दे रही है। नवनिवार्चित अध्यक्षरामचंद्र उरांव, सचिव प्रवेश पांडेय, कोषाध्यक्ष कुलदीप गंझू, उपाध्यक्ष बीरेंद्र गंझू, शीतल गंझू, दीपा देवी, चंदा देवी, संगठन सचिव प्रदीप गंझू, गौतम पांडेय, मौके पर काफ़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

# कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का जोरदार स्वागत किया गया



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा सांसद सह भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का चतरा में आगमन पर बलबल में चतरा पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने गुल्दस्ता देकर स्वागत किया एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा भी भव्य स्वागत किया गया। चतरा भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में उनकी उपस्थित कार्यकर्ताओं से मुलाकात किए।भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री अशोक शर्मा, मृत्युंजय सिंह, मिथलेश गुप्ता, भूपेंद्र मिश्रा, अनिल सिंह, गुड्डू सिंह, कपिल पासवान, रतन सिंह, एवं पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे।

# सांसद सुनील कुमार सिंह पहुंचे महुआडांड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड प्रखंड अंतर्गत ग्राम पकरीपाठ स्थित चर्च परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों के बीच जांच के बाद चश्मे का वितरण किया गया। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने नेत्र का जांच कराते हुए चश्मा प्राप्त किया। इस दौरान जांच शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, इस तरह के जांच शिविर के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों तक उपचार पहुंचता है, नेत्र शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, आंखों को रोशनी देना एक पुण्य का कार्य है इसलिए ऐसे कार्यक्रम सभी सामाजिक और धार्मिक संस्थानों के ओर से भी होने चाहिए। जिसके बाद स्थानीय सांसद सुनील कुमार अपने दौरे में आदर्श सांसद ग्राम सोहर पाठ पहुंचे जहां उन्होंने स्ट्रीट लाइट के लिए भूमि पूजन किया। इस दौरान ग्रामीणों से मिलते हुए लोगों की समस्याओं को जाना। इस अवसर पर जिला सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, महुआडांड़ हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, भाजपा के संजय जायसवाल, दीपेंद्र नाथ शाह, विश्वनाथ राम, समेत भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# आजादी के बाद से आज तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखना ग्रामीणों के साथ अन्याय : अमित पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रविवार को नेवाड़ी पंचायत के सोहदाग ग्राम में आजसू पार्टी ने आम लोगो के साथ बैठक की जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने की। ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष को बताया कि गांव में सबसे बड़ी समस्या पुल और पानी कि है आजादी के बाद से आज तक हमारे यहाँ गाड़ी नही पहुंच पाती 2 नदी में पुल नही होने के कारण बहुत से लोग इलाज के अभाव में दम तोड़ देते हैं, एक स्कूल है जहां पानी पीने कि व्यवस्था नहीं है कुवें से पानी लाकर मध्यान भोजन चलाया जा रहा है एक रोड था भी तो डीवीसी के द्वारा मिट्टी गिरा कर बंद कर दिया गया जिससे लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोग अगर जलावन के लिए कोयला डीवीसी के खदान से लाने जाते है तो वहाँ पे उपस्थित कम्पनी के लोग उनके साथ मारपीट करते हैं। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्र में कम्पनियो को कोयला निकालने का ध्यान तो है परंतु क्षेत्रीय लोगों को रोजगार एव मूलभूत सुविधाओं का ध्यान नही है डीएमएफटी एवं सीएसआर फण्ड उचित जगह पर खर्च नहीं होके भ्रष्टाचार कि भेंट चढ़ रहा है हम सोहदाग के ग्रामीणों के साथ मिलकर अपने हक कि लड़ाई लड़ेंगे। मौके पर आजसू जिला अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय जिला प्रवक्ता नीतेश पाण्डेय सदर प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव सचिव श्याम प्रसाद अभिजीत कुमार अंकित कुमार नेजाम मियां सागर अंसारी महेंद्र सिंह विजय लोहरा संतु भुइया इमरान अंसारी विनोद लोहरा सरहुली टाना भगत बाबूलाल टाना भगत फुलमनी देवी कबूतरी देवी रीता देवी रिना देवी सहित सैकड़ों कि संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले के वरीय अधिकारियों ने डिफाल्टर पैक्स का किया भौतिक सत्यापन



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त,चतरा श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, जिला आपूर्ति अधिकारी मनीन्द्र भगत, जिला सहकारिता अधिकारी नीलम कुमारी द्वारा चतरा के डिफॉल्टर पैक्सों का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें बभने, रामपुर, घोरीघाट, सरदम, भरही पैक्स का नाम शामिल हैं। भौतिक सत्यापन के दौरान कई अनिमित्ताएं सामने आई। वरीय पदाधिकारीयों द्वारा डिफाल्टर पैक्स के सभी पैक्स अध्यक्ष/सचिव को निर्देश दिया गया कि लंबित धान के एवज में समतुल्य राशि अविलंब जमा करें अन्यथा प्राथमिकी दर्ज करते हुए नीलाम पत्रवाद कर हर हाल में सरकारी राशि की वसूली की जाएगी।

## बड़कागांव पूर्वी पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा का बैठक संपन्न

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी पंचायत भवन बड़कागांव में झामुमो की पंचायत स्तरीय बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता रोहन साव एवं संचालन महावीर प्रजापति ने किया। बड़कागांव मुख्य संयोजक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पूर्वी पंचायत कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष पंचम कुमार, उपाध्यक्ष रेखा देवी, विशाल कुमार, विनीता देवी, सचिव रिंकी कुमारी, संयुक्त सचिव सोहर महतो, निशा कुमारी, रेखा देवी, किरण देवी, कोषाध्यक्ष प्रीति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य महावीर प्रजापति, राजू कुमार, अशोक राम, रोहन साव, प्रभु तिवारी, बबीता, दिलीप भुईयां मोहनी देवी, सविता देवी, लीला कुमारी, कामेश्वर कुमार, मुनिता देवी, भुवनेश्वर महतो, अनीता देवी, संतोष राम पुशन महतो को बनाया गया। संजय कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की आप सभी लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक परिवार बन गए हैं झामुमो मजबूत करने का प्रयास करें। किसी भी समय किसी वक्त जिस प्रकार की जरूरत होगा हम विश्वास दिलाते हैं कि पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, संजय भुईयां, प्रभु राम, पवन तुरी, अशोक राम, सोहर महतो, टिंकू कुमार, पुष्पा देवी, अनीता देवी, किरण देवी, सविता देवी, लीला देवी, विनीता देवी, अजय कुमार, ठेका महतो, दिलीप राम सहित सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।



## ड्रोन टेक्नोलॉजी इन एग्रीकल्चर विषय पर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ। इस मौके पर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही आईसेक्ट विश्वविद्यालय और कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों के उपयोग को आसान बनाने को लेकर काम करने वाली कंपनी टेक्नोग्राउंड के बीच आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, कुलपति डॉ पीके नायक, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार व टेक्नोग्राउंड के संस्थापक रोशन कुमार, विनित प्रकाश, ऋतुराज, धीरज कुमार की मौजूदगी में एमओयू किया गया। इस मौके पर कृषि विभाग डीन एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ अरविंद कुमार ने सभी प्रतिभागियों के बीच क्वीज प्रतियोगिता कराई और सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। बता दें कि समापन समारोह में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसे काफी सराहा गया। इस मौके पर समापन समारोह को संबोधित करते हुए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेल-कूद, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य के लिए प्रोत्साहित भी करती है।




## बेलहरा में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में तिलैया बस्ती ने ओरपरता को हराया

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बेलहरा में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच तिलैया बस्ती एवं ओरपरता के बीच खेला गया। ओरपरता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 134 रन बनाये वही जवाब में तिलैया बस्ती 11 ओवर में ही 6 विकेट से जीत हासिल कर लिया। विजेता टीम के रूप में तिलैया बस्ती को मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कैयूम के हाथों जर्सी एवं कप देकर पुरस्कृत किया गया। वही उपविजेता टीम ओरपरता को कप, बैट एवं बॉल देकर पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तिलैया बस्ती के मुन्ना कुमार को दिया गया। इस अवसर पर पूर्व जिप प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कैयूम ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेल के प्रति युवाओं में जोश और उत्साह जबरदस्त है। इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा को निखरने का अवसर मिलता है। वही इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अंपायर पिंटू यादव, नीतीश कुमार, संचालनकर्ता लोकेश यादव, धनंजय सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर विकाश कुमार यादव, संजय पांडे, आनंद यादव, अदित्य यादव, विनोद कुमार, अनिल कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## व्यवसाई संघ ने की बैठक, कहा.. मृतक मोहित के परिजनों के साथ हमसभी है

**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को बरही व्यवसाई संघ की एक बैठक धनबाद रोड बरही दुर्गा मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता व्यवसाई संघ के अध्यक्ष कपिल केसरी ने किया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा की बरही चौक निवासी दिनेश कुमार का इकलौता पुत्र का निधन आरोग्यं अस्पताल हजारीबाग के लापरवाही के कारण हुई। पूरा व्यवसाई संघ दिनेश कुमार के पूरे परिवार के साथ खड़ी है और इस दुख के घड़ी में शोक संवेदना प्रकट करती है। उनके द्वारा निर्णय लिया गया कि सोमवार के दिन पूरा बरही बाजार संपूर्ण रूप से बंद रहेगा। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, साहू समाज के मुखिया विजय प्रसाद, मनोज कुमार, विशेश्वर साव, राजेंद्र मद्धेशिया, जनता हार्डवेयर के संचालक मनोज कुमार केसरी, पंकज बरनवाल, मनोज ठाकुर, भीखन साहू, रूपेश कुमार, जीतू कुमार, डोमन साव, नवीन कुमार, दिनेश साव, कपड़ा व्यवसाई शंकर वर्णवाल, राजेंद्र मद्धेशिया, अनुज केसरी फल व्यवसाई आदि उपस्थित थे।



## बड़कागांव के सिकरी पंचायत में कांग्रेस कोर कमेटी का हुआ गठन, विकास योजनाओं का किया गया चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के सिकरी पंचायत में कांग्रेस कोर कमेटी का गठन रविवार को किया गया। सिकरी पंचायत में आयोजित कांग्रेस कमेटी की बैठक में मुख्य अतिथि इंटक सचिव अंकित राज उर्फ सुमित मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे के द्वारा किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए इंटक के प्रदेश सचिव अंकित राज उर्फ सुमित ने सभी बुद्धिजीवियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं तथा मौजूद सभी लोगों का स्वागत करते हुए अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी हिस्सों का समुचित विकास सुनिश्चित हो रहा है। अंकित राज ने कहा कि विकास कार्यों में तेजी आए तथा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके इसीलिए पंचायत एवं ग्राम स्तर पर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है, इस दौरान लोगों को भी जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में सभी को सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है, हर समुदाय जाति एवं सभी तबके के लोगों को एक साथ जोड़ने का कार्य जारी है।बैठक में कई विकास योजनाओं का चयन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने गौड़ा नदी में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराने, हरिजन टोला में अंबेडकर भवन का निर्माण कराने, विभिन्न स्थलों पर हाय मास्ट लाइट लगाने, खेल मैदान का सुंदरीकरण, शमशान सेड, सामुदायिक भवन, मदरसा में डीप बोरिंग एवं विभिन्न स्थलों पर पीसीसी निर्माण करने का प्रस्ताव दिया। वहीं प्रत्येक पंचायत में लगाए जाने वाले 10-10 चापानल का स्थल चयन, शमशान एवं दशकर्मा शेड निर्माण समेत विभिन्न सामूहिक योजनाओं का चयन किया गया व विधायक अंबा प्रसाद द्वारा पूर्व में अनुशंसित योजनाओं का ससमय कार्य को पूर्ण करने पर विचार विमर्श किया गया।उक्त बैठक में सर्वसम्मति से कामेश्वर सिंह को पंचायत अध्यक्ष, कृष्ण पासवान को पंचायत उपाध्यक्ष, मोहम्मद मंजूर को सचिव, पृथ्वीराज गुप्ता को मीडिया प्रभारी, अजय पासवान को कोऑर्डिनेटर, पप्पू कुमार राम को उपसचिव चुना गया।मौके पर मुख्य रूप से नसीम अख्तर, गोविंद राम, संगीता देवी,सुबोध कुमार गिरी, कुंजल महतो, सोना मती देवी, संतोष महतो,अमर पांडे, शंकर लाल राणा, अवधेश कुमार साव, मोहम्मद इरफान, सोहित कुमार सिंह, आशा देवी, गणेश पासवान, अरुण रवि,सालों देवी, मोनिका कुमारी, यशोदा कुमारी, रोहित शर्मा, शोभा देवी, अनीश कुमार सिंह, शैलेश सिंह, दाहो महतो, मुकेश महतो,कैलाश महतो, रिंकू गुप्ता, रोहित सिंह, दीपक रंजन,अमित कुमार सिंह,धनु नाथ प्रसाद, मुन्ना सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।



## जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया के बेहतर कार्य को देखते हुवे बनाया गया जिला वनाधिकार समिति का सदस्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** जिला परिषद सदस्य बरकट्ठा हज़ारीबाग भाग 07 प्रेरणा प्रिया के बेहतर कार्य एवं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कार्य को देखते हुवे उपायुक्त हज़ारीबाग नेंसी सहाय ने जिला स्तरीय वनाधिकार समिति का सदस्य बनाया गया है.जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु हमेशा आगे बढ़ के कार्य कर रही है. आज के समय में जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने अपने क्षेत्र के लोगों के लिए कम अवधि के कार्यकाल में जिस प्रकार से आमजनों के हीत में कार्य कर रही हैं.उससे क्षेत्र के लोगों में एक नई विकास की किरण कि आस जगी है.इन्होंने जिस प्रकार से क्षेत्र में कार्य कर रही हैं.इनके बेहतर कार्य का ही इनाम मिला है.जिला वनाधिकार समिति के सदस्य बनाये जाने के बाद जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि सभी जरूरतमंद लोगों को मदद करना प्राथमिकता है। किसी गरीब को शोषित नही होने देंगे।कोई भी समस्या आने पर हमें अवश्य सूचना दें।मेरे ओर से समस्याओं के निदान हेतू समाधान के दिशा में हर संभव प्रयास किया जायेगा.इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय, राजकुमार गिरी, जयराज पासवान, शिशुपाल यादव, संतोष पाण्डेय, रिंकु माली, शेषनाथ सिंह, दीपक पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, रामु यादव, मुकेश कुमार, रामदेव पासवान, छत्रु ठाकुर, अजित पाण्डेय, संतोष मंडल, संजय भुइयां, नीलेश यादव, बिरजू नायक, पंकज पाण्डेय, सहदेव मरांडी, प्रकाश टुड्डू, सामेल टुड्डू व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई दी है।



## नवझारखण्ड फाउंडेशन के अध्यक्ष ने झारखंड की टीम का मुंबई में हार्दिक स्वागत किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** नवझारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने गोवा में रोलबौल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में क्रमशः तृतीय एवम चतुर्थ स्थान प्राप्त करनेवाली झारखंड के लड़कों एवम लड़कियों की टीम को मुंबई में शॉल तथा डायरी देकर सम्मानित किया ।उन्होंने झारखंड की युवा प्रतिभाओं के राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर उपस्थिति पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की और राज्य में खेलकूद को प्रोत्साहन देने केलिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव राजेश झा , झारखंड की टीम के कोच चंदन , प्रदीप ,ज्योति साहू और सत्यदीप भी उपस्थित थे।

## बरकट्ठा- लेम्बुआ में शरारती तत्वों ने होटल में लगायी आग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरकट्ठा(हजारीबाग) :** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर थाना अंतर्गत पंचायत शिलाडीह के ग्राम लेंबुआ में इंद्रदेव ठाकुर पिता टिको ठाकुर का झोपड़ी नुमा होटल 2020 कोरोना काल से ही गोरहर थाना के 200 मीटर आगे धनबाद रोड में संचालित था।जिसे अज्ञात लोगों के द्वारा देर लगभग रात 01:00 बजे जला दिया गया। जिसकी सूचना सुबह में ग्रामीणों के द्वारा इंद्रदेव ठाकुर को मिला। इसके बाद घटनास्थल पर इंद्रदेव ठाकुर आए और देखें कि मेरा होटल पूर्ण रूप से जला हुआ है।जिसमें डेढ़ लाख रुपया की छती हुई है।वहीं उनकी पत्नी गीता देवी ने बताया कि हम लोग ईसी होटल से परिवार का भरण पोषण करते थे। और हम लोगों का रोजी रोटी चलता था।कुछ वर्ष पूर्व हमारा बेटे का रोड एक्सीडेंट में डेथ हो गया था।जिसके बाद हम लोगों का होटल ही सहारा था। मौके पर पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा यह बहुत ही निंदनीय घटना है यह जांच का विषय है कि गैस से ब्लास्ट हुआ है या आसामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगाया गया है। जांच कर उचित कार्रवाई होना चाहिए।वही पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने बतलाया कि थाना से महज 200 मीटर दूर होटल में अज्ञात लोगों के द्वारा आग लगा दिय जाने से कहीं ना कहीं प्रशासन की विफलता दिखती है। वहीं समाजसेवी सुनील पांडे ने कहा कि यह काफी निहायत गरीब और असहाय परिवार है इन्हें सरकार से सहयोग राशि आवश्यक रूप से मिलना चाहिए। मौके पर समाजसेवी सह जिप प्रतिनिधि सदस्य चंद्रकांत पांडे घटनास्थल का मुआना किया और कहा कि उचित जांच कर दोषियों पर प्रशासन जल्द कार्रवाई करें। मौके पर असमत अली राजद नेता, सुनील पांडे, चंद्रकांत पांडे, राजकुमार गिरी, दिलीप ठाकुर, रामदेव ठाकुर, सतीश ठाकुर, राजकुमार नायक, सुरेश पांडे, रिंकू माली, मंटू पांडे मोहन ठाकुर,चंदन ठाकुर, किशन ठाकुर, महेश ठाकुर के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## सांसद मद से तोरण द्वार निर्माण कार्य की रखी गई आधारशिला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग के किनारे जमुनिया नदी के तट से सटे जमुनियां डैम तथा भास्करधाम जाने वाले मार्ग पर 05 नवम्बर 23 को दस लाख की लागत से साँसद मद से तोरण द्वार के निर्माण की आधारशिला रखी गई।आधारशिला रखे जाने के पूर्व भीम पांडेय के द्वारा यजमान नवलकिशोर वर्मा के द्वारा पूरे विधिविधान से भूमि पूजन किया गया।इस तोरण द्वार के निर्माण में चेड़रा मुखिया सह भाजपा विष्णुगढ़ प.मंत्री निर्मल कुमार ने अगुआई कर हजारीबाग साँसद से भास्कर धाम जाने वाले मार्ग में तोरण द्वार की मांग की गई,जिसे साँसद जयंत सिन्हा ने स्वीकृत करते हुए निर्माण कार्य की अनुसंशा की।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आनंद राम, भीम पांडेय छोटी लाल, अनुभव भारती समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## बादम पंचायत में जेबीकेएसएस के पंचायत स्तरीय कमिटी का हुआ गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बड़कागांव :** प्रखंड के बादम पंचायत में जेबीकेएसएस का पंचायत स्तरीय कमिटी के गठन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिवदयाल राम एवं संचालन नागेश्वर रवि के द्वारा किया गया।मौके पर जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य राकेश मेहता ने कहा के जयराम महतो के आने से अब ऐसा लग रहा है झारखंड के लोगों का जो अधिकार लूट लिया गया है उसे वापस ले सकते हैं। अब झारखंड की हवा में एक ताजगी महसूस हो रही है। जयराम महतो एक विचार धारा है। वो जाति धर्म से ऊपर उठ कर झारखंड के लोगों के अधिकार को वापस दिलाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं।राज किशोर ने कहा के जब भी माटी, भाषा, संस्कृति को बचाने की बात आएगी तो हम सब को आगे आना होगा। जयराम महतो के विचार से प्रभावित हो कर लाखों की तादाद में लोग झारखंड की झारखंडियत और संस्कृति को बचाने के लिए जुड़ रहे हैं।सुनीता साहू ने कहा के घर में चूल्हा जलाने के लिए अगर हम कोयला ले कर जाते हैं तो हमें चोर बोल कर पकड़ लिया जाता है वहीं कई कंपनियां हैं जो यहां का कोयला उत्खनन कर ले जा रहे हैं और हमें कोई हक नही दे रही है। 1932 खतियान अगर लागू होता है झारखंडियों को सही हक अधिकार मिल सकेगा।इस दौरान पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन किया गया जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष अजय कुमार, सचिव अभय कुमार , कोषाध्यक्ष फिरोज अंसारी, उपाध्यक्ष विक्रम कुमार कश्यप, गोविंद कुमार, उप सचिव नीरज कुमार एवं शिवराज कुमार साव, उप कोषाध्यक्ष दीपक कुमार ,मीडिया प्रभारी अजय कुमार, को बनाया गया।

## पीवीयूएन के तमाम विस्थापित प्रभावित अब सड़क पर उतरेंगे : मोर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पतरातु :** कटिया सरना काली मंदिर परिसर में पीवीयूएन के विस्थापित प्रभावितों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद ने किया।बैठक में 25 से 30 गावों के नौजवान और महिला उपस्थित हुए।बैठक में पीवीयूएन के नवनिर्मानाधीन पावर प्लांट में योग्यतानुसार स्थाई काम में बहाली सुनिश्चित कैसे हो इस बिषय गंभीर विचार-विमर्श किया गया।कहा गया कि यहां के विस्थापित-प्रभावित स्थाई बहाली को लेकर लगातार संघर्षरत हैं लेकिन अभी तक इसमें सफलता नहीं मिल पाई है चंद लोगों को मैनपावर में रोजगार तो मिला है मगर उनकी भी गारंटी नहीं है।कब किसको काम से निकाल दिया जायेगा,इसका डर सताते रहता है।सभी को ठेकेदार पेटीठेकेदार के माध्यम से रखा गया है जिसे स्थाई बहाली नहीं कहा जा सकता है। किसी को कोई नियुक्ति पत्र नहीं मिलता है।छाई डैम का निराकरण किए बिना वहां काम और बाउंडरी का टेंडर निकालने का मतलब साफ है कि वहां जबरन काम किया जायेगा।टाउनशिप और हेसला पाइप लाइन का आश्वासन आजतक पूरा नहीं हुआ।प्रबंधन जो आश्वासन देता है उसमे खरा नहीं उतरता है, हवा में उड़ा दिया जाता है।सरकार के द्वारा भी आजतक विस्थापित आयोग का गठन नहीं किया गया।कहीं कोई पॉलिसी नहीं है।स्थिति बहुत दयनीय है।विस्थापित प्रभावित ग्रामीण ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कहा गया कि उक्त परिस्थिति के विरोध में सारे मुद्दों को लेकर एक बड़ा और व्यापक लड़ाई लड़ना ही होगा।

## सारूकुदर मुखिया ने कार्यसमिति की बैठक आहूत की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सारुकुदर के मुखिया उत्तम महतो की अध्यक्षता में कार्यकारणी समिति की बैठक पंचयात सभागार में की गई।बैठक में पंचायती राज अधिनियम 2001 के अंतर्गत अधिनियम 2003 के आलोक में मुखिया के द्वारा सभी सदस्यो को 15 वें वित आयोग की राशि आने की जानकारी दी गई,साथ ही जनसमस्याओं को देखते हुए जनहित की योजनाओं की स्वीकृति पर सर्वसम्मति से सहमति बनी।पूर्व से संचालित योजनाओं को भुगतान कर योजना बंद किये जाने पर भी सहमति बनी।बैठक में सभी वार्ड सदस्यो के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उन सबो को अपने-अपने वार्ड में संचालित योजना पर निगरानी एवं कार्य बेहतरीन कराए जाने की जिम्मेवारी सौपी गई।बैठक में कुल बारह सदस्यों ने भाग लिया।इस मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष सह सारूकुदर मुखिया आंगनबाड़ी केंद्र अपने पोषक क्षेत्र के विधालय में चल रहे पोषण आहार मध्यान्ह भोजन राशन वितरण में निगरानी किये जाने की भी बात कही गई।

## समाजसेवी का हुआ निधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के केदारुत पंचायत अंतर्गत खेरौन गांव निवासी 99 वर्षीय वरिष्ठ समाजसेवी राम अवतार सिंह का बीते शनिवार रात्रि 8:00 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया।निधन का खबर आते ही आसपास के सैकड़ो ग्रामीण दिवंगत के आवास पहुंचे एवं अत्यंत दुखद क्षण की घड़ी में शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी साथ ही मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।उक्त जानकारी कांग्रेस नेता नरेश सिंह ने देते हुए बताया है कि दिवंगत पिछले कई दिनों से अस्वस्थ थे उनका उपचार हजारीबाग के एक सरकारी हॉस्पिटल में चल रहा था। जहां डॉक्टरों द्वारा अथक प्रयास के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। वे अपने पीछे तीन पुत्र सुरेश सिंह सत्येंद्र सिंह उपेंद्र सिंह दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं, दिवंगत के परिवार में चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिवक्ता डॉक्टर जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं।मुखाग्नि मृतक के बड़े पुत्र सुरेश सिंह ने नोनिया नदी के तट पर दी।अग्नि संस्कार में पूर्व मुखिया शिब्बल सिंह समाजसेवी भोला सिंह, जदयू नेता सत्येंद्र सिंह, किसान नेता श्रवण सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह, महावीर सिंह, रामेश्वर सिंह, रामलाल सिंह, राजेंद्र सिंह ,युगल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राजकिशोर सिंह ,आदि थे ।

## पडिरमा के तुरिया टोला में बाल संस्कार केंद्र का हुआ उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के कोनरा पंचायत अंतर्गत पडिरमा के तुरिया टोला में बाल संस्कार केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि आगासे सेवा समृति संस्थान डॉ बसंत दिगंबर, हजारीबाग के संतोष पाण्डेय, अधिवक्ता एवं क्षेत्र सहसेवा प्रमुख त्रिवेणी साव द्वारा दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ प्रारंभ हुआ। संस्कार केन्द्र का संचालन सेवाभारती झारखंड द्वारा छः दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त सरिता कुमारी पिता दिनेश तुरी के द्वारा किया गया। संतोष पाण्डेय ने बताया कि जिस प्रकार कच्चा बांस से विभिन्न प्रकार के घरेलु सामग्री का निर्माण होता है, वैसे ही छोटे-छोटे बच्चों के संस्कार से व्यक्तित्व विकास के साथ साथ देश मजबूत होता है। बच्चें ही देश का भविष्य है। त्रिवेणी साव ने कहा कि आज हम भारत पर दृष्टि डाले तो हमें इसके दो चेहरे दिखाई देते हैं। एक विज्ञान जो तकनीकी के क्षेत्र में हुई भारी प्रगति के कारण चमकता हुआ चेहरा है। लेकिन दूसरा चेहरा गरीबी, अशिक्षा, कुपोषण और स्वच्छता के अभाव का है। यदि हम चाहते हैं कि भारत एक बार फिर शक्तिशाली और स्वस्थ देश बनकर उभरे तो हमें इन दोनों चेहरों को एक दूजे में मिलाकर एक खूबसूरत चेहरे का निर्माण संस्कारयुक्त बालकों के ही माध्यम से संभव है। यह कार्य बाल संस्कार केंद्र के माध्यम से गिलहरी के समान अपना कर्तव्य का पालन करना प्रारंभ किया है।

## प्रमाणिक जन सेवा मिशन के द्वारा दूसरी बार संपूर्ण सेल का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** शहर के जैन भवन में रविवार को सुबह 9:00 बजे से एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से सभी सामानों को महज 10 रु में असहाय,गरीब जनों को उपलब्ध कराया गया। प्रदर्शनी में करीबन एक हजार से भी अधिक लोग शामिल हुए।प्रदर्शनी में बच्चों के खिलौने, बच्चों के कपड़े, जूता चप्पल, क्रोकरी के आइटम्स, गर्म कपड़े, जींस, साड़ी, सूट जैसे कई अन्य सामान लगाए गए थे। सभी का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था जिसे किसी भी व्यक्ति को सामान ढूंढने में दिक्कत ना हो।प्रदर्शनी के दौरान हर व्यक्ति को पांच सामान खरीदने की मंजूरी दी जा रही थी। व्यक्ति को पांच सामानों का टोकन दिया जा रहा था। प्रदर्शनी में कई नए सामान को भी लाया गया था ऐसे कुछ व्यापारियों के द्वारा अपनी दुकान से नए कपड़े दी गई थी और उस कपड़े को महज 10 रु में गरीब असहाय लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा था।प्रमाणिक जनसेवा मिशन की 30 से भी अधिक महिला सदस्य उपस्थित थी। महिलाओं के द्वारा कार्यक्रम से दो दिन पूर्व कार्यक्रम स्थल जैन भवन में प्रदर्शनी को लेकर सारी विधि व्यवस्था तैयार की गई थी जिसमें विभिन्न प्रकार की स्टॉल लगाई गई थी जिसमें रविवार को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सामान उपलब्ध कराई गई।प्रदर्शनी के दौरान सदर थाना की गस्ती ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से मौजूद रही।

## दारू प्रखंड के रामदेव खरिका में आर.के. क्लब नॉक ऑउट फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ फाइनल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के सहयोग से लगातर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में दारू प्रखंड के ग्राम पंचायत रामदेव खरिका स्थित रामदेव खरिका मैदान में आर. के. क्लब नॉक ऑउट फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट का विधिवत शुरूआत विगत 10 अक्टुबर को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया था और रविवार को इस टूर्नामेंट का फाइनल हुआ। करीब 25 दोनों तक चले इस टूर्नामेंट में कुल 42 टीमों ने भाग लिया था ।आर. के. क्लब नॉक ऑउट फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का शानदार समापन रामदेव खरिका मैदान में रविवार को हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग के वरिष्ठ समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह और बतौर विशिष्ठ अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, हिंदू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशिभूषण केशरी, युवा सिलीनी साहू, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, दारू प्रमुख कुमारी श्वेता, स्थानीय मुखिया झरना देवी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रशिक्षण प्रभारी रामजी कुशवाहा, आदि थे ।

## झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के हजारीबाग जिला कमेटी की बैठक

### जिला अध्यक्ष बने यदु राणा, महासचिव बृजलाल राणा और कोषाध्यक्ष निर्मल राणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हज़ारीबाग जिला कमेटी की बैठक स्थानीय परिसदन भवन ( सर्किट हाऊस ) हज़ारीबाग में आयोजित की गई । विश्वकर्मा समाज के जिला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने किया तथा मंच संचालन पूर्व जिला महासचिव महावीर राणा ने किया । हज़ारीबाग जिला कमेटी की बैठक में मुख्य रूप से हज़ारीबाग जिला कमेटी का गठन किया गया तथा हज़ारीबाग जिला में संगठन विस्तार पर चर्चा की गई । झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हज़ारीबाग जिला कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से यदु राणा ( कटकमदाग ) को विश्वकर्मा समाज का हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष बनाया गया, बृजलाल राणा, ( डुमर, सदर प्रखण्ड ) विश्वकर्मा समाज का हज़ारीबाग जिला महासचिव बनाया गया तथा जिला कोषाध्यक्ष निर्मल राणा ( हज़ारीबाग नगर ) को बनाया गया । इसके साथ साथ पूर्व जिला महासचिव महावीर राणा को हज़ारीबाग जिला का सचेतक बनाया गया । सभी विश्वकर्मा बन्धुओं ने माला पहनाकर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया ।



## असवा डायर जतरा मेला शांतिपूर्ण तरीके सम्पन्न कराने को लेकर बैठक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के पोंटगा पंचायत अंतर्गत असवा डायर टांड चबुतरा पर रविवार को ग्रामीणों की दुसरी बैठक हुई जिसमें आगामी 14 नवम्बर को लगने वाले डायर जतरा मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर विचार किया गया। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता पोटंगा पंचायत के मुखिया चरका करमाली व संचालन महेश गंझू ने किया। वहीं इस मौके पर मानकी मुंडा,कमलेश भोग्ता,रमेश गंझू,पुकेश्वर गंझू,सोमर उरांव, रामसुंदर करमाली,खिरू उरांव,छतरू मुंडा,रामा उरांव,जतरू भगत,बिरू उरांव,पोलूस उरांव, बासदेव गंझू, दिनेश गंझू,राज कुमार गंझू, भुनेश्वर मांझी? मनेश उरांव,मिला देवी,शीला देवी,सविता देवी,पिंकी गाडी,आरती देवी,सोनाली देवी,सोहामुनी देवी,सोमरी देवी,चैती देवी इत्यादि दर्जनों महिलाए मौजूद थी।

## आदिवासियों का धार्मिक स्थल लुगू पहाड़ पर अतिक्रमण करना बंद करो : देवकीनंदन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक- देवकीनंदन बेदिया ने रविवार को प्रेस बयान जारी किया हैं। इसमें कहा है कि आदिवासियों द्वारा आदिवासी धर्म स्थल लुगू पहाड़ को बचाने के लिए ललपनिया लुगू घंटा गुरु में आदिवासियों का महजुटान होगा। जहां से लुगू बाबा, लुगू पहाड़ में डीवीसी हाइडल पंप प्रोजेक्ट का विरोध किया जाएगा। किसी भी तरह का अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिसका आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने आदिवासियों के साथ एकजुटता जाहिर करते हुए सरकार के वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 को रद्द करने की मांग की हैं। अन्यथा बिरसा मुंडा जयंती दिवस पर झारखंड में नरेंद्र मोदी के आगमन पर झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा विरोध करेगी। नरेन्द्र मोदी वापस जाओ के साथ पदयात्रा निकाली जाएगी।

## कोलियरी सिरका से लगातार स्क्रैप चोरी रोके प्रबंधन : सुशील

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलयरी सिरका के प्रतिष्ठान इलाकों में पड़े स्क्रैप लोहे की लगातार चोरी को स्थानीय प्रबंधन रोकने के उपाय करें। यह बातें रविवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) के अरगड्डा क्षेत्रीय सह सचिव सुशील कुमार सिन्हा ने कहीं। उन्होंने कहां कि आए दिन स्क्रैप लोहे चोरी होने की सूचना मिल रही हैं। जिस पर प्रबंधन का रुख उदासीन और लापरवाह हैं। कोलयरी लोहज कंपनी व राष्ट्र की संपत्ति हैं। इससे मजदूरों की मेहनत और बनाए गए जमा पूंजी बर्बाद हो रही हैं। प्रबंधन इसके लिए कारगर कदम उठाए।

## कुटाम गुरुकुल के आचार्य और छात्र होंगे शामिल

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरंजन सेवा सदन गोला स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर में श्री श्री राधा रमन मन्दिर, कुटाम (सिल्ली) के भक्त पवित्र कार्तिक महीने के अवसर पर दीप दान एवं हरिनाम संकीर्तन प्रस्तुत करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यक्रम में गुरुकुल के आचार्यों के साथ गुरुकुल के छात्रगण भी उपास्थित होंगे। कार्यक्रम के तहत गोला में नगर संकीर्तन संध्या 4 बजे से 5 बजे तक होगा। उसके पश्चात् 5॰30 बजे से 1 घंटे के लिए कृष्ण कथा होगा। 6॰30 बजे से 7॰30 बजे तक दीप दान होगा। साथ ही कीर्तन और महाप्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों से भाग लेने की अपील की गई है।

## रामगढ़ की लोकप्रिय विधायक का मनाया गया धूमधाम से जन्मदिवस

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ स्थित आजसू पार्टी के जिला प्रधान कार्यालय में रामगढ़ की विधायिका सुनीता चौधरी का बड़े ही धूमधाम से जन्म दिवस मनाया गया ।सबसे पहले आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी के द्वारा रामगढ़ की विधायिका को बुके देकर स्वागत किया गया ।इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी के द्वारा विधायिका जी को जन्म दिवस की अनंत शुभकामनाएं दी गई ।रामगढ़ की विधायक के द्वारा केक काटकर अपने कार्यकर्ताओं के समक्ष अपना जन्मदिन मनाया गया ।माननीय विधायक ने कहा कार्यकर्ताओं के इस प्रेम से मैं अभीभूत हूं और पूरी जनता के हर सुख दुख में हमेशा खड़ी रहूंगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी महिला नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह जी, पिंकी देवी जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू भोपाली विभन सिंह नगर परिषद अध्यक्ष राजेश महतो ,रामगढ़ महाविद्यालय अध्यक्ष रोहित सोनी, लालू शर्मा, कुलदीप वर्मा,दीपू गुप्ता,पवन करमाली ,दीपक साव,बॉबी वर्मा,कैलाश रजक दिनेश शर्मा, मनोज महतो,रिंकू करमाली, पंकज दांगी,छोटू करमाली,एजाज खान, नगर सचिव नीरज मंडल ,सतीश दांगीआदि सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

## सोहराय जतरा मेला की तैयारी हुई पूरी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद क्षेत्र के हुहुवा में सोहराय जतरा मेला के शुभबॉसर पर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ कल से किया जाएगा। कमिटी के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद रोशन कुमार ने बताया कि वर्षो से होते आ रहे सोहराय जतरा मेला सह फुटबॉल टूर्नामेंट इस बार भव्य रुप से आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही है और एक महिला प्रदर्शनी मैच का भी आयोजन इस बार किया जा रहा है जो इस कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहेगा। उदघाटन मैच सरना स्पोर्टिंग क्लब एवं घुटुव इलेवन के बीच खेला जाएगा।झारखंडी संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक है सोहराय पर्व। उन्होंने कहा कि सोहराय आदिवासी समाज की संस्कृति में शामिल है। साथ ही साथ समाज में सद्भावना और सामुदायिकता को भी बल मिलता है।कहा कि हम सभी को अपनी रीति-रिवाज तथा परंपरा को बचाने को लेकर बेहतर ढंग से त्यौहार मनाया जाना चाहिए।

## राधे राधे बूटिक आइटम्स और फैशन ज्वेलरी का उद्घाटन हुआ

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को झंडा चौक में राधे राधे बूटिक आइटम्स और फैशन ज्वेलरी का उद्घाटन रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी ने फीता काटकर किया। सर्वप्रथम अतिथि को बुके देकर स्वागत किया गया। वही विधायक सुनिता चौधरी का जन्म दिन केक काटकर मनाया गया। मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि ये महिलाओं के लिए एक अच्छा पहल है। यहां महिलाओं के कई समान मिलेगी। वही राधे राधे बूटिक आइटम्स और फैशन ज्वेलरी के संचालिका आशा अग्रवाल एव सहयोगी लीशा अग्रवाल ने बताया कि हमारे यहां लेडिज बैग, फैंसी ज्वेलरी, बेडसीट, फैंसी टावेल, नाइट सूट, सोफा कवर, फ्लोर मेंट, बंदर वाल, कुशन कवर, लेडिज कुर्ती आदि उचित मूल्यों में नए आकर्षक में उपलब्ध है। मौके पर विमल बुधिया, दिलीप दांगी, अनुपमा सिंह, संजय अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, प्रतिक अग्रवाल, संगीता देवी, ऋषभ अग्रवाल, राजकुमार चौधरी आदि उपस्थित थे।

## सांवी ऑटो मोबाइल का उद्घाटन विधायक सुनीता चौधरी ने फीता काटकर किया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को गोला रोड़ झंडा चौक स्थित लीला पैलेस में सांवी ऑटो मोबाइल का उद्घाटन रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने फीता काटकर एव दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन से पूर्व सांवी ऑटो मोबाइल के मालिक संजीव कुमार मेहता के द्वारा मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी को बुके देकर स्वागत किया गया। दुकान के मालिक संजीव कुमार मेहता ने बताया कि हमारे यहां ई रिक्शा का सेल्स, ई रिक्शा पार्ट्स उचित मूल्यों में, स्पेयर, संतोषजनक सर्विसेस एव बैट्री उपलब्ध है। ग्राहकों की सुविधा के लिए हमारे यहां ई रिक्शा लेने पर फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। उद्घाटन कार्यक्रम में मनीष मेहता, प्रयाग मेहता, बालेश्वर मेहता, शंकर मेहता, लखन मेहता, संजू मेहता, संतोष मेहता, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

## सनातन धर्म की रक्षा के लिए हुआ सत्संग

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखंड स्थित ढूठूवा गांव में संत रामपाल जी महाराज का सत्संग प्रोजेक्टर के माध्यम से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सत्संग में संत रामपाल जी महाराज ने हिंदू धर्म के सतग्रंथ (चारों वेद, भगवत गीता, 18 पुराण) से आधारित शास्त्र अनुकूल भक्ति ज्ञान बताकर सनातन परमधाम (गीता अध्याय 18 श्लोक 62,66, सतलोक) से अवगत कराया। सत्संग में उपस्थित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण व्यवस्थित ढंग से सत्संग श्रवण किये, जिला सेवादार राजेश महतो ने बताया कि समाज में फैली कुरूतियां जैसे - नशा, चोरी- ठगी,भ्रष्टाचार, बुराइयों आदि को त्याग कर संत जी के अनुयायियों शास्त्र अनुकुल भक्ति साधना कर रहे है। जिससे उनको अनेकों लाभ हो रहे है। अतः आप सभी मानव समाज से प्रार्थना है कि आप भी संत रामपाल जी महाराज जी से नाम दीक्षा ले कर अपना कल्याण करवाइए। सत्संग में मौजूद जयलाल कुमार, विकाश महतो, रोहित महतो, जयकरण राणा, अमित उरांव, सनोज कुमार सिंह, सत्यप्रकाश ठाकुर,अंजू दासी, जूही कुमारी आदि उपस्थित थे।

# अपराध : बीजीआर के रेलवे साइडिंग में कोयले के ढेर से सुरक्षा गार्ड का शव बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** बीजीआर कोल कंपनी के लोटामारा स्थित रेलवे साइडिंग में रविवार को एक जघन्य कृत्य सामने आया है। कंपनी के साइडिंग में काम करने वाले एक सुरक्षा गार्ड का शव कोयले के ढेर से बरामद किया गया है। कोयले के ढेर से गार्ड का बाइक भी मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। शव और बाइक को कोयले के ढेर में दबा कर साक्ष्य छुपाने की कोशिश की आशंका जताई है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस पदाधिकारियों की एक के बाद एक गाड़ियां साइडिंग पहुंचने लगी। काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल स्वयं घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार, मालपहाड़ी ओपी प्रभारी सत्येंद्र यादव, एसआई संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी अपनी टीम को लेकर पहुंचे। अंचल अधिकारी (सीओ) भागीरथ महतो, अंचल निरीक्षक देवकांत सिंह एवं अंचल कर्मी शिवाशीष वात्स्यायन भी पहुंचे। वहीं रेलवे से आरपीएफ के पदाधिकारी गौरव चौधरी भी दल-बल के साथ पहुंचे।

**घटनास्थल पर नहीं पहुंचे बीजीआर के कोई अधिकारी**

पीड़ित परिवार की ओर से बार-बार मांग करने के बावजूद बीजीआर कोल कंपनी के कोई भी अधिकारी झांकने तक नहीं आए। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने घटनास्थल से कंपनी के अधिकारी से दूरभाष पर बात भी की और कहा कि आप लोगों के आने पर मामला सुलझ जाएगा। फिर भी कोई अधिकारी वहां नहीं पहुंचे। यह अलग बात है वार्ता के लिए एसडीपीओ कार्यालय में कंपनी के वाइस चेयरमैन अनिल रेड्डी पहुंचे थे। घटनास्थल पर कंपनी के किसी भी अधिकारियों या प्रतिनिधि के नहीं आने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी।

**मुखिया पुत्र के रूप में हुई पहचान**

मृतक गार्ड की पहचान मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र के चेंगाडांगा पंचायत के मुखिया बिपिन सरदार का पुत्र 22 वर्षीय सुबीर पहाड़िया के रुप में हुई है। वह साइडिंग में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत था। अन्य दिनों की तरह रविवार को भी ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए अहले सुबह घर से निकला था।

**पिता ने जताई हत्या की आशंका**

मृतक गार्ड के पिता सह मुखिया बिपिन सरदार ने घटनास्थल पर मीडिया से बात करते हुए बताया कि उनका पुत्र साइडिंग में गार्ड का काम करता था। यहां सुबह 5॰00 बजे उसकी ड्यूटी थी। कहा कि सुबह 4॰30 बजे घर से बाइक से निकला था। घर से निकलने के बाद फोन पर जानकारी मिली कि सुबीर का एक्सीडेंट हो गया है। जैसे ही जानकारी मिली मैं दौड़े-दौड़े परिवार के साथ साइडिंग पहुंचे। इधर-उधर काफी खोजबीन की। लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। इसी दौरान पुत्र सुबीर के बाइक का टूटा हुआ शीशा दिखा। इतने में सूचना पर पुलिस पदाधिकारी पहुंचे।

## हाइडल पावर प्रोजेक्ट बनाए जाने के विरोध में उरीमारी से ललपनिया रवाना हुए हजारो लोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** संथाल समाज दिशोम मॉझी कर्णपुरा परगना प्रखण्ड मॉझी हाड़ाम सूरज बेसरा के नेतृत्व में लुगु बुरू घान्टाबाड़ी धोरोम गाढ़ में केन्द्र सरकार द्वारा डी.वी.सी. हाइडल पावर प्रोजेक्ट बनाए जाने का विरोध करने को लेकर जन आक्रोश महाजूटान एफ टाइप फुटबॉल मैदन लालपनिया के लिए रवाना हुए। जिसमें उरीमारी क्षेत्र के जोजो टोला, डेढ़का टोला,गेराटोला, भुरकुण्डवा, रस्का टोला,करमा टिल्हा, तिलैया,पंचडा, गुड़कुवा, अम्बा टोला,लुकुईया, बरतुआ, संगबुरू, पसेरिया, जुबला, तेतरिया, हेसाबेड़ा, बघरैया घनसल्लैया, सहेदा, चपरी, तिलैया, बंसकटवा, जराकाठ, कौसी के हजारों लोग शामिल हुए।वही रवाना होने वाले में सूरज बेसरा,मोहन सोरेन,सन्त्री सोरेन, बिनोद हेम्ब्रोम,अजय बेसरा, संजय कुमार टुडू, कानू मराण्डी, सीताराम किस्कू, सुकर मॉझी, जतरू बेसरा, बिरसा टुडू, अजय मराण्डी, प्रेम सोरेन पप्पु लाल मॉझी, मनुलाल मॉझी, मुन्शी मुर्मू, मनुलाल सोरेन, सरजु बेसरा, दासो मुर्मू, बिरसा हेम्ब्रोम, बिनोद बेसरा, राजेन्द्र सोरेन, लाल बहादुर मॉझी, राजा मुर्मू, मुनिष मराण्डी, बिनोद मुर्मू ,महादेव हॉसदा, अजीत टुडू, बिमल टुडू, सिकेन्द्र टुडू, विजय सोरेन, उदन सोरेन, जगदीश मॉझी, बन्शीलाल मुर्मू, संजय मॉझी, बुधन मॉझी, बिरसा मॉझी, जतरू मॉझी,शांति देवी सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# कोलियरी सिरका लोकल सेल में भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर युवा मोर्चा ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** अरगडा जीएम आंफिस गेट के समक्ष पार्क पार्क प्रांगण में युवा मोर्चा के सदस्यों ने एक बैठक किया। इसकी अध्यक्षता अमित कुमार भुईयां व संचालन संजय बेदिया ने किया । बैठक में युवा मोर्चा के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि युवा मोर्चा के सदस्य बेरोजगार है । रोजगार के लिए इधर उधर भटक रहे हैं । कंही काम नहीं मिल रहा है । मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि सिरका कोलियरी लगभग चार वर्ष से अधिक समय से बंद हैं । अब बहुँत जल्द ही सीटीओ मिलने वाली है । सीटीओ मिलते ही कोयला का उत्पादन शुरु हो जाएगा । इसके बाद लोकल सेल भी चालू हो जाएगा । लोकल सेल में युवा मोर्चा के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने की माँग अरगडा क्षेत्र के महाप्रबंधक से की है । ताकि यहाँ के यहाँ युवा मोर्चा के सदस्यों को रोजगार के लिए बाहर भटकना नहीं पड़े । प्रबंधन यदि भागीदारी लोकल सेल चालू होने के बाद सुनिश्चित नही की तो मोर्चा के सदस्य आन्दोलन करेगी । बैठक में प्रमोद , विक्की , सूरज राम , विशाल करमाली , तेजू खान , गोबिंद कुमार , सूरज करमाली , कपिल , सुनिल कुमार , छोटू राम , बबलू प्रजापति , सुभाष गुप्ता , दीपक आदि मोर्चा के सदस्य उपस्थित थे ।

# एकल अभियान के तहत भुरकुंडा संच का खेल-कूद प्रतियोगिता हुआ सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा संच समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय खेल-कूद का आयोजन आईएजी फुटबॉल मैदान में किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन भारत माता एवं सरस्वती माता के समक्ष भुरकुंडा संच समिति रामगढ़ अंचल महिला समिति एंव भुरकुंडा क्षेत्र के समाज सेवीयों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया विधिवत उद्घाटन के बाद उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय प्राप्त किया गया। वही तत्पश्चात अथितियों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें सर्व प्रथम भुरकुण्डा संच समिति संरक्षक युगेश दाँगी ने कहा की झारखण्ड नाम यदि पुरे दुनियाभर में जाना जाता है तो वह खेल के लिए जाना जाता हैं आज के समय में खेल-कूद का महत्व बहुत बढ गया है आज एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वावधान में गांव में छिपे प्रतिभावान बच्चे-बच्चीयों अपना प्रतिभा निखारने का एक अच्छा सुअवसर प्राप्त हो रहा है यह बहुत महत्वपूर्ण कार्य एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से हो रहा है। इस खेल-कूद कार्यक्रम में विभिन्न 30 गांव से आए हुए 10 से 16 वर्ष के बीच 760 बालक-बालिका भाग लिए। जिसमें 100 ,200,400मीटर का दौड ,उंची कुद ,लम्बी कुद एवं कबड्डी में बालक-बालिका भाग लिए एवं सफल प्रतिभागियों को मेडल एवं मोमेन्टौ दे कर सम्मानित किया गया, वही इस मौके पर नागेश्वर महतो, जेपी अग्रवाल संस्कार शिक्षा अध्यक्ष महिला समिति उमा सिंहा, सचिव अनामिका श्रीवास्तव, आदि थे ।

## तरूण तहिलियानी के डिजाइनर वेडिंग वियर ब्रांड तस्वा ने पटना में अपने पहले फ्लैगशिप स्टोर का अनावरण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने प्रसिद्ध डिजाइनर तरुण तहिलियानी के सहयोग से ऐतिहासिक शहर पटना में अपने पुरुषों के भारतीय परिधान ब्रांड तस्वा के लॉन्च की गर्व से घोषणा की है। स्टोर का उद्घाटन प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर, तरुण तहिलियानी की उपस्थिति में हर्षवर्द्धन राणे ने किया। शहर के प्रमुख क्षेत्र बोरिंग रोड में स्थित, यह स्टोर इंडिया मॉडर्न पुरुषों के लिए जातीय और शादी के परिधानों की एक उल्लेखनीय रेंज प्रदान करता है।तस्वा के विशाल 7500 वर्ग फुट के स्टोर में एक भव्य अग्रभाग, सुरुचिपूर्ण आंतरिक सज्जा और नवीनतम ए डब्लू23 संग्रह सहित परिष्कृत डिजाइनर शादी के परिधानों का एक विविध संग्रह है। यह संग्रह तरुण तहिलियानी की विशिष्ट शैली का प्रतीक है, जो पारंपरिक सौंदर्यशास्त्र को समकालीन डिजाइन के साथ सहजता से मिश्रित करता है। यह संग्रह शानदार रेशम मिश्रण, त्वचा के अनुकूल कपास-विस्कोस और बुने हुए जैकार्ड से तैयार किए गए आरामदायक फिट प्रदान करता है, जो फ्रीडम ऑफ मूवमेंट की अनुमति देता है। शादी और उत्सव की पोशाक की रेंज व्यापक है, जिसमें आकर्षक कुर्ता सेट, बेदाग सिलवाया शेरवानी और अचकन और बहुमुखी इंडो-वेस्टर्न पहनावा शामिल हैं। इन परिधानों को पूरक करने के लिए एक्सेसरीज की एक विस्तृत श्रृंखला है, जिनमें साफा, सरपेचेस, ब्रोच, पॉकेट स्क्वायर, बटन, सेहरा, स्टोल, शॉल और जूते शामिल हैं।स्टोर का डिज़ाइन और सजावट तरुण तहिलियानी के इंडिया मॉर्डन डिज़ाइन लोकाचार को ध्यान में रखते हुए है और उस नई वास्तविकता को प्रतिबिंबित करता है जिसे भारतीय उपभोक्ता विकसित कर चुके हैं। वे अब अपनी पसंद के माध्यम से अधिक अर्थ और अभिव्यक्ति चाहते हैं।

# जेड ब्लैक अगरबत्ती और एमएस धोनी ने हाथ मिलाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एक बार फिर से एक रोमांचक सहयोग में, प्रीमियम अगरबत्ती उत्पादों के प्रसिद्ध निर्माता जेड ब्लैक अगरबत्ती और पूर्व क्रिकेट दिग्गज एमएस धोनी चल रहे आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान सामूहिक प्रार्थना की भावना और वायरल प्रार्थनाओं की शक्ति का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए हैं। एमएस धोनी और जेड ब्लैक अगरबत्ती के बीच साझेदारी वास्तव में आइकॉनिक है, जो एकता और सामूहिक सद्भावना की भावना का प्रतीक है।इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए, श्री अंकित अग्रवाल, निदेशक, मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस ने कहा, ÷हम लगभग एक दशक से जेड ब्लैक परिवार के हिस्से रहे दिग्गज एमएस धोनी के साथ फिर से जुड़ने के पर सही में सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उनका नेतृत्व और जिन मूल्यों के लिए वह खड़े हैं, वे हमारे ब्रांड की भावना के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं। इस सक्रिय सहयोग के माध्यम से, हम व्यक्तियों और समुदायों को एक साथ आने, पलों का जश्न मनाने और सामूहिक ब्लेसिंग के लिए प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं। अपनी विस्तार रणनीति के हिस्से के रूप में, कंपनी बढ़ती मांग को देखते हुए, रिटेल मौजूदगी को मजबूत करने, अपने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का विस्तार करने और बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के लिए इस वित्त वर्ष में अधिक प्रोडक्ट वर्टिकल जोड़ने के लिए अपनी विनिर्माण क्षमता को दोगुना करने के लिए निवेश कर रही है। एमडीपीएच मध्य प्रदेश में स्थित एक विशाल 9,40,000 वर्ग फुट विनिर्माण फ़ैसिलिटी में संचालन करता है। इसमें पांच कारखाने शामिल हैं, जो प्रतिदिन तीन करोड़ से अधिक अगरबत्ती का उत्पादन करते हैं।

## पूर्व विधायक के समक्ष कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर किया सदस्यता ग्रहण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के मठवा टांड़ स्थित कांग्रेस के पूर्व विधायक ममता देवी के कार्यालय में पूर्व जिलेबी नायक के नेतृत्व मे कांग्रेस पार्टी में आस्था रखते हुए पूर्व विधायक ममता देवी के समक्ष कई लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विधायक ममता देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने पार्टी पर आस्था और विश्वास रखते हुए पार्टी में शामिल हुए हैं तो मैं भी विश्वाश दिलाती हूं कि मैं आप लोगों के हर सुख दुःख में साथ रहूंगी। शामिल होने वाले में सरगडीह गांव के मिस्टर नायक ,नीमा नायक ,रश्मि देवी, संगीता देवी ,काजल देवी ,सुमन देवी, दुखन नायक ,राजू नायक ,लीलू नायक, शिवा नायक ,रोहित नायक ,संगीत नायक ,पूनम देवी ,कविता देवी ,शोभा देवी ,मोनिका देवी, लक्ष्मी देवी उषा देवी और गुजा नायक के साथ दर्जनों पुरुष महिला थे।सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम मे, संतोष सोनी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गोला, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शेखर पाठवा मनोज कुमार कोटवार कांग्रेस जिला महासचिव रामगढ़, चंदन प्रसाद अध्यक्ष रामगढ़ जिला कांग्रेस ओ बी सी मोर्चा गुलाम सरवर मडल अध्यक्ष, परमेश्वर महथा कांग्रेस प्रखंड सचिव गोला ,मुरली मेहता शुभानी अंसारी आदि उपस्थित थे।

# 75 प्रतिशत स्थानीय को रोजगार देना होगा : सतेन्द्र यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल डी परियोजना में खुले आउटसोर्सिंग में रोजगार की मांग को लेकर सेल समिति बेरोजगार संघर्ष मोर्चा सयाल कमिटी की बैठक पंचायत भवन सयाल मे किया गया। जिसमे सयाल उतरी दक्षिणी एवं के0 के0 पंचायत के सैकडों बेरोजगार युवाओं महिला पुरूष पहुंचे। वहीं बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जसीम अंसारी ने कहा तिनो पंचायत के सैकडों बेरोजगारों को आउटसोर्सिंग कम्पनी मे झारखंड सरकार के निर्देशानुसार 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने के तर्ज पर रोजगार देना होगा एवं रोड सेल समिती मे 40/60 के तहत भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी इसके के लिए तीनों पंचायत के बेरोजगार हर मोर्चे पर खरा उतरने का काम करेगी। सीसीएल प्रबंधन का सोतेलापन रवैया और मनमानापन मोर्चा के लोग कतई बर्दाश्त नही करेगा। इसके लिए तिनो पंचायत के हजारो महिला पुरुष जीएम वा पीओ कार्यालय घेरने का काम करेगा। साथ ही पूर्ण रुप से ट्रांसपोर्टिंग ठप कराने का भी काम करेगा। बेरोजगारों के हित को देखते हुए क्षेत्र के सभी पार्टियों के नेताओं एवं पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने अपना समर्थन दिया और हर संभव सहयोग करने की बात कही। वहीं रोजगार को लेकर अगला बैठक बुधवार आठ नवंबर को समय 3 बजे पंचायत भवन सयाल मे निर्धारित की गई है। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो नेता सत्येन्द्र यादव व संचालन मोर्चा के जसीम अंसारी ने की। वहीं इस बैठक मे मुख्य रूप से मोनु साव, रिमा वर्मा,नितु देवी, अजय पासवान,मो0 इरफान, सचिव ऐ0जे0 के0 एस एस बिनोद कुमार, टाइगर सिंह, सबिता देवी, कान्ती कुमारी, राजु बिरदा कुमार, रामनरायन, महेश, निशान्त, परमजीत कौर, बसंती, सुमित्रा, सरिता, जितेन्द्र ओझा,जुली देवी, काली कुरमाली, सोनु अल्तमस,कृष्णा, सन्त्री, मोहीत,मुन्ना, पंकज,रामप्रवेश, भगीरथ साव, रबिन्दर साव, सुनिल कुमार,अमरेंद्र, रंजीत,अमन,उत्तम, रितेश,गौतम, एजाज, अकाश, कबीर,विद्यार्थि, मुन्ना, फैज, किशन,संतोष,इबरार, रोहित झा,सुमित, फैजल, बिसवेश्वर,शहबाज आदि लोग मौजूद थे।



# गांव की साफ सफाई को लेकर सोसो कलां में निकाली गई जागरुकता रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां गांव में रविवार को गांव के साफ सफाई को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके तहत गांव में साफ-सफाई के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।रैली में शामिल महिलाएं हाथ में तख्ती लेकर स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता से ही स्वास्थ्य, गांव को स्वच्छ रखना है आदि स्वच्छता संबंधी नारे लगा रही थी। रैली में शामिल महिलाओं के द्वारा स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर गांव को स्वच्छ रखना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना था। इसे साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में स्वच्छता अभियान का संदेश दिया। इस अभियान को पूरा करना हम सबकी जिम्मेवारी है।स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। स्वच्छता के बिना हम स्वच्छ समाज का निर्माण नहीं कर सकते हैं।स्वच्छता घर से शुरु होती है हम अपने घर एवं घर के आसपास को नियमित रुप से साफ-सफाई करें, सड़क को साफ-सुथरा रखें, घर के आसपास पानी जमा होने न दें और बच्चों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। मौके पर उप मुखिया लईक आलम, पंचायत सचिव लक्ष्मी कुमारी, ललिता देवी, रीमा देवी, पिंकी देवी, प्रदान के बिग्लाल ठाकुर, शम्मा प्रवीण, वार्ड सदस्य रीता देवी, रेखा देवी, आँगन बाड़ी सेविका नुशरत खातून, शीला देवी, जल सहिया बबिता देवी, सहिया दीदी किरण देवी, स्वयं सहायता समूह के सुबुक तारा, शांति देवी, सीमा देवी आदि महिला पुरुष शामिल थे।

## पितृपक्ष पर पूर्वजों के याद में लगाये गए स्मृति वृक्ष

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्रीन लाइफ एवं युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में पितृपक्ष पर पूर्वजों के याद में शनिवार को झरिया बी आर सी के प्रांगण में बरगद का पौधा लगाया गया। सभी ने अपने पितरों के नाम पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। पौधों की सुरक्षा के लिए लोहा जाली के बाड़ भी लगाए गए। स्व.डॉ एच एन सिंह, स्व. अवध बिहारी लाल, स्व.रामरतन सिंह, स्व.सुभाष तिर्की, स्व.विशुन देव पाण्डे, स्व.सुशीला श्रीवास्तव, स्व रामदास साव के याद में लोगों ने बरगद के पौधे लगाए। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी लक्ष्मी वर्मा एवं लीला उपाध्याय ने कहा कि स्मृति वृक्ष लगाना पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बीपीओ सुनील सिंह ने कहा कि पौधे बड़े होकर सजीव स्मारक के रूप में स्थापित होंगे। मौके पर बीईई ओ लीला उपाध्याय, लक्ष्मी वर्मा, सुनील सिंह, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह, रिसोर्स टीचर अखलाक अहमद, डिपेंटी गुप्ता, अजय पाल, मधुकर प्रसाद, राजन श्रीवास्तव, विजय तिर्की, कृष्णा पाण्डे, सुरेश प्रसाद आदि ने अपने पूर्वजों के नाम पर पौधे लगाए।

## नए एलडीएम ने किया पदभार ग्रहण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को धनबाद के नए जिला अग्रणी प्रबंधक (एलडीएम) अमित कुमार ने पदभार ग्रहण किया।



वहीं पूर्व एलडीएम राजेश कुमार सिन्हा का जमशेदपुर जोन में ट्रांसफर किया गया है। श्री अमित कुमार इससे पहले वर्ष 2017 से 2020 तक धनबाद में एलडीएम के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं।

## कतरास में पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन




**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** माहुरी धर्मशाला कतरास में पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता ने निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता ने जबकि संचालन चंदन ने किया। मुख्य वक्ता प्रांत पर्यावरण संरक्षण के प्रमुख प्रवीण दुबे ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखना समाज के सभी वर्गों का दायित्व बनता है, तभी यह संभव है। अन्यथा आने वाले समय में हमे एक आपदा के रूप में देखने को मिलेगा और उस समय हम चाह के भी कुछ नहीं कर पाएंगे। जिसका जीता जागता उदाहरण चेन्नई है, जहां जमीन के नीचे का जल स्तर समाप्त हो गया है। इस लिए पर्यावरण को बचाना है तभी यह सृष्टि की रचना में हम सभी सहभागी हो पाएंगे। मौके पर विशिष्ट अतिथि नगर संघ चालक सुशील चौधरी, गौरब शर्मा, दिवेश, महानगर कार्यवाह पंकज, नकुल, संदीप, सोमसेखर, रामावतार, महावीर, आनन्द, पियूष अवध, रोहित, पिंटू, सौरभ, सुमित, गुड्डू घोष, उमाकांत तिवारी, लखन महतो आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया एवं पौधा लगाने की अपील की गयी।

## सडक दुर्घटना से बाईक चालक गंभीर रूप से घायल

**गांवा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गांवा थाना क्षेत्र के मालदा चौक पर दो युवक गिरकर घायल हो गया। मिली जानकारी अनुसार दोनो युवक चतरो निवासी बाबू मणि सिंह पिता बसंत सिंह बताया गया दोनो युवक शराब से धुत होकर मोटर वाहन चला रहा था तभी बाइक से अनियंत्रण होकर घायल हो गया घटना के तुरन्त बाद ग्रामीणों के सहयोग से गांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जिसका प्राथमिक उपचार कर धनबाद रेफर कर दिया गया।

## गिरिडीह कॉलेज में पहली बार लड़कियों की एनसीसी कैडेट्स में नामांकन की शुरुआत



**गिरिडीहा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह कॉलेज के इतिहास में पहली बार लड़कियों की एनसीसी कैडेट्स में नामांकन गिरिडीह कालेज गिरिडीह में 70 के दशक से ही एनसीसी कोर्स का संचालन होता आया है। एनसीसी का चुनाव कर छात्र देश सेवा के साथ साथ अपने व्यक्तित्व का भी विकास करते हैं। गिरिडीह कालेज एनसीसी की केयर टेकर आफिसर प्रो विनीता कुमारी ने कहा कि 2023 में पहली बार गिरिडीह कालेज में छात्राओं ने भी एनसीसी को चुना। गिरिडीह के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने कहा कि एनसीसी से बच्चों का सर्वांगीण विकास के साथ साथ देश सेवा की भावना का भी विकास होता है। एनसीसी के 22 बटालियन हजारीबाग,झारखंड से लगभग 80 छात्र छात्राओं का चयन हुआ एवं गिरिडीह कालेज में आज परिचय सत्र का आयोजन किया गया। बटालियन के कमांडेंट आफीसर हरमीत सिंह जी का सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने आभार व्यक्त किया। मौके पर सीनियर अंडर आफिसर अनिष कुमार, अंडर आफिसर सचिन कुमार , निवास कुमार , पूर्व सीनियर अंडर आफिसर मनीष तिवारी,सुरज आदि के साथ सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा समितियों को किया गया सम्मानित

## सीसीआई के कार्यक्रम की विधायक ने की सराहना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से दुर्गा पूजा समितियों को सम्मानित किया गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक सुदिब्य कुमार सोनू उपस्थित हुए। सीसीआई की ओर से विधायक को मोमेंटो व शॉल देकर स्वागत किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में विधायक श्री सोनू ने चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे और भव्य तरीके से आयोजित करने का सुझाव दिया। सीसीआई के अध्यक्ष राहुल बर्मन ने कहा कि आने वाले वर्ष में इस कार्यक्रम को और विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने



कहा कि इस वर्ष घोषणा के अनुसार पपरवाटांड़ को भव्य पंडाल के लिए, सुरो सुंदरी इंस्टिट्यूट को भव्य मेला व सजावट के लिए तथा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर विश्वनाथ मंदिर को अनुशासित पंडाल के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावे एकल प्रयास से संचालित रक्षित बाबू पूजा पंडाल को विशेष सम्मान दिया गया। प्रतिमाओं के विसर्जन में अहम रोल अदा करने वाले मानसरोवर विसर्जन समिति को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावे बड़की दुर्गा माता, छोटकी दुर्गा माता, पुराना जेल परिसर, बोड़ो दुर्गा पूजा समिति, पचंबा पूजा समिति, बनियाडीह पूजा समिति, विजय इंस्टीट्यूट, बाभनटोली, मंगरोडीह, फॉरेस्ट ऑफिस, बीबीसी रोड, अलकापुरी, सिरसिया, महादेव तालाब रोड, हुट्टी बाजार समेत अन्य पूजा समितियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक अरविंद कुमार ने किया जबकि मौके पर सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल राम भदानी, वरीय उपाध्यक्ष संजय सिंह, राजेश गुप्ता, धर्म प्रकाश, सौरभ महासेठ समेत सीसीआई के कई सदस्य उपस्थित थे।

## बृहद कला संस्कृति की डरे सोहराय का हुआ आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को बृहद झाड़खंड कला संस्कृति मंच धनबाद की ओर से पूर्व घोषित कार्यक्रम डरे सोहराय जीटी रोड लेन बरवाअड्डा से बगोदर तक आयोजित की गई। जिसमें 81 कुस्ती, 81 अखाडा, 81 किलोमीटर तक मनाया गया। तोपचांची के मानटाड तोपचांची सुभाष चौक, अमलखोरी, सिहडह मोड़, पावापुर, मदैयडीह, कंडेडीह मोड़ में सभी ग्रामीण ढोल, मांदर सोहराय के टीम के साथ अपने संस्कृति का नाच गान किया गया। इस अवसर पर सदानंद महतो ने कहा कि झारखंड की संस्कृति अद्भुत है। झारखंड के लोग प्रकृति पूजक है। संस्कृति के माध्यम से कुडमि जनजाति समुदाय पुनः सूचीबद्ध की मांग कर रही है। इस अवसर पर गिरधारी महतो, महादेव महतो, ओमप्रकाश महतो, फरकेशर महतो, सुरेश महतो, तुलसी महतो, सहदेव महतो, विवेक महतो, विनोद महतो आदि लोग सक्रिय थे।

## भाजपा नेता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला के महामंत्री एवं पूर्व भागा मंडल के अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा के असामयिक निधन के उपरांत भागा मंडल अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में फुसबंगला स्थित आशीर्वाद लॉज में श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया जहा मुख्य रूप से धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह उपस्थित हुई एवं स्वर्गीय उपेंद्र विश्वकर्मा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जहां कार्यकर्ताओं ने एक एक कर उपेंद्र विश्वकर्मा जी के साथ बिताए पल को साझा किया एवं अपने शब्दो से उन्हे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वही इस मौके पर सांसद पशुपतिनाथ ने कहा कि उपेंद्र एक कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे और यह संगठन के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। वहीं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि उपेंद्र जी का यूं अचानक चले जाना संगठन के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

## दीपावली से पहले कर ली जाएगी सभी छठ घाटों की सफाई

# नगर आयुक्त ने की तालाबों में पूजन सामग्री व कचरा नहीं डालने की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी को लेकर कहा कि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देशानुसार नगर निगम ने निगम क्षेत्र में छठ घाट चिन्हित कर वहां पर सफाई अभियान शुरू कर दिया है। दीपावली तक सभी तालाबों की सफाई पूरी करने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि छठ तालाब के साथ-साथ एप्रोच रोड की भी सफाई की जा रही है। दीपावली के बाद यदि तालाब गंदा होगा तो फिर से उसकी सफाई नगर निगम द्वारा की जाएगी। साथ ही कहा कि छठ पूजा के दो दिन पहले तालाबों में ब्लीचिंग पाउडर और फिटकरी डाली



जाएगी। जिससे पानी शुद्ध हो जाएगा।

नगर आयुक्त ने कहा कि खतरनाक घाट को चिन्हित कर वहां बैरिकेडिंग की जाएगी और जरूरत पड़ने पर एनडीआरएफ की टीम की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। वहीं पंपु तालाब, लोको टैंक, रानी बांध, बेकार बांध, राजा तालाब, बिग बाजार के पास तालाब, झरिया राजा तालाब, विकास नगर छठ घाट में सर्वाधिक भीड़ होती है। इन जगहों पर तैराकों की तैनाती होगी। नगर आयुक्त में सभी नगर वासियों से तालाब को गंदा नहीं करने और स्वच्छ रखने तथा घर का कचरा एवं पूजन सामग्री को तालाब में नहीं डालने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घर का जो भी कचरा है वह नगर निगम की डोर टू डोर घूमने वाली गाड़ी में ही डालें।

## भारत ज्ञान विज्ञान समिति की 11वीं राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर रिसेप्शन कमिटी की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार नवंबर को लिंड्से क्लब, हीरापुर में भारत ज्ञान विज्ञान समिति का 11वीं राष्ट्रीय सम्मेलन जनवरी 2024 में आयोजित होने की तैयारी को लेकर रिसेप्सन कमेटी की तीसरी बैठक प्रो. डॉ.दीपक कुमार सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक के संचालन रिसेप्सन कमेटी के सचिव भोला नाथ राम द्वारा किया गया। मंचासीन में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ.काशी नाथ चटर्जी, रिसेप्सन कमेटी के उपाध्यक्ष में हेमंत कुमार जायसवाल, डॉ. सुनील कुमार सिन्हा व सपन माझी, ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के राज्य महासचिव विश्वनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ठाकुर,परेश नाथ बनर्जी मौजूद थे। बैठक में शुरुआत में इजरायल एवं फिलिस्तीन में हमले में जीवन गवाने वाले बच्चे,महिला एवं पुरुषों के लिए, नेपाल में आए भूकंप में सैकड़ों लोग, व नागार्जुन का पुण्यतिथि तथा प्रो. के.के शर्मा के मृत्यु पर दुःख प्रकट करते हुए एक मिनट के मौन के साथ श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात डॉ. काशी नाथ चटर्जी द्वारा 11 वीं राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई।हेमंत कुमार जायसवाल, सपन माझी, डॉ. सुनील सिन्हा, विश्वनाथ सिंह द्वारा कहा गया की भारत ज्ञान विज्ञान समिति के देश में 11 वीं व झारखंड राज्य में तीसरी बार धनबाद के अग्रसेन भवन 19 से 21 जनवरी 2024 में आयोजित है।

# विक्षिप्त ने कुएं में कूदकर की आत्महत्या, क्षेत्र में पसरा मातम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गांवा/गिरीडीह :** गांवा थाना क्षेत्र के सेरूआ निवासी कार्तिक यादव के 25वर्षीय पुत्र संकर यादव ने रहस्मय तरीके से शनिवार को गांवा बिजली ऑफिस के समीप एक कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि युवक बचपन से ही मानसिक रूप से विक्षिप्त था हर दिन के भाती शनिवार को भी युवक अपने पिता के साथ मवेशी को चराने सेरुआ पुल के तरफ आए थे तभी अचानक विक्षिप्त युवक दौड़ने-भागने लगा इसके बाद युवक के पिता उसे रोकने का प्रयास कर रहे थे तभी युवक ने बिजली ऑफिस के समीप में स्थित एक कुआं में छलांग मार दी और काल के गाल में समा गए युवक के कुंआ में डूबते ही उनके पिता व आसपास के लोगो के हो - हल्ला पर ग्रामीण इकठ्ठा होकर जब तक युवक को बाहर निकाले तब तक युवक अपना दम तोड़ चुका था इधर ग्रामीणों ने बताया कि युवक बचपन से ही मानसिक रूप से विक्षिप्त थे वह कभी भी कहीं भी चला जाता था।

जिस कारण उनके परिजन हमेशा उनका खास ख्याल रखते थे लेकिन उनके पिताजी के लाख प्रयास करने के बावजूद भी आज युवक को बचाया नहीं जा सका इधर घटना का सूचना पाकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है वही घटना का सूचना पाकर जब तक गांवा पुलिस पहुंची तबतक ग्रामीण युवक के शव लेकर घर जा चुके थे ।वही गांवा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की मनी 148वीं जयंती समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पटेल सेवा संघ की धनबाद इकाई द्वारा आयोजित सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148 वीं जयंति के अवसर पर हीरक रोड, भेलाटांड़ स्थित द रीत रिसोर्ट में संघ के अध्यक्ष प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जयंति समारोह बड़े धूम-धाम से मनाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जनता दल (यु) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि भाजपा के कुशासन से देश की जनता त्रस्त है। अब समय आ गया है की जब हम सारे लोग मिलकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर बनायी गई इंडिया



गठबंधन को मजबूत बनायें और केन्द्र की भ्रष्ट भाजपा सरकार को उखाड़ फेंके। बतौर मुख्य वक्ता समारोह को संबोधित करते हुए पटेल सेवा संघ के प्रधान संरक्षक व झारखंड प्रदेश जदयु के महासचिव सुशील कुमार सिंह ने कहा कि आज की राजनीति में सरदार पटेल सरीखे आदर्श पुरुष की बड़ी आवश्यकता है क्योंकि आज राजनीति में सर्वत्र गिरावट एवं मूल्यविहीनता का बोलबाला है। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेराजगारी अपने चरम पर है और राजनीति से जुड़े लोग राजनीति को लाभ और सत्ता सुख का साधन समझ रहे हैं। जबकि सरदार पटेल राजनीति को सेवा मानते थे और मूल्यों से कभी समझौता नहीं करते थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद खीरू महतो, अशोक चौधरी, सुशील सिंह, मन्नान मल्लिक, दामोदर प्रसाद, तारा देवी, प्रकाश प्रसाद सिंह, अरुण प्रसाद, गोपाल यादव, राजु सिंह, नवल किशोर प्रसाद, बसंत यादव, इंद्रनारायण महतो, प्रोफेसर पी. के. राव, कमेश्वर महतो, पींटु सिंह, डॉ विजय कुमार, योगेन्द्र यादव, गणपत महतो, विजय जायसवाल, के डी. एन. आजाद का संबोधन हुआ।

## महाप्रबंधक ने पतरातू के पास समपार सं. 39 का औचक निरीक्षण किया



प्रभात मंत्र सवांददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने कल दिनांक 04.11.2023 को रात्रि में धनबाद मंडल के पतरातू स्टेशन के पास समपार सं. 39 का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया तथा गेटमैन से संरक्षा संबंधी कार्यप्रणाली को परखा। निरीक्षण के क्रम में आज दिनांक 05.11.2023 को महाप्रबंधक महोदय ने बुकरू स्टेशन पर संरक्षा की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माल गाड़ियों के हॉट एक्सल होने से बचाव का जायजा लिया एवं इस संबंध में अधिकारियों से तकनीकी चर्चा की। इस दौरान मुख्यालय के उच्चाधिकारीगण एवं धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# जदयू धनबाद में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी : खीरू महतो




**जदयू के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो का जिले में भव्य स्वागत स्वागत**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को धनबाद जिला जनता दल यू. के जिला अध्यक्ष पिन्टू कुमार सिंह ने एक बयान जारी कर कहा कि आज जनता दल यू. के राज्यसभा सांसद सह झारखण्ड प्रदेश जनता दल यू. के अध्यक्ष खीरू महतो एक कार्यक्रम में भाग लेने धनबाद आये। इसी क्रम में उनका स्वागत सबसे पहले कपुरिया मोड़ में दिप नारायण सिंह के नेतृत्व मे, पुटकी चौक मे स्वागत पार्टी के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह के नेतृत्व एवं करकेन्द पेट्रोल पम्प के पास महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय के नेतृत्व एवं केन्दुआ थाना मोड़ के पास पार्टी के जिला महासचिव कामेश्वर यादव के नेतृत्व एवं बैंक मोड़ में उनका स्वागत जनता दल यू. पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव के नेतृत्व में जोरदार ढंग से किया गया। सभी जगह कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि धनबाद जिला में जनता दल यू. का संगठन काफी मजबूत है और आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में जनता दल यू. मजबूती के साथ धनबाद में चुनाव लड़ेगी।

# अपने अधिकार को लेकर वार्ड सदस्यों ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** रविवार को प्रखंड क्षेत्र के जुठाहाआम मोड़ के पास प्राथमिक विद्यालय के बगल में प्रखंड क्षेत्र के वार्ड सदस्यों ने अपने अधिकारों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। इस बीच पंचायत चुनाव में निर्वाचित वार्ड सदस्यों को कार्य व कर्तव्यों का अधिकार नहीं मिलने के कारण आक्रोश देखा गया। बैठक में मांगों को लेकर एक संघ का गठन किया गया। जिसमें नौ पंचायतों के वार्ड सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु जनार्धन यादव , उपाध्यक्ष कलेश्वर यादव ,सचिव अनंत कुमार सिन्हा, उपसचिव डेगनारायण महतो , कोषाध्यक्ष किशुन कुमार दास , उपकोषाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा का चयन किया। इस बीच वार्ड सदस्य के अध्यक्ष जर्नादन यादव ने कहा कि सरकार तथा पंचायत के मुखिया वार्ड सदस्य के साथ सौतेलेपन का व्यवहार कर रही है। हम लोगों को वार्ड में विकास के कार्यो से बंचित रहना पड़ रहा है। जिससे वार्ड की जनता वार्ड सदस्यों से खफा है। वार्ड के जनताओं का कहना है, वार्ड सदस्य को अपना मत देकर वार्ड के विकास के लिए चुने हैं, अगर वह विकास नहीं कर पाते हैं, तो पद से त्यागपत्र दे दें। इस स्थिति में वार्ड सदस्यों को केवल त्यागपत्र देने के सिवा कुछ नहीं बचा है। सरकार



अगर हम लोगों की मांगों को नहीं सुना तो हम लोग बड़ा आंदोलन भी कर सकते हैं। एक स्वर में उपस्थित सभी वार्ड सदस्यों ने कहा हम लोगों को समय रहते, अधिकार नहीं मिला तो हम लोग बड़ी आंदोलन के लिए तैयार हैं। मौके पर उपस्थित सभी पंचायत के वार्ड सदस्य एवं प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित था।

## भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में कार्यसमिति की हुई बैठक

# जनजातीय गौरव दिवस पर अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करें : योगेंद्र प्रताप सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला की कार्यसमिति बैठक दिनांक 05/11/23 दिन रविवार को बक्शीडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय सभागार में जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में बैठक की। जिसमें मुख्य रूप से अतिथि प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह और जिला प्रभारी मनोज मिश्रा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह उपस्थित हुए।बैठक की मुख्य विषय 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस के दिन बिरसा मुंडा के पैत्रिक गांव में देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आगमन और खूंटी स्टेडियम में संबोधन कार्यक्रम जिला से भागीदारी। बैठक की शुरुआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलितकर वंदेमातरम गीत के साथ की गई। अतिथियो का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर की गई। मुख्य अतिथि योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के झारखंड के ही नहीं पूरे भारतवर्ष के गौरव है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति समाज देश ही नहीं विदेशों में भी मानते थे। परंतु महान विभूति को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित नहीं किया गया था। उसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस को स्थापित किया। इस विशेष अवसर के रूप में देश के प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा के जन्म स्थली पर उत्सव हमलोगों के साथ मनाएंगे। हमें पूर्ण विश्वास झारखंड के जनता के प्यार आशीर्वाद से कार्यक्रम भव्य होगी। इसके निमित्त 8नवम्बर को मंडल कार्यसमिति, और9से 13 नवम्बर तक शक्ति केन्द्र पर बैठक के निमित्त नियुक्ति पदाधिकारी की उपस्थिति में होगी। मनोज मिश्राने कहा कि कार्यक्रम में हमारी सहभागिता अधिक से अधिक कैसे हो जिले के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी चिंता करेंगे। यह शुभ अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के प्रति श्रद्धा अर्पण होगी। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि धरती आबा ऐसा बंदा को वर्षों से उनकी पराक्रम को उपेक्षित किया और उनकी नाम को भंजाने का काम किया। उनकी विचारधारा एवं उनके व्यक्तित्व को स्थापित करने की कोशिश नहीं की वह हमारे देश के प्रधानमंत्री ने जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गौरव दिवस के रुप में स्थापित कर उसे दिन को भव्य बना दिया। भाजपा हर एक जनजातीय शहीदों की बलिदान की गाथा को प्रत्येक मंच पर स्थापित एवं विचारों को आत्मसाथ किया है।वहीं शेष राजनीतिक दल केवल नाम को राजनीतिक लाभ से देखा है। साधनू भगत ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में हमारी भागीदारी समाज में समन्वय एवं समरसता स्थापित करेगी इसलिए हमारे संस्कृति बढ़ाने वाला और सामाजिक हर एक कार्यक्रम में स्वयं से आगे बढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 15 नवंबर को हमारे झारखंड की स्थापना हुई थी और भारतीय जनता पार्टी ने इस दिन ही बड़ी सौगात के रूप में लंबे समय से मांग कर रहे झारखंड के आंदोलनकारी के साथ न्याय किया था। 15 नवंबर एक विशेष संदेश देती है इसलिए हमें बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व उनके विचार,संघर्ष को जन-जन तक पहुंचना अति आवश्यक है। बैठक का मुख्य संचालक महामंत्री बाल कृष्णा सिंह और धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार वर्मा ने की।

## मुर्की पथ में बड़े बड़े गढ्ढों से आगामी छठ महापर्व में व्रतियों को होगी परेशानी



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित एन एच 143 ए पथ से सुदुर्वर्ती गांव मुर्की को जोड़ने वाली पथ काफी जर्जर अवस्था मे होने के कारण आवगमन में दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहन हिचकोले मारते हुए गंतव्य स्थान को जाती है। साथ ही प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व में श्रद्धालु छठव्रती इसी मार्ग से पैदल बांकी नदी छठघाट छठ मैया को अर्घ्य देने जाते हैं। काफी जर्जर पथ के कारण इस वर्ष व्रतियों को मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। विदित हो कि पांच वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सेन्हा मुर्की पथ को नीलम कंट्रक्शन के द्वारा करोड़ो के लागत से निर्माण कराया गया था। परंतु क्षमता से अधिक भारी वाहन के आवगमन के कारण पथ समय से पूर्व जर्जर हो गया। वही छठ पूजा को लेकर छठ पूजा समिति द्वारा श्रमदान कर पथ मरम्मती का विचार विमर्श किया जा रहा है। इस संदर्भ में विहिप प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहु द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को जर्जर पथ की समस्या से अवगत कराते हुए समस्या का निदान कराने की मांग किया गया है। साथ ही छठ पूजा समिति पदाधिकारियों द्वारा बताया जाता है कि प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व के अवसर पर पथ की मरमती एवं साफ सफाई किया जाता था परंतु इस वर्ष पथ इतना जर्जर हो चुका है जिससे छठ व्रतियों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है।

## अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**सेन्हा-लोहारदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालू के अवैध खनन के खिलाफ सेन्हा थाना पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी हुई है। पुलिस द्वारा अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई से बालू माफियाओं में दहशत है। इस दौरान शनिवार रात में गुप्त सूचना के आधार पर रजिस्ट्रेशन नम्बर जेएच 08 जेड 9765 स्वराज ट्रैक्टर को जपत किया गया है। बताया जाता है कि कोयल नदी मुड़ा बालू घाट से एक स्वराज ट्रैक्टर को अवैध बालू के साथ सेन्हा थाना पुलिस द्वारा जप्त कर थाना लाया गया। वही पुलिस को देखते ही मौके से ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया। वही जानकारी के अनुसार बताया गया की क्षेत्र से अवैध तरीके से बालू का खनन कर ऊंचे दाम पर बेचने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि उन्हें अवैध बालू के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। साथ ही कहा कि अवैध बालू कारोबार के खिलाफ यह कार्रवाई जारी रहेगा। वही जप्त ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद के लिखित आवेदन पर सेन्हा थाना कांड संख्या 141/23 धारा 379, 411 दर्ज कर पुलिस अग्रतर करवाई जुट गई है। मौके पर एस आई गणेश कुमार यादव दल बल के साथ मौजूद थे।

## दोहरा तिहरा मीटर को जल्द हटाये बिजली विभाग

# एक से अधिक मीटर लगाकर उपभोक्ताओं का किया जा रहा है भयादोहन, ये बर्दास्त नहीं : श्रद्धानन्द बेसरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुरडेग प्रखंड गड़ियाजोर पंचायत के सांवा तेतर टोली जनजातीय क्षेत्र में निवास करने वाले विद्युत उपभोक्ताओं ने भाजपा के पुर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा को क्षेत्र भ्रमण के वक्त , कुरडेग उप प्रमुख सह भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय जायसवाल, कुरडेग प्रखंड भाजपा महामंत्री रविन्द्र शर्मा, गढ़िया जोर पंचायत की मुखिया प्रतिभा कुजूर ,पंचायत समिति सदस्य सविता लकड़ा की उपस्थिति में जानकारी दिए कि हमारे गांव के सभी घरों में तीन तीन विद्युत मीटर, विद्युत विभाग एवं कंपनी की ओर से विद्युत मीटर लगाने वाले कर्मचारियों के द्वारा लगाने का कार्य किया गया जिसके कारण विद्युत विभाग द्वारा निर्गत विद्युत बिलों के भुगतना को लेकर भयभीत एवं असमंजस में हैं। गांव के लोगों ने श्री बेसरा को यह भी बताया कि उनके नाम से तो विद्युत बिल आ ही रहें हैं, अब उनके पत्नियों के नाम पर उनके बेटे के नाम पर भी आ रहें हैं। जिसके कारण भयभीत हैं। कुछ लोगों ने कहा कि बिल मिलने के उपरांत विद्युत मीटर हटाने के लिए आवेदन भी दिया गये थे परन्तु उन आवेदनों पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण अब भी विद्युत बिल दिए जा रहे हैं। भयभीत वश भुगतान भी कर रहे है । पर उन्हें भुगतना का रशीद नहीं दिया गया है। लोगों के कहने के अनुसार मीटर लगाने वाले विद्युत कर्मचारियों से श्री बेसरा ने मोबाइल फोन से बात चीत किया तों उन्होंने बताया कि पुर्व में सौभाग्य योजना के तहत मीटर लगाए गए थे, उसके बाद लनरसा इंफ़्रा कंपनी के द्वारा लगाए गए।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 73 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, सभी ने वंदे मातरम, भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 52 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। शिविर में समाजसेवी अशोक अग्रवाल ने सहयोग के रूप में एक सौ पीस शुगर स्टिक जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ को सौंपते हुए कहा कि मानव सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है,जिला अध्यक्ष द्वारा निरंतर निशुल्क सेवा के कार्य करना काफी सराहनीय है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की स्वास्थ्य ही जीवन का सबसे महत्वपूर्ण धन है आपका शरीर स्वस्थ है तो सब कुछ अपने,नहीं तो सब कुछ बेकार है, हमारा प्रयास रहेगा की जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक सेवा प्रदान कर सके। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा स्वास्थ्य शिविर में हमें लोगों का सेवा करके मन को बहुत शांति प्राप्त होती है,और कहा कि लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए। सचिव जयप्रकाश शर्मा एवं शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हैं।

## आदिवासी संस्कृति को नवजीवन देता है करमा का त्योहार : विधायक भूषण बाड़ा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के पाकलोट प्रखंड के बंगरू पेटसेरा में नवाखानी पर्व सह करमा महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि झारखंड की सभ्यता-संस्कृति में प्रकृति प्रेम निहित है जो हमें प्रकृति के प्रति सम्मान और आदर को जागृत करती है। उन्होंने कहा कि करमा का त्योहार आदिवासी संस्कृति को नवजीवन देता है। इससे पर्यावरण में भी शुद्धता रहती है। विधायक ने कहा कि प्रकृति पर्व करमा हमें प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। मानव जीवन के लिए पेड़ पौधे अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज को आगे लाने में युवाओं को सहयोग करना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक चेतना के क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का, पंचायत अध्यक्ष संजय लकड़ा, सहायक पल्ली पुरोहित बिनोद मिंज, मुखिया पूनम एक्का,मुखिया कांति केरकेट्टा, मुखिया जसिंता मिंज, महिला विकास मंडल अध्यक्ष सुसैना लकड़ा, मोजेस एक्का, सुधीर कुल्लू, मार्ग्रेट लकड़ा, युवा महिला उपाध्यक्ष अंजलिता बड़ा, लोटेम सोरेंग, प्रमिला कुजूर, नीला नाग, निमी नाग आदि उपस्थित थे। **प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है करमा : जोसिमा खाखा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि आदिवासी समाज अनादि काल से करमा पर्व के माध्यम से यह संदेश देता आया है। पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़ पौधे लगाएं एवं संतान के समान उनकी रक्षा करें। प्रकृति की रक्षा से ही समाज में प्रगति आ सकती है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक परंपरा को भी बनाए रखने की जरूरत है।

## डॉ. रामेश्वर उरांव व धीरज प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार एवं माननीय राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू जी के कर कमलों द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत जुरिया तिगरा पथ ( लालपुर)से अरकोसा तक 3.08 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया गया यह सड़क लागत 2 करोड़ 57 लाख लागत से तैयार होगी जो लालपुर से सेंबर टोली, पोढहा टोली अरकोसा ग्राम को जोड़ेगी, इस मौके पर माननीय वित्त मंत्री ने कहा कि यह सड़क पूर्व में काफी जर्जर थी जिससे आवागमन बाधित होती थी और स्थानीय ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था, अब इस सड़क के निर्माण से आवागमन काफी सुगम हो जाएगा और व्यापार, आयात निर्यात को बढ़वा मिलेगा। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि इस सड़क के बनने से स्थानीय ग्रामीणों में काफी हर्ष है इस सड़क निर्माण का मुख्य उद्देश्य एक पंचायत से दूसरे पंचायत को जोड़ना है जिससे सभी ग्रामों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके और आधारभूत संरचना का लाभ मिल सके।

## दीपक सर्राफ के अगवाई में अरविंद कुमार लाल को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला सेवा भारती सह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ के अगवाई में विज्ञान भवन लोहरदगा पर निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल जी को अंगवस्त्र एवं बुद्ध जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने उनके साथ बिताएं पलों को याद करते हुए कहा कि, अरविंद कमार लाल जी प्रशासनिक अधिकारी रहते हुए सभी के मन में एक आत्म विश्वास दिलाते हुए भय मुक्त बनाएं, और एक परिवार की तरह सभी को मानते रहे, ये हमारे प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। अरविंद लाल जी ने कहा की लोहरदगा जिला के लोगों ने हमें बहुत ही प्रेम दिया और सभी ने मिलजुल कर हर क्षेत्र में हमारे साथ कदम से कदम मिलकर साथ दिया, जिससे की कार्य करने में हमें काफी सहयोग मिला, हमें सभी समाज के लोगों ने काफी सम्मान भी दिए, हम जिला वासियों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद देते हैं, और हमारा तो यहां के लोगों से मिलना-जुलना लगा रहेगा। आज सम्मानित करने वालों में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, शशि भूषण सिंह, शुभम शर्मा, हर्षित सोनी, अतुल सराफ आदि थे।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 73 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, सभी ने वंदे मातरम,भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 52 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। शिविर में समाजसेवी अशोक अग्रवाल ने सहयोग के रूप में एक सौ पीस शुगर स्टिक जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ को सौंपते हुए कहा कि मानव सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है, जिला अध्यक्ष द्वारा निरंतर निशुल्क सेवा के कार्य करना काफी सराहनीय है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की स्वास्थ्य ही जीवन का सबसे महत्वपूर्ण धन है आपका शरीर स्वस्थ है तो सब कुछ अपने, नहीं तो सब कुछ बेकार है, हमारा प्रयास रहेगा की जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक सेवा प्रदान कर सके। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा स्वास्थ्य शिविर में हमें लोगों का सेवा करके मन को बहुत शांति प्राप्त होती है।

## वीर शहीद तेलंगा खड़िया हॉकी टूर्नामेंट का हुआ समापन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड के कोरोमिया पंचायत अंतर्गत भुटकुदर मैदान टोली में नवयुवक संघ के तत्वाधान में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया टूर्नामेंट का मुख्य संरक्षक माननीय कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी एवं पंचायत के मुखिया रेणुका सोरेंग को बनाया गया था, फाइनल मुकाबले में टाइटबेड़ा ओड़िशा की टीम ने संघर्ष पूर्ण मुकाबला में अम्बाटोली अंवराबहार को 1-0 से पराजित किया, टूर्नामेंट में कुल 28 टीमों ने भाग लिया जिसमें अपना शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टाइट बेड़ा उड़ीसा की टीम ने फाइनल में विजेता बनी जिसे मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने पुरस्कार स्वरूप खस्सी देकर सम्मानित किया, साथ ही उपविजेता अम्बाटोली अंवराबहार को बीस सुत्री अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग के द्वारा पुरस्कार स्वरूप खस्सी देकर सम्मानित किया गया, परितोषित वितरण से पहले मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा हमारे माननीय कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी हर क्षेत्र में जनता के लिए तत्पर रहते हैं,इसी तरह खेल को भी बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं ,इससे पहले भी पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था, साथ ही साथ इस तरह एक छोटे से गांव में हॉकी टूर्नामेंट करना ही बहुत सराहनीय कार्य है, इसके लिए मैं माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी जी को धन्यवाद देता हूं साथ ही साथ कमेटी को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने अपने अथक प्रयास और मेहनत से टूर्नामेंट को सफल बनाया दोनों ही टीमों को बधाई साथ ही उन्होंने कहा आज हम खेल के द्वारा भी अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं उदाहरण के लिए हमारे कई खिलाड़ी हैं सलीमा टेटे, निक्की प्रधान जिन्होंने हॉकी के माध्यम से अपना भविष्य उज्ज्वल बना चुकी है, मेरी शुभकामनाएं कि आप लोग भी एक दिन अपना जिला, राज्य एवं देश के लिए खेल कर अपने प्रखंड का मान बढ़ाएंगे टूर्नामेंट को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष असीसन डुंगडुंग, उपाध्यक्ष अतिस डुंगडुंग, सचिव प्रभात डुंगडुंग, उपसचिव अरूण बड़ाइक, कोषाध्यक्ष मनोज डुंगडुंग, खेल प्राभारी मियुस डुंगडुंग आदि का योगदान भरपुर रहा।

# नोडल पदाधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के विशेष कैम्प के आयोजन के क्रम में श्रीमति गीता चौबे, विशेष कार्य पदाधिकारी सह ई0वी0एम0 नोडल पदाधिकारी मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग झारखण्ड रांची द्वारा 72 लोहरदगा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में मतदान केन्द्र संख्या 270, 271 राजकीय महर्षि दयानन्द उत्क्रमित मध्य विद्यालय, शांति आश्रम (पूर्वी भाग एवं पश्चिमी भाग) मतदान केन्द्र संख्या 212,213 राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कैमो लोहरदगा मतदान केन्द्र संख्या 203, 204 राजकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुजरा मतदान केन्द्र संख्या 205 प्राथमिक विद्यालय, हेंदलासो एवं मतदान केन्द्र संख्या 198 199 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हेसल का निरिक्षण किया गया मतदान केन्द्रों में उपस्थित बी0एल0ओ0 एवं बी0एल0ओ0 सुपरवाईजर से प्रपत्र 6,7,8 भरने की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई मतदाता सूची में अंकित कुल मतदाताओं की संख्या एवं अनुभाग का मिलान किया गया जिसमें मतदान केन्द्र संख्या 212 में त्रुटि पाई गई जिसे ठीक करवाने के लिए बीएलओ सुपरवाईजर एवं ई0आर0ओ0 को निदेश दिया गया। औचक निरीक्षण के क्रम में बीएलओ रजिस्टर में इन्ट्री के साथ-साथ मृत, स्थानांतरित मतदाताओं की भी जानकारी ली गई। बीएलओ सुपरवाईजर को यह भी निदेश दिया गया कि कोइ भी योग्य मतदाता छूटे नहीं एवं मृत, स्थानांतरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से अवश्य हटाया जाय। मतदान केन्द्रों में AMF के तहत रेम्प, शौचालय, पेयजल, बिजली की सुविधा को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी लोहरदगा अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा, नारायण राम, एवं HDM जसवंत राम, अरूण गाड़ी साथ में उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी जी के खूंटी आगमन के निमित्त, भाजपा की बैठक सम्पन्न

**➲10 हजार की संख्या में सिमडेगा के भाजपा कार्यकर्ता भाग लेंगे, मोदी जी के सभा में : लक्ष्मण बड़ाईक**

**➲आजाद भारत के 70 वर्षों के बाद भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली पर कोई प्रधानमंत्री आ रहा है : शैलेन्द्र सिंह**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आगामी 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा जयंती झारखंड स्थापना दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के पुनीत अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थल उलिहातू खूंटी में यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन के उपलक्ष में झारखंड स्थापना दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री जी का आगमन खूंटी में हो रहा है इसे लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है, सिमडेगा से 10000 भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।उलिहातू में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद खूंटी में एक विशाल जनसभा को प्रधानमंत्री जी संबोधित करेंगे साथ ही विकसित भारत यात्रा रथ को रवाना करेंगें। वही बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि झारखंड के लिए गौरव का छन है की झारखंड स्थापना दिवस भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी का आगमन भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थल उलिहातू के धरती पर हो रहा है। आजाद भारत के 70 वर्षों में आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की सुधि नहीं ली,पर आजादी के 70 वर्षो के बाद भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थल पर पधार रहे हैं जहां से वह भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए खूंटी में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि झारखंड के तमाम जनजाति एवं मूल वासियों सभी जनता के लिये ये हर्ष का विषय है कि तमाम तरह की व्यवस्तताओं के यशस्वी प्रधानमंत्री का आगमन भगवान बिरसा मुंडा के उद्गम स्थल पर हो रहा है यह गौरव की बात है।

## चलते चलते एक नजर

### हॉकी को बढ़ावा देने के लिए जेएसडब्ल्यू और एएचएफ के बीच एमओयू




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिला इंपावरमेंट एशिया हॉकी टीम को बढ़ावा देने, खेल को प्रोत्साहित करने खासकर एशिया में हॉकी फेडरेशन के सभी सिलेक्टेड खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जेएसडब्ल्यू और एएचएफ के बीच एमओयू किया गया । इस मौके पर भारतीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष तैयब इकराम और भारतीय हॉकी फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष योकायामा हीडी, जेएसडब्ल्यू के अध्यक्ष संगीता जिंदल और पार्थ जिंदल सहित मलेशिया, थाईलैंड हॉकी टीम के कई खिलाड़ी मौके पर मौजूद थे । इन सबों की उपस्थिति में एमओयू किया गया। संगीता जिंदल ने बताया कि एशिया में हॉकी को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और खेल प्रेमियों के प्रति उत्साह जगाना । इसके अलावा हॉकी के लिए एक बड़ा सा स्टेडियम हो और आने वाले 2036 में ओलंपिक हॉकी का मेजबानी भारत करें ऐसी उम्मीद करते हैं।

### छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव के दिन झारखंड के कामगारों को भी मिलेगा अवकाश

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छत्तीसगढ़ में दो चरणों में सात और 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। दो दिनों बाद वहां होने वाले इस चुनाव को देखते झारखंड के कामगारों को भी सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड ने 30 अक्टूबर को निर्देश जारी किया था। राज्य के श्रम, नियोजन विभाग ने रविवार को बताया है कि छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव के दिन झारखंड के कामगारों को भी अवकाश मिलेगा। वैसे कामगार जो छत्तीसगढ़ के वोटर हैं और छत्तीसगढ़ से सटे झारखंड के सीमावर्ती जिलों के विभिन्न प्रतिष्ठानों, दुकानों में काम करते हैं, उन पर यह सुविधा लागू होगी। श्रम विभाग के मुताबिक 7 और 17 नवंबर के लिए यह विशेष व्यवस्था होगी। दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम 1953 से आच्छादित सभी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में कार्यरत छत्तीसगढ़ के कामगारों को अधिनियम की धारा 12-ए के तहत इन तिथियों ( 7 और 17 नवंबर) को सवैतनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# सत्ता सुख के लिए लालू की गोद में जा बैठे हैं नीतीश: अमित शाह

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर :** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के पताही हवाई अड्डा मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसभा को रविवार को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता का सुख भोगने के लिए लालू की गोद में जा बैठे हैं नीतीश।गृह मंत्री अमित शाह ने आज भारत माता की जय के नारों के साथ लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा की मैं छठ मईया से प्रार्थना करता हूं कि आने वाले समय में बिहार जंगलराज और पलटूराम से मुक्त हो। ये भूमि खुदी राम बोस, जुब्बा सहनी, पंडित सहदेव जैसे क्रांतिकारियों की है ।



इन तीनों क्रांतिकारियों को मैं प्रणाम करता हूं।अमित शाह ने कहा कि 2025 में इस बार बिहार में भाजपा की सरकार बनानी है। क्योंकि जब आपने लालू के जंगलराज के खिलाफ वोट दिया था ये पलटूराम पीएम बनने के लिए बिहार के जनादेश के साथ धोखा किया है। मोदी जी के नेतृत्व में जी-20 हुआ, जिसमें दिल्ली घोषणा पत्र को सभी देशों ने सर्वसम्मति से स्वीकार करके मोदी जी को सम्मान देने का काम किया है। नीतीश कुमार ने बिहार की जनता के जनादेश का अपमान किया है जबकि मोदी जी ने आतंकवाद का खात्मा करने का काम किया है। राजद और जदयू धारा-370 हटाने के पक्ष में नहीं थी। कहा था कि धारा-370 हटाओगे तो खून की नदियां बहेगी। लेकिन हमने लालू जी को कहा था कि किसी की हिम्मत नहीं है कि एक पत्थर भी कश्मीर में चलाए।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि विपक्ष के लोग नरेन्द्र मोदी का लगातार विरोध कर रहे हैं। नीतीश कुमार सत्ता का सुख भोगने के लिए लालू की गोद में जा बैठे हैं।

## एडीजी अभियान आज आपराधिक कांडों की करेंगे समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर सोमवार छह नवंबर को चार वर्षों से अधिक समय से लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। यह समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये होगी। इसको लेकर एटीएस और सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है। लिखे पत्र में कहा गया है कि एडीजी अभियान सह अध्यक्ष मार्गदर्शन एवं अनुवीक्षण समिति सोमवार को 1¬30 बजे लंबित कांडों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेगी। सभी एसपी को लंबित अकाउंट से संबंधित आंकड़ों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया गया है। लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी है।




इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, उपाध्यक्ष, आईजी और सीआईडी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया है जबकि सभी रेंज के डीआईजी इसके सदस्य है। पुराने लंबित आपराधिक मामलों के निष्पादन में तेजी आयी है। अब तक राज्य के 90 प्रतिशत से लंबित कांडों का निष्पादन पुलिस पदाधिकारियों ने पूरा कर लिया है।

## छत्तीसगढ़ में भाजपा के नेतृत्व में काम करने वाली सरकार बनाएं : बाबूलाल मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची/छत्तीसगढ़:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने छत्तीसगढ़ के केशकाल विधानसभा क्षेत्र में रविवार को भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ टेकाम के पक्ष में बहिगांव और मुरवेल में जनसभाओं को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आप केवल प्रत्याशी नहीं चुनने जा रहे, बल्कि एक सरकार चुनने जा रहे। इसलिए पूरी सावधानी के साथ ठोक बजाकर आप सरकार बनाएं।

उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार की गर्त में डूबा दिया। कांग्रेस पार्टी का यह पुराना इतिहास है। कांग्रेस की सरकार को जनता को सेवा से कुछ भी लेना देना नही।कांग्रेस की सरकार कमाने के लिए होती है जबकि भाजपा की सरकार काम करने के लिए बनती है। उन्होंने कहा कि जनता में जब अवसर दिया तो अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने अलग छत्तीसगढ़ राज्य का सपना साकार किया। भाजपा की प्रदेश सरकार ने कई लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई लेकिन भूपेश बघेल सरकार ने राज्य को घोटाले का राज्य बना दिया। अब तो महादेव ऐप घोटाले में यह साफ हो गया कि घोटाले के तार दुबई से भी जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को आजाद भारत में सर्वाधिक सम्मान भाजपा की सरकारों ने दिया है। अटल की सरकार ने अलग आदिवासी मंत्रालय बनाए। नरेन्द्र मोदी सरकार में आठ आदिवासी समाज के मंत्री है जो एक रिकॉर्ड है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया।

## दिल्ली में प्रदूषण के कारण प्राइमरी स्कूल बंद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश की राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में दिल्ली में प्राइमरी स्कूलों को 10 नवंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया है। दिल्ली में पांचवीं तक के सभी स्कूल बंद रेहेंगे। दिल्ली सरकार ने बढ़ते प्रदूषण को लेकर निर्णय लिया है। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने एक्स पर लिखा कि चूंकि प्रदूषण का स्तर लगातार ऊंचा बना हुआ है, इसलिए दिल्ली में प्राथमिक स्कूल 10 नवंबर तक बंद रहेंगे। ग्रेड 6-12 के लिए स्कूलों को ऑनलाइन कक्षाओं में शिफ्ट होने का विकल्प दिया गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा, केंद्र सरकार के आकड़े बताते हैं कि पंजाब में पराली पिछले साल से कम जलाई गई है। पंजाब के पराली के धुएं का दिल्ली पर उतना असर नहीं है, जितना हरियाणा और उत्तर प्रदेश का है क्योंकि हवा में गति ही नहीं है। हवा



चलेगी तभी तो पंजाब का धुंआ दिल्ली तक आएगा। अभी दिल्ली में चारों ओर का धुआं आया है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश की पराली का धुआं दिल्ली पहुंच रहा है।सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी फोरकास्टिंग के अनुसार, लगातार चौथे दिन रविवार को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता %गंभीर% श्रेणी में रही, हालांकि समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली गिरावट के साथ शनिवार को 504 के मुकाबले 410 दर्ज की गई। सफर इंडिया द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, लोधी रोड क्षेत्र में वायु गुणवत्ता 385 (बहुत खराब) दर्ज की गई, जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय क्षेत्र में 456 (गंभीर) है। कालिंदी कुंज क्षेत्र से एएनआई ड्रोन कैमरा फुटेज में हवा में धुंध की एक मोटी परत दिखाई दी।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, रविवा सुबह दिल्ली के आया नगर में एक्यूआई 464, द्वारका सेक्टर-8 में 486, जहांगीरपुरी में 463 और आईजीआई एयरपोर्ट (टी3) के आसपास एक्यूआई 480 दर्ज किया गया है।

### सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेन्सी द्वारा निर्मित विभिन्न एप एवं पोर्टल का सीएम ने किया शुभारम्भ

# डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में निरंतर आगे बड़ रहा है उत्तराखंड : सीएम धामी

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए डिजिटल नवाचार से सुशासन की ओर के अन्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेन्सी द्वारा निर्मित विभिन्न एप एवं पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ग्राम प्रधानों को डिजिटल साक्षर बनाने की दिशा में कराये गये प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट वितरित किए तथा सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेन्सी द्वारा निर्मित कई एप्लीकेशन तथा पोर्टलों में अतिरिक्त सेवाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम डिजिटल क्षेत्र में नवाचार का दिन है। आज आमजन को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से



विभिन्न सेवाओं का सरलीकरण कर उन्हें ऑनलाइन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन सेवा के क्षेत्र में नित नए कार्य किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि हमारा राज्य डिजिटल क्षेत्र में एक मॉडल राज्य के रूप में आगे बढ़े इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में आज हमारा राज्य निरंतर आगे बड़ रहा है। डिजिटल दौर में अर्थव्यवस्था के साथ जीवन शैली में भी सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ई गवर्नेंस को प्रमोट करते हुए भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का काम किया है। सरकारी कार्यालय में ऑनलाइन प्रणाली लागू होने से भ्रष्टाचार पर बड़ी चोट हुई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया के अंतर्गत ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। आज भारत के प्रत्येक क्षेत्र में डिजिटल ट्रांजेक्शन पेमेंट की सुविधा मौजूद है। इस दौरान कार्यक्रम में विधायक दुर्गेश्वर लाल, अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन, सचिव शैलेश बगौली, सचिव वित्त डॉ. वी. षणमुगम, विशेष सचिव गृह रिद्धिम अग्रवाल, महानिदेशक यू कास्ट प्रो. दुर्गेश पंत, निदेशक आईटीडीए श्रीमती नितिका खण्डेलवाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### मणिपुर में 3.1 तीव्रता का भूकंप

**इंफाल** : मणिपुर के चुराचांदपुर इलाके में रविवार की शाम 5 बजकर 42 मिनट 4 सेकेंड पर 3.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के चलते लोगों में दहशत फैल गई। सिस्मोलॉजी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में 30 किमी जमीन के नीचे बताया गया है। भूकंप का एपिक सेंटर 24.23 उत्तरी अक्षांश तथा 93.73 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था।



# बीजेपी ने 35 नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी के विरोध में काम करने वाले और पार्टी लाइन से अलग चलने वाले नेताओं के खिलाफ बीजेपी ने कड़ा एक्शन लिया है. बीजेपी ने 35 नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया.




बीजेपी ने श्योपुर से बिहारी सिंह सोलंकी, मुरैना से रुस्तम सिंह, राकेश सिंह गुर्जर, भिंड के अटेर से मुन्ना सिंह भदौरिया, भिंड के लहार से रसाल सिंह, गुना के चाचौड़ा ममता मीणा, टीकमगढ़ से केके श्रीवास्तव, छतरपुर के राजनगर से घासीराम पटेल, छतरपुर के मलहरा से करन लोधी, निवाड़ी से नंदराम कुशवाह, दमोह से शिवचरण पटेल, पन्ना के गुनौर से अनीता बागरी, सतना के चित्रकूट से सुभाष शर्मा डॉली को निकाल दिया है. इसी तरह पार्टी ने सतना से रत्नाकर चतुर्वेदी, सतना के रैगांव से रानी बागरी, सीधी से केदारनाथ शुक्ला, सिंगरौली से चंद्रप्रताप विश्वकर्मा, शहडोल से जयसिंहनगर फूलवती, अनूपपुर से छोटे सिंह, कटनी के मुड़वारा से ज्योति दीक्षित, कटनी के बड़वारा से गीता सिंह, कटना मुड़वारा से संतोष शुक्ला, छिंदवाड़ा के सौंसर से प्रदीप ठाकरे, नर्मदापुरम से भगवती चौरे, हरदा से सुरेंद्र जैन, खंडवा के मांधाता से शिवेंद्र तोमर, बुरहानपुर के नेपानगर से रतिलाल चिल्हात्रे, बुरहानपुर से हर्षवर्धन सिंह चौहान, अलीराजपुर के सुरेंद्र ठकराल, अलीराजपुर के जौबट से माधव सिंह डाबर, इंदौर के देपालपुर से राजेंद्र चौधरी, आगर के सुसनेर से संतोष जोशी, उज्जैन के महीदपुर से प्रताप आर्य, उज्जैन के बड़नगर से कुलदीप बना और नीमच के जावद से सुराना बाई को निष्कासित कर दिया.

# राजस्थान विस चुनाव : भाजपा की पांचवी सूची जारी



एजेंसी

**जयपुर :** विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी है। इस सूची में 15 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव और पत्रकार गोपाल शर्मा को भी उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने दो विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीद्वारों को बदल दिया है। पार्टी ने जयपुर की चर्चित सीट किशनपोल से एक नए चेहरे को उतारा है। करीब एक हफ्ते पहले भाजपा में शामिल होने वालीं पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल को टिकट नहीं मिला है। चुनाव के लिए पार्टी अब तक 197 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।

अब तीन सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा होना शेष है। भाजपा की सूची के अनुसार हनुमानगढ़ से अमित चौधरी, कोलायत से अंशुमान सिंह भाटी, सरदारशहर से राजकुमार रिणवा, शाहपुरा से उपेन यादव, सिविल लाइन्स से गोपाल शर्मा, किशनपोल से चंद्रमोहन बटवाड़ा, आदर्श नगर रवि नैयर, भरतपुर से विजय बंसल, राजाखेड़ा से निरजा अशोक शर्मा, मसूदा से अभिषेक सिंह, शेरगढ़ से बाबूसिंह राठौड़, मावली से केजी पालीवाल, पिपल्दा से प्रेमचंद गोचर, कोटा उत्तर से प्रहलाद गुंजल और बारां- अटरु से राधेश्याम बैरवा को उम्मीदवार बनाया गया है।भाजपा ने कोलायत (बीकानेर) से भाजपा के दिग्गज नेता देवीसिंह भाटी के परिवार में पहले से दिए गए टिकट को बदल दिया है। उनकी बहू की जगह उनके पोते को टिकट दिया गया है। वहीं, बारां-अटरू से सारिका चौधरी की स्थान पर राधेश्याम बैरवा को उम्मीदवार बनाया है। अब बाड़ी, बाड़मेर और पचपदरा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवारों के नाम घोषित होना शेष है। भाजपा ने पहली लिस्ट में 41, दूसरी लिस्ट में 83 और तीसरी-चौथी लिस्ट में 60 उम्मीदवार घोषित किए थे।

### हेमंत सरकार दिसंबर तक शायद ही बरकरार रहे : सरयू राय

**रांची:** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के मुख्य संरक्षक और विधायक सरयू राय ने कहा कि जो संकेत मिल रहे हैं, उससे प्रतीत होता है कि झारखंड की हेमंत सरकार दिसंबर तक शायद ही बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विधि सम्मत तरीके से काम नहीं कर रही है। करप्शन तेजी से ब? रहा है और सरकार से शिकायत करने के बावजूद कोई असर नहीं हो रहा है। वह रविवार को कृष्णा पैलेस में मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित प्रतिनिधि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सरयू राय ने कहा कि लोग ईडी की मंशा पर सवाल उठाते हैं लेकिन मेरा सवाल यह है कि ईडी ने जिनके विरुद्ध भी कार्रवाई की है, उस कार्रवाई में कोई मीन-मेख निकला हो तो उसे सार्वजनिक करना चाहिए। कोई भ्रष्टाचार कर रहा है तो ईडी कार्रवाई करेगी ही। यदि किसी को लगता है कि ईडी की कार्रवाई में कोई ग?ब?ी है तो सप्रमाण उसे पब्लिक डोमेन में रखें।

# शक्ति सनातन का साध्वी ऋतंभरा ने किया शक्ति सनातन लोकार्पण

एजेंसी

**गोरखपुर :** वाराणसी में आयोजित संस्कृति संसद के मंच से हेरिटेज फाउंडेशन की संरक्षिका एवं गोरखपुर रत्न से सम्मानित साहित्यकार डॉ. अनिता अग्रवाल की पुस्तक 'शक्ति सनातन' का लोकार्पण हुआ। प्रख्यात संत व प्रखर वक्ता साध्वी ऋतंभरा ने पुस्तक का विमोचन किया। सनातन संस्कृति में स्त्री की भूमिका पर आधारित इस पुस्तक को संस्कृति पर्व प्रकाशन ने प्रकाशित किया है।संस्कृति संसद के मातृ सत्र में हुए इस लोकार्पण समारोह में देश प्रख्यात संत और विद्वान उपस्थित थे। मंच पर प्रख्यात लेखक मधु किश्वर, राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण पदक विजेता बबिता फोगट, सोमा, अनंत विजय समेत अनेक विद्वान मौजूद रहे। साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि सनातन सस्कृति में महिलाओं की भूमिका को रखांकित करने



वाली इस पुस्तक को हर स्त्री-पुरुष को पढ़ना चाहिए। इससे उन्हें विचार करने की एक नई दृष्टि मिलेगी।हेरिटेज फाउंडेशन की संरक्षिका एवं गोरखपुर रत्न से सम्मानित डॉ. अनिता अग्रवाल ने अपनी पुस्तक के विमोचन पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन सब का स्नेह एवं आशीर्वाद भविष्य में भी उन्हें सनातन की सेवा करने के लिए नई प्रेरणा प्रदान करेगा। डॉ. अनिता अग्रवाल का अब तक कविता संग्रह नींद टूटने तक, बसंत में बारूद, नदी का सच, स्मृतियों का वातायन, सांस्कृतिक निबंध बारहमासा एवं नेगचार सगुन, सुंदरकांड का राजस्थानी में अनुवाद, दुर्गासप्तशती का मारवाड़ी बोली में अनुवाद और ताजा पुस्तक शक्ति सनातन शामिल है।इसके पूर्व संस्कृति संसद के प्रथम सत्र में संस्कृति पर्व पत्रिका के 'संस्कृति संसद विशेषांक' का लोकार्पण विश्व हिंदू परिषद के आलोक, दिनेश, धर्म जागरण मंच के अशोक तिवारी और पद्म विभूषण गोपीचंद पुलेला की उपस्थिति में किया गया। इस विशेष अंक के अतिथि संपादक इस संस्कृति संसद के आयोजक गंगा महासभा के राष्ट्रीय मंत्री और अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती एवं संस्कृति पर्व के संस्थापक संपादक संजय तिवारी भी उपस्थित रहे।